नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

- वर्ष : 13
- अंक : 36
- सोमवार, 09 से 15 अक्टूबर 2023
- मूल्य : 5 रू प्रति
- रू 250 वार्षिक



कांग्रेस ने ली प्रतीज्ञा, सातों सीटों पर भाजपा को हराएंगे 03

मुफ्त की रेवड़ी पर रोक की जरूरत 08



# NCR समाचार



बड़े मंच पर पाकिस्तान फिर फेल,भारत सबसे बड़ी जीत के साथ शीर्ष पर 10

आजमा कर देखें सेहत के लिए असरदार दवा है म्यूजिक थेरेपी 11




इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in | BY C.R.O. TEAM | twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



महाभारत में कुंती पुत्र कर्ण के रोल में दिखाई देंगे शाहिद 12


## एक नजर

### ईडी ने महाराष्ट्र में 315 करोड़ रुपये की 70 संपत्तियां जब्त कीं

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, सिल्लोड, जलगांव और कच्छ आदि इलाकों में कार्रवाई करते हुए 315 करोड़ रुपये की 70 संपत्तियों को जब्त किया है।

सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम ने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरएल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड, मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य बैंक धोखाधड़ी मामलों में 13 अक्टूबर से मुंबई, ठाणे, जलगांव सहित 70 जगह पर कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने कुल 315 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

इससे पहले ईडी की टीम ने अगस्त महीने में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन के जलगांव स्थित राजमल लखीचंद ज्वैलर्स पर छापा मारा था। 24 घंटे तक गहन तलाशी के बाद ईडी ने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसी मामले के तहत ईडी ने सूबे में विभिन्न जगह कार्रवाई कर 315 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

### दिल्ली के पास फरीदाबाद में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** हरियाणा के फरीदाबाद में रविवार शाम चार बजकर आठ मिनट पर 3.1 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। इसने कहा कि भूकंप का केंद्र फरीदाबाद से नौ किलोमीटर पूर्व और दिल्ली से 30 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में था। भूकंप से लोगों में दहशत उत्पन्न हो गई, जबकि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने फर्नीचर में कंपन होने की जानकारी दी। कई सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने लोगों के आवासीय भवनों से बाहर निकलने के दृश्य साझा किए। इससे पहले तीन अक्टूबर को, दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए थे। इसमें सबसे तेज झटके की तीव्रता 6.2 थी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ओ पी मिश्रा के अनुसार, भारत भूकंपीय दृष्टि से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है, लेकिन हर दिन बहुत सारे कम तीव्रता के भूकंप आने से, संग्रहीत ऊर्जा निकल जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि लोग और संस्थाएं संरचनाएं बनाने के लिए उपनियमों और संहिताओं का सख्ती से पालन करें, तो बड़े पैमाने पर भूकंप के प्रभाव को कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी इमारत की कंपन आवृत्ति भूकंप के दौरान होने वाली क्षति के स्तर को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# मप्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

**○ कमलनाथ-बघेल समेत कई बड़े नाम शामिल ○ शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अभिनेता विक्रम मस्ताल को टिकट**

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों के लिए रविवार को क्रमशः 144, 30 और 55 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें कमलनाथ, भूपेश बघेल और ए रेवंत रेड्डी समेत कई बड़े चेहरे शामिल हैं।

पार्टी ने नवरात्रि के पहले दिन इन तीनों राज्यों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राजस्थान और मिजोरम विधानसभा चुनावों के लिए भी कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है।

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा की जिन 144 सीटों के लिए रविवार को उम्मीदवार घोषित किए, उनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे। वर्तमान में भी वह इसी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

वहीं, मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को भी उनके वर्तमान विधानसभा क्षेत्र लहार से



उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल को सिहावल, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राउ और उमंग सिंघार को गंधवानी से टिकट दिया गया है।

गत 13 अक्टूबर को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने बैठक कर उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई थी। बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा था कि श्राद्ध खत्म होने के साथ ही नवरात्रि के पहले दिन उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की जाएगी।

प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब तक 136 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। उसने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पार्टी के कई अन्य सांसदों को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा जिले के बुधनी से किस्मत आजमाएंगे।

मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी।

वर्ष 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 230 सदस्यीय विधानसभा में 114 सीटें जीती थीं और गठबंधन सरकार बनाई थी। भाजपा को इस चुनाव में 109 सीटें हासिल हुई थीं।

हालांकि, ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के एक गुट के विद्रोह के चलते कमलनाथ अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और मार्च 2020 में उनके नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। सिंधिया गुट के विधायकों के समर्थन से बाद में भाजपा सत्ता में लौटी और शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बने।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए जिन 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री बघेल अपने वर्तमान विधानसभा क्षेत्र पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और उनके रिश्तेदार विजय बघेल उन्हें चुनौती देंगे।

वहीं, उपमुख्यमंत्री सिंहदेव को भी उनके वर्तमान विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर से उम्मीदवार बनाया गया है। राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग-ग्रामीण, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को सक्ती और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को कोंडागांव से टिकट दिया गया है।

छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में अभी कांग्रेस की सरकार है। वहीं, भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है।

राज्य में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 68 सीटें जीतकर 15 साल बाद सत्ता में वापसी की थी। वहीं, भाजपा को इस चुनाव में 15 सीटें हासिल हुई थीं।

कांग्रेस ने रविवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भी 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को कोडंगल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, विक्रमार्क को मधीरा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को हुजूरनगर से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता अंजन कुमार यादव को मुशीराबाद से टिकट दिया गया है।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने 13 अक्टूबर को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई थी।

तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 30 नवंबर को मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी।

तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे चुनौती देने का प्रयास कर रही हैं।

राज्य में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में बीआरएस (तत्कालीन टीआरएस) ने 88 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी थी। वहीं, कांग्रेस को 19 और एआईएमआईएम को सात सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा था।

# पी-20 संपन्न, बिरला ने ब्राजील को सौंपी कमान

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** जी-20 देशों के संसदीय पीठासीन अधिकारियों का नौवां पी-20 सम्मेलन हरित ऊर्जा, महिला नीत विकास, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करने के संकल्प के साथ शनिवार को यहां संपन्न हो गया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पी-20 की कमान ब्राजील के चैंबर ऑफ डेप्युटीज के अध्यक्ष आर्थर सीजर परेरा डी लीरा को सौंप दी।

यहां यशोभूमि में आयोजित दो दिवसीय पी-20 शिखर सम्मेलन में आज के आखिरी सत्र में श्री बिरला ने संयुक्त वक्तव्य के सर्वसम्मति से स्वीकार होने की घोषणा की और कहा कि संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से मंजूरी मिलना पी-20 की प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा, मेरे विचार में यह सम्मेलन जी-20 प्रक्रिया में संसदीय दृष्टिकोण को स्थापित करने में सफल रहा। भारत के लिए यह अत्यंत गौरव एवं सम्मान का विषय है कि जिस प्रकार जी-20 शिखर सम्मेलन में घोषणापत्र पर सर्वसम्मति बनी, उसी प्रकार एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसदें विषय पर आयोजित सम्मेलन में सर्वसम्मति बनी और हम संयुक्त वक्तव्य की घोषणा करने में सफल रहे। पी-20 का संयुक्त वक्तव्य एक पृथ्वी-एक परिवार - एक भविष्य पर संसदों की साझी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।





### तुर्की की ग्रैंड नेशनल असेंबली के स्पीकर के साथ द्विपक्षीय भेंट

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तुर्की की ग्रैंड नेशनल असेंबली के स्पीकर, महामहिम कुर्तुलमस के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बिरला ने पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कुर्तुलमस को धन्यवाद देते हुए महात्मा गांधी के बारे में उनके विचारों की सराहना की। भारत और तुर्की के बीच ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि सूफी और भक्ति परंपराएं दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत हैं। उन्होंने आगे कहा कि तुर्की और भारत के संबंध दोनों देशों के सांसदों और लोगों के प्रयासों से और मजबूत होंगे। इस बात का उल्लेख करते हुए कि ऑपरेशन दोस्त तुर्की के प्रति भारत की मित्रता का प्रतीक है। बिरला ने आशा व्यक्त की कि तुर्की हाल ही में आए भूकंप से हुए नुकसान से जल्दी ही उबर जाएगा। तुर्की में लगातार बढ़ रही भारतीय फिल्मों की शूटिंग के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि भारत में तुर्की डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए भी लोकप्रिय हुआ है।

### आईपीयू अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय भेंट

पी20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के प्रेसिडेंट दुआर्ते पचेको से आज मुलाकात की। बिरला ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने और इसका समर्थन करने और लोगों की सेवा के लिए सशक्त संसदों के निर्माण के आईपीयू के एजेंडा में इसके साथ है। बिरला ने सुझाव दिया कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों और बहुपक्षवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और वैश्विक मंचों पर सभी को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए।

### यूरोपीय संघ की संसद की वाइस प्रेसीडेंट के साथ द्विपक्षीय भेंट

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यूरोप की संसद की वाइस प्रेसीडेंट निकोला बीयर के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की। इस अवसर पर बिरला ने भारत की संप्रभुता की बात करते हुए भारत के आंतरिक मुद्दों पर यूरोपीय संसद में प्रस्ताव लाने का विरोध किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर देश और संसद संप्रभु हैं और उनके आंतरिक मुद्दों पर दूसरों को चर्चा नहीं करनी चाहिए। बीयर ने पी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बिरला को बधाई दी और भारत के साथ यूरोपीय संसद के घनिष्ठ संबंधों की बात की । उन्होंने यह भी बताया कि यूरोप चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है और भारत से उन्होंने सहयोग का अनुरोध किया। बिरला ने बीयर को अगले वर्ष भारत के आम चुनावों के दौरान लोकतंत्र के उत्सव को देखने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि दो दिनों में इस सम्मेलन में वर्तमान वैश्विक चुनौतियों एवं विषयों पर संसदों की भूमिका पर सारगर्भित चर्चा हुई। बैठक में इन चुनौतियों पर अपने अनुभवों को साझा किया गया तथा इनके समाधान के लिए संसदें किस प्रकार भविष्य के रोडमैप पर काम कर सकती हैं, अपने-अपने देशों में संसदें किस प्रकार वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकती हैं, उसपर भी विचार रखे गये। श्री बिरला ने कहा, मुझे विश्वास है कि एसडीजी, हरित ऊर्जा, महिला नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर चार विषयगत सत्रों पर आपके बहुमूल्य विचार और इनपुट मानव केंद्रित कल्याण के लिए जी-20 प्रक्रिया को और मजबूत करने में योगदान देंगे। इन दो दिनों में आप सभी ने जो विचार रखे हैं और जो सुझाव दिये हैं, हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि जो अच्छे सुझाव यहाँ सामने दिए गए हैं, हम उनके क्रियान्वयन पर विचार करें, उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सकती है, इसके लिए प्रयास करें।

# अडाणी समूह के दो हवाई अड्डों के खातों की जांच सिर्फ दिखावा : कांग्रेस



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मुंबई में अडाणी एंटरप्राइजेज के दो हवाईअड्डों के खातों की कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा कथित जांच को शनिवार को 'आंख में धूल झोंकने वाला' और 'दिखावा' करार दिया तथा फिर से यह मांग दोहराई कि अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच करानी चाहिए।

अमेरिकी कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ 'अनियमितताओं' और स्टॉक मूल्य में हेरफेर का आरोप लगाए जाने के बाद से कांग्रेस इस कारोबारी समूह पर निरंतर हमलावर है और आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की मांग कर रही है। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया है। उसका कहना है कि उसकी ओर से कोई गलत काम नहीं किया गया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को एक खबर का उल्लेख किया जिसमें अडाणी एंटरप्राइजेज के हवाले से कहा गया है कि कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में इस कारोबारी समूह के स्वामित्व वाले दो हवाई अड्डों के खातों की जांच कर रहा है।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "जैसा कि अडाणी समूह के मामले में तथ्य रोजाना सामने आ रहे हैं, सरकार 'पीआर मोड' में जाकर अपना चेहरा बचाने की पूरी कोशिश कर रही है, ताकि यह दिखाया जा सके कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसंदीदा कारोबारी समूह के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।" उन्होंने सवाल किया कि सरकार इस बात की जांच कब करेगी कि नीति आयोग और आर्थिक मामलों के विभाग की आपत्तियों के बावजूद अडाणी समूह को छह में से छह हवाई अड्डे कैसे दिए गए?

रमेश ने कहा, "यह जांच कब की जाएगी कि ईडी और सीबीआई ने मुंबई हवाई अड्डे के पिछले मालिकों पर उस वक्त छापा क्यों मारा, जब वे अडाणी समूह को हवाई अड्डे के परिचालन का स्वामित्व बेचने के लिए तैयार नहीं थे और प्रधानमंत्री के सबसे करीबी दोस्त द्वारा भारत के दूसरे सबसे व्यस्त हवाई अड्डे का नियंत्रण लेने के बाद मामला कैसे ठंडे बस्ते में चला गया? कांग्रेस नेता ने कहा कि इस तरह के 'दिखावे' और 'आंख में धूल झोंकने' से काम नहीं चलेगा, क्योंकि जेपीसी जांच से ही 'मोडानी महाघोटाले' की सच्चाई सामने आ सकती है।

# देश तेजी से बदल रहा है, हमें भी वक्त के साथ बदलना चाहिए- सीजेआई

एनसीआर समाचार

**जयपुर।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश बहुत तेजी से बदल रहा है और तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग हो रहा है। ऐसे में न्यायपालिका को भी वक्त के साथ बदलना चाहिए। हमें नई तकनीक के इस्तेमाल को लेकर हिचक नहीं होनी चाहिए। वीसी के जरिए एक जगह बैठा हुआ वकील देश की किसी भी अदालत में पैरवी कर सकता है। आज लिफ्टमैन, ड्राइवर की संतान सीए, कंप्यूटर इंजीनियर और चिकित्सक हैं। यह भारत के बदलाव का नया चेहरा है। उन्होंने आरटीआई कानून के लिए किए गए आंदोलन का हवाला देते हुए कहा कि इसके कारण ही पारदर्शिता का कानून लागू हो पाया है। सीजे चन्द्रचूड शनिवार को राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना को लेकर आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश की न्यायपालिका में कोविड के दौरान आए बदलाव का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान राजस्थान हाईकोर्ट ने वीसी के जरिए देशभर में ज्यादा केसों की सुनवाई की। वहीं उन्होंने राजस्थान के जिला



न्यायालयों में महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढोतरी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश के 1344 न्यायिक अफसरों में से 562 महिला न्यायिक अफसर हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 की न्यायिक अफसर भर्ती में चयनित 120 न्यायिक अफसरों में से 71 महिलाएं हैं। हालांकि उन्होंने हाईकोर्ट में वकील कोटे से केवल दो महिला जजों की नियुक्ति होने पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि वकालत के पेशे में महिलाओं को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रायल कोर्ट को अधीनस्थ अदालत कहने के बजाए जिला न्यायालय कहना चाहिए। उन्होंने जोधपुर मुख्यपीठ व जयपुर पीठ में वीसी के जरिए एक ही केस की सुनवाई दो जजों द्वारा एक साथ करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह तकनीक के उपयोग का अच्छा उदाहरण है।

पेपर लैस कोर्ट व टेलीग्राम चैनल लांच-समारोह के दौरान सीजेआई ने हाईकोर्ट और जयपुर की कमर्शियल कोर्ट को पेपर लैस करने की लांचिंग की। इसके अलावा वकीलों व पक्षकारों को सूचनाएं मुहैया कराए जाने के लिए टेलीग्राम चैनल भी लांच किया गया। वहीं प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के लिए लोगो एंड मोटो भी लांच किया गया।

इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एस रविन्द्र भट्ट ने कहा कि यह प्रदेश दुनिया के 133 देशों से बडा है। यहां कि अपनी समस्याएं हैं। यहां कुल 353 कोर्ट कॉम्पलेक्स हैं, जिनमें संसाधनों की पहुंच बनाना कठित हैं। इसके बावजूद भी यहां शानदार काम हो रहा है। उन्होंने सांगानेर खुली जेल की तरह अन्य राज्यों में भी खुली जेल खोले जाने की आवश्यकता की बात कही। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 75 साल की उम्र में व्यक्ति अपने अनुभव नई पीढी से साझा करता है।

हाईकोर्ट भी अब इस उम्र में आ गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंकज मित्थल ने कहा कि यह वह प्रदेश हैं, जहां चेतक के रूप में घोड़े की स्वामिभक्ति की पूजा की जाती है। आज न्यायपालिका का भारतीयकरण किया जा रहा है। दिसंबर माह तक सुप्रीम कोर्ट के 35 हजार फैसलों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा। वहीं भारतीयकरण के तहत सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की साडी में प्रतिमा दर्शाई गई है। जिसके हाथ में तलवार और तराजू ना होकर संविधान की पुस्तक को दिखाया गया है। जरूरत है कि इसके साथ ही गीता की पुस्तक भी दिखाई जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने कहा कि जयपुर में हाईकोर्ट की स्थापना को लेकर जोधपुर के वकीलों का माह के अंतिम दिन न्यायिक बहिष्कार करना उचित नहीं है।

### प्रधानमंत्री मोदी फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता दिखाएं: ओवैसी

**हैदराबाद।** इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील करते हुए कहा है कि फलस्तीन मुद्दा केवल मुसलमानों का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मानवीय मुद्दा है और यह उन सभी से जुड़ा मामला है जो इंसाफ चाहते हैं।


एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715


### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# इजरायल-हमास युद्ध : अब तक 3500 से अधिक लोग मारे गए

**यरुशलम/रामल्ला/गाजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 2,200 से अधिक हो गई है, जबकि 8,700 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमास के हमलों से इजरायल में 1300 लोगों की मौत हो गयी तथा करीब 3400 अन्य घायल हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा, इजरायल के आक्रमण से मरने वालों की संख्या 2,215 तक पहुंच गई है और 8,714 लोग घायल हुए हैं।

गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नौ अक्टूबर को, इजरायल ने 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया तथा साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति में कटौती की। इजरायल ने तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप 1,000 से अधिक लोगों की मौत की सूचना दी है।

हमास आंदोलन की सैन्य शाखा ने शनिवार को कहा कि उसने तेल अवीव की ओर रॉकेट दागे। सैन्य विंग ने एक बयान में कहा, अल-कसम ब्रिगेड नागरिकों के निष्कासन और गोलाबारी के जवाब में तेल अवीव पर रॉकेट दाग रहे हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने आज कहा कि उसने लेबनान से देश की सीमा के भीतर घुसपैठ



की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी समूह को मार गिराया है। आईडीएफ ने कहा, थोड़ी देर पहले सैनिकों ने एक आतंकवादी सेल की पहचान की जिसने लेबनान से इजरायली क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया था।आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादी सेल को निशाना बनाया और कई आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश हमास को नष्ट कर देगा, चाहे इसमें कितना भी समय लगे और युद्ध को अंजाम तक पहुंचाकर रहेगा। श्री नेतन्याहू ने शुक्रवार की रात अपने संबोधन में कहा, यह तो बस शुरूआत है। हमारे दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और इसकी शुरुआत हो गयी है। मैं इससे अधिक कुछ नहीं कहूंगा। यह तो बस शुरूआत है। इजरायल संसद में विपक्ष के प्रमुख नेता येयर लैपिड ने शबात के दौरान अपने संबोधन में इजरायलियों पर चिंता जताते हुए कोई नई जानकारी नहीं देने के लिए श्री नेतन्याहू पर हमला किया।

श्री लैपिड ने आरोप लगाया, इजरायल के प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को एक असामान्य बयान देकर पूरे देश को कैसे उन्माद में डाल सकते हैं। जिसमें बंधकों, उत्तर की ओर से निकासी पर कुछ नहीं बोला जाएगा । उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री को तब तक ऐसे बयान नहीं देने चाहिए जब तक कि उनके पास नई पुष्ट जानकारी न हो।

श्री नेतन्याहू ने अपने संबोधन पर इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बातचीत के माध्यम से इजरायल में अमेरिकी आपूर्ति के साथ ह्वलड़ाई जारी रखना सुनिश्चित कर रहा है।ह्व इसबीच इजरायली सेना और हमास की झड़प में शुक्रवार को वेस्ट बैंक में कम से कम 14 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि फिलिस्तीनी इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और इजराइल के बीच हिंसा के नए दौर के सातवें दिन नब्लस, तुल्कर्म, हेब्रोन और अन्य वेस्ट बैंक शहरों में झड़पें हुईं। मंत्रालय ने कहा कि तुल्कर्म शहर में कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी है।

इजरायली मीडिया ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने कम से कम चार फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिन्होंने तुल्कर्म के पास वेस्ट बैंक सुरक्षा अवरोध को तोड़ने के लिए विस्फोटक उपकरण लगाए हुए थे। इस बीच, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में चल रहे इजरायली सैन्य अभियान की निंदा करने के लिए वेस्ट बैंक के शहरों में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए।

अमेरिका के वाशिंगटन में फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष के बीच दोनों पक्षों के समर्थकों ने उनके समर्थन में रैलियां आयोजित की गईं। दोनों पक्षों के विरोध प्रदर्शनों में करीब कई सौ लोग शामिल थे। इजरायल समर्थकों ने व्हाइट हाउस (फ्रीडम प्लाजा) के पास विरोध प्रदर्शन किया। जबकि फिलीस्तीन समर्थकों ने वाशिंगटन पोस्ट बिल्डिंग के पास विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। फिलिस्तीन समर्थक रैलियां न केवल अमेरिकी राजधानी में हुईं बल्कि इसी तरह की रैलियां शिकागो, न्यूयॉर्क और पोर्टलैंड में भी निकाली गयी हैं।

लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने फिलिस्तीनी इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष और इजरायल के साथ बढ़ते सीमा तनाव के मध्य लेबनान को युद्ध में उतरने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। श्री मिकाती ने एक साक्षात्कार में यह संकेत देते हुए कि हिजबुल्लाह अपना निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि किसी ने उनसे वादा नहीं किया था कि युद्ध नहीं होगा क्योंकि हालात लगातार बदल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युद्ध में जाने या शांति बनाए रखने का निर्णय सरकार द्वारा नहीं किया जाता है। उन्होंने यह इशारा किया कि हिजबुल्लाह एक सशस्त्र लेबनानी सैन्य समूह है जिसने पिछले सप्ताह इजराइल के ऊपर गोलीबारी की थी। वह अपना निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि लेबनान में स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता और चिंता है। श्री मिकाती ने जोर देकर कहा कि इजरायल को हिजबुल्लाह को भड़काना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेबनानी सेना क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के प्रयास में दक्षिणी लेबनान में अग्रिम पंक्ति में खड़ी है।

## वायु सेना में जल्द शामिल होगी स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। इन मिसाइलों के थोक उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है।

वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी. से बढ़ा कर 160 किमी. कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी. की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है।

बीडीएल को स्वदेशी एस्ट्रा एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है।

## रामास्वामी ने रो खन्ना को बताया 'सॉलिड डूड', कहा- उनसे बहस के लिए तैयार

**न्यूयॉर्क।** दूसरी रिपब्लिकन प्राथमिक बहस के बाद राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी की अगली बहस डेमोक्रेटिक कांग्रेसी और साथी भारतीय-अमेरिकी रो खन्ना के साथ नस्ल, पहचान और अमेरिकी सपने पर बहस करने के लिए तैयार हैं।

खन्ना ने एक चतुर इच्छुक डेमोक्रेट के साथ बहस की रामास्वामी की पेशकश को स्वीकार कर लिया और उन्हें एक्स पर लिखाः शिकागो यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स हम दोनों के साथ नस्ल, पहचान और अमेरिकी सपने पर एक सार्वजनिक चर्चा करना चाहता है।

खन्ना ने इस सप्ताह पोस्ट किया, मैंने स्वीकार कर लिया। मुझे लगता है कि अभिव्यक्ति के समर्थक हैं @विवेकजीरामास्वामी?



कैलिफोर्निया के 47 वर्षीय अमेरिकी कांग्रेस सदस्य को सॉलिड डूड की संज्ञा देते हुये 38 वर्षीय रामास्वामी ने जवाब दिया कि उन्हें चर्चा करने में खुशी होगी।

एंटी-वोक क्रूसेडर ने एक्स पर लिखा, आप एक 'सॉलिड डूड' हैं जिनसे मैं कई मुद्दों पर असहमत हूं, और मुझे किसी बिंदु पर चर्चा करने में खुशी होगी। बस इसे अभियान प्राथमिकताओं के संदर्भ में संतुलित करने की आवश्यकता है। यदि आप इसे न्यू हैम्पशायर में करने के इच्छुक हैं तो मुझे मंजूर है।

सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल के अनुसार, बहस ने जीओपी उम्मीदवारों द्वारा उन डेमोक्रेटिक राजनेताओं पर बहस करने का चलन स्थापित कर दिया है, जो वर्तमान में व्हाइट हाउस की रेस में नहीं हैं, लेकिन 2028 में ऐसा कर सकते हैं।

दोनों भारतीय-अमेरिकियों के बीच समझौता तब हुआ जब रामास्वामी ने 27 सितंबर की बहस में उनके और साथी उम्मीदवार क्रिस क्रिस्टी के बीच खुली बहस को रोकने के लिए रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) को एक्स पर फटकार लगाई।

जब एक्स के मालिक एलन मस्क ने मंच पर दो बहसों को लाइव करने का सुझाव दिया, तो रामास्वामी ने 4 अक्टूबर को कहा कि वे आरएनसी नियमों के कारण ऐसा करने में असमर्थ होंगे, लेकिन एक स्मार्ट इच्छुक डेमोक्रेट के साथ ऐसा करेंगे।

रामास्वामी ने कहा कि बहस उनके और राष्ट्रपति पद के स्वतंत्र उम्मीदवार कॉर्नेल वेस्ट के बीच होनी थी, जिन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।

## मुरैना : ऐंती पर्वत पर शनिभक्तों का उमड़ रहा सैलाब

○ केन्द्रीय मंत्री व पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों सहित दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**मुरैना।** शनिश्चरी अमावस्या के दिन भगवान शनिदेव का दर्शन का पुण्य लाभ लेने के लिए ऐंती पर्वत पर श्रद्धालुओं का सैलाब बीती शाम से ही उमड़ रहा है। शनिवार दोपहर होने तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगभग 15 घंटे में भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक कर धर्मलाभ लिया। बीती शाम हिन्दू धर्म के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या का आगमन तिथि में होते ही पूर्ण अभिषेक भगवान शनिदेव पर किया गया।



केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं पूर्व चम्बल संभाग आयुक्त एमके अग्रवाल सहित अन्य धर्मप्रेमी बंधुओं ने भगवान शनिदेव का पूर्ण अभिषेक शुक्रवार की देर रात किया गया। प्रशासन व पुलिस ने श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन तथा सुरक्षा हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की थीं, जिनसे श्रद्धालु अभिभूत हो गये। वहीं श्रद्धालुओं का मानना है कि त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर अपने कष्टों के निवारण व मनोती की गुहार भगवान पूरी करते हैं। इसलिये वह बार-बार भगवान के दर्शन को ऐंती पर्वत पर आते हैं। श्रद्धालुओं का शनि मंदिर पर आना लगातार बना हुआ था। आज रात 12 बजे तक अनवरत श्रद्धालु भगवान शनिदेव के दर्शन करते रहेंगे। श्रद्धालुओं को भगवान शनिदेव की पूजा व दान में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये आधा दर्जन से अधिक स्नानागार, नाई जोन, पुराने कपड़े व जूते दान करने वाले स्थल सहित वाहन पार्किंग व अन्य व्यवस्थायें मुहैया कराई थीं।

जिला कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र चौहान लगातार व्यवस्थाओं का जायजा मंदिर के गर्भगृह से लेकर परिसर तक भ्रमण कर ले रहे थे। भगवान शनिदेव का जन्मदिवस शनिश्चरी अमावस्या को मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह से लेकर बाहर तक आकर्षक सजावट की गई थी।


शनिवार सुबह होते-होते लाखों की संख्या में श्रद्धालु पर्वत पर पहुंच चुके हैं। भगवान शनिदेव के जन्मदिवस शनिश्चरी अमावस्या को श्रद्धालु अपने कष्ट निवारण के लिए भगवान शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक तथा बाल, पुराने कपड़े ,जूते दान कर प्रसन्न करने के मान्यता को पूरा करते हैं। मुरैना के ऐंती पर्वत पर त्रेतायुगीन शनि मंदिर है। श्रद्धालुओं व पुजारी के अनुसार त्रेतायुग में हनुमान जी द्वारा लंका दहन के दौरान भगवान शनिदेव को भारत भूमि की ओर प्रक्षेपित किया था।

## तालिबान चीन के बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होगा

**काबुल।** तालिबान चीन के बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होगा, जो किसी भी सरकार द्वारा औपचारिक मान्यता की कमी के बावजूद प्रशासन के साथ बीजिंग के बढ़ते आधिकारिक संबंधों को रेखांकित करेगा। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के अधिकारियों और मंत्रियों ने कई बार क्षेत्रीय बैठकों में हिस्सा लिया है, जिनमें से ज्यादातर अफगानिस्तान पर केंद्रित थीं। लेकिन बेल्ट एंड रोड फोरम सर्वोच्च-प्रोफ़ाइल बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में से एक है, जिसमें भाग लेने के लिए इसे आमंत्रित किया गया है। मंगलवार-बुधवार को बीजिंग में होने वाला यह मंच राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी वैश्विक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा पहल की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जिसे वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन सिल्क रोड के पुनर्निर्माण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता अखुंदजादा अब्दुल सलाम जवाद ने कहा कि तालिबान के वाणिज्य और उद्योग के कार्यवाहक मंत्री हाजी नूरुद्दीन अजीजी आने वाले दिनों में बीजिंग की यात्रा करेंगे। वह इसमें हिस्सा लेंगे और बड़े निवेशकों को अफगानिस्तान में आमंत्रित करेंगे। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गरीब देश प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध करा सकता है। एक खान मंत्री ने 2010 में अनुमान लगाया था कि अफगानिस्तान में तांबे से लेकर सोने और लिथियम तक का भंडार है, जिसकी कीमत 1 ट्रिलियन डॉलर से 3 ट्रिलियन डॉलर के बीच है। यह स्पष्ट नहीं है कि आज उनका मूल्य कितना है।

## पिछले 9 वर्षों से देश में महंगाई चरम पर है : विकास उपाध्याय

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर विधायक विकास उपाध्याय की पश्चिम विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्र.40 एवं शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्र.20 अंतर्गत मुख्य स्थानों में संकल्प के साथ सम्पन्न हुई। आज की बैठक में यह संकल्प लिया गया कि बीते 05 वर्षों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को एक-एक बूथ के अनुभाग तक पहुँचाने का काम कांग्रेस के कार्यकर्ता को करना है एवं आम जनता से सीधे संवाद कर ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस पार्टी से जोड़ने पर चर्चा हुई। विकास उपाध्याय ने कहा कि पिछले 09 वर्षों से देश में महंगाई चरम सीमा पर है, 1200 रुपए गैस सिलेण्डर देकर चुनावी वर्ष के 02 माह पूर्व 200 रुपए सिलेण्डर को कम करके जनता को प्रलोभन



के रूप में 200 रुपए देकर केन्द्र की बीजेपी सरकार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है और चुनाव पश्चात सिलेण्डर का रेट पुनः 1200 रुपए से भी अधिक कर देगी। जनता उनकी यह साजिश को समझ चुकी है और यह बात को एक-एक घर में बताना है। वहीं डीजल-पेट्रोल की बात हो या राशन के समान की बात हो, सभी का मूल्य पिछले 09 वर्षों में दुगुनी हो चुकी है, 02 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही गई थी, जिस पर कोई अमल नहीं हुआ। गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवागमन का साधन ट्रेन है, जिसकी स्थिति आज क्या है? किसी से छुपा नहीं है, इन मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के एक भी नेता या कार्यकर्ता बात करने को तैयार नहीं है, यही बात कांग्रेस के सिपाहियों को घर-घर तक पहुँचाना है। पश्चिम विधानसभा की इस बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकताओं को बूथ मजबूत करने के दिशा निर्देश दिए गए। विधानसभा चुनाव में बूथ की जिम्मेदारी और कार्यो को भी तय किया गया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस कार्यकताओं ने जिस प्रकार 35 साल बाद इस विधानसभा में जीत का परचम लहराया था, ठीक उसी प्रकार दुगुनी वोट से इस बार भी कार्यकताओं के दम पर इस विधानसभा में जीत को सुनिश्चित किया जाएगा, जिसका संकल्प आज की बैठक में सभी कार्यकताओं ने लिया। विकास उपाध्याय ने कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 साल बनाम 5 साल ही विकास के लिए काफी है। इसका प्रचार और वास्तविकता जनता को घर-घर जाकर बताना है। इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस से जुड़ी वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता अंगन बाई यादव का सम्मान

आज की बैठक में ठाकुर प्यारेलाल वार्ड की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता अंगन बाई यादव का सम्मान हुआ, जो कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड की बैठक में आरडीए चेयरमैन सुभाष धुप्पड़, योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, आनंद मिश्रा, देवकुमार साहू, संदीप शर्मा, मोहम्मद अमजद, शीतल पटेल, भीम यादव, ईश्वरी यदु, यश साहू, नाजिम अली, दीपक अग्रवाल, प्रमोद नायक, अमरनाथ शर्मा, शुभम शर्मा, डॉ. रामेश्वर सोनवानी, संजीव गौतम, पाटिल मैडम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नारायण त्रिपाठी ने भाजपा से दिया त्यागपत्र

**सतना/भोपाल।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के मैहर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक नारायण त्रिपाठी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आज त्यागपत्र सौंप दिया। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र संबंधी पत्र भी विधानसभा सचिवालय को भेज दिया है। भाजपा की सतना जिला इकाई ने श्री त्रिपाठी के पार्टी से त्यागपत्र देने की पुष्टि की है। श्री त्रिपाठी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को लिखे पत्र में कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देते हैं और इसे स्वीकार किया जाए। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वे मौजूदा पंद्रहवीं विधानसभा से त्यागपत्र दे रहे हैं और इसे मंजूर किया जाए। श्री त्रिपाठी विंध्य अंचल की मैहर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। माना जा रहा है कि वे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किसी अन्य दल का दामन थाम सकते हैं।

### लहार के कांग्रेस नेता डॉ. तिवारी भाजपा में शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भिंड जिले की लहार विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विनोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर डॉ. तिवारी का स्वागत किया। भिंड जिले के लहार विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले डॉ. विनोद तिवारी वर्ष 1978 से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं। वे कांग्रेस सेवादल में विभिन्न पदों पर रहने के साथ ही कांग्रेस जिला भिंड के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में मातृभूमि सेवा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

### काकड़ की चीन यात्रा के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे पाक-चीन

**इस्लामाबाद।** कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की सोमवार से शुरू हो रही चार दिन की बीजिंग यात्रा के दौरान चीन और पाकिस्तान प्रमुख सड़कों और राजमार्गों को लेकर महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'डॉन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इन समझौतों पर 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर किए जाएंगे। काकड़ 17 से 18 अक्टूबर तक होने वाले 'थर्ड बेल्ट एंड रोड फोरम (बीआरएफ) फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन' में भाग लेने के लिए 16 अक्टूबर को बीजिंग जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री बीआरएफ के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और 'खुली वैश्विक अर्थव्यवस्था में संपर्क' पर एक उच्चस्तरीय मंच को संबोधित करेंगे।''

### अफगानिस्तान में ताजा भूकंप में एक की मौत, 35 घायल

**हेरात (अफगानिस्तान)।** पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में रविवार को फिर एक भूकंप आया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में पुष्टि की गई, आज स्थानीय समयानुसार सुबह 8:06 बजे हेरात में आए भूकंप में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में आगे कहा गया कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि रविवार की सुबह कुछ ही मिनटों के अंतराल में हेरात और उसके आसपास के क्षेत्र में भूकंप के दो झटके आए। 07 अक्टूबर को दो घातक भूकंप आए थे, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 थी, इसके बाद कई झटके आए, जिसका केंद्र हेरात प्रांत के जिंदा जान जिले में था, जिसमें 2,000 से अधिक लोग मारे गए और हजारों अन्य घायल हो गए। 07 अक्टूबर से, हेरात में भूकंप के कई झटके आ रहे हैं।

### दुनिया को आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट होने की जरूरत : टॉल्स्टॉय

**नई दिल्ली।** रूसी सांसद प्योत्र टॉल्स्टॉय ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के लिए आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे पर पूरी दुनिया को सोचना चाहिए और कठोर रुख अपनाना चाहिए। इसके निवारण के लिए साझा प्रयास करना चाहिए। टॉल्स्टॉय ने दिल्ली के यशोभूमि परिसर में जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) से इतर मीडिया से बातचीत में कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है। इसलिए आतंकवाद के मुद्दे पर विश्व के सभी देशों की संसद में चर्चा होनी चाहिए। यह करोड़ों लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। उल्लेखनीय है कि पी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जी-20 के सदस्य देशों के पीठासीन अधिकारी और विशेष आमंत्रित देशों के पीठासीन अधिकारी दिल्ली आए हैं।

### कोहरे की स्थिति से निपटने को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने की पहल

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय की सलाहकार समिति की शुक्रवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में कोहरे से निपटने की योजना पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने की। बैठक में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) डा. वीके सिंह, सांसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण और अन्य संबंधित संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे। इन्होंने कोहरे की स्थिति के लिए पहले से तैयारी करने की पहल के लिए मंत्रालय को बधाई दी। इस संबंध में कुछ बहुमूल्य सुझाव भी दिये। बैठक दौरान केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने ब्यौरा देते हुए कहा कि 2021-22 में, कुल 1,36,374 में से 124 उड़ानें रद्द की गईं। रद्द करने की यह दर महज 0.09% थी। 2022-23 में कुल 1,66,927 उड़ानों में रद्दीकरण का आंकड़ा घटकर 86 रह गया। इससे रद्दीकरण की दर 0.05% रह गई गई। इसी तरह से 2021-22 में 8 मुख्य कोहरे वाले हवाई अड्डों से 58 उड़ानें डायवर्ट की गईं, जो 2022-23 में घटकर 14 रह गईं।

### महादेव घाट में पितृ मोक्ष तर्पण कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा कराया गया तर्पण* तर्पण के लिए श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व है। सोलह श्राद्ध में विद्वानों के सानिध्य में निःशुल्क सामूहिक तर्पण का आयोजन प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के द्वारा पितृ मोक्ष तर्पण कार्यक्रम महादेव घाट में सम्पन्न हुआ, जिसमें सैकड़ो की संख्या में शहरवासी तर्पण में भाग लिए। श्राद्ध का वैज्ञानिक पक्ष एवम् महत्व बताते धर्म शास्त्रीय विषयों के प्रमुख एवम विप्र विरणाव इकाई विप्र प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष आचार्य पंडित हेमलाल शर्मा ने कहा कि सोलह श्राद्ध में पितृ गण पितृ लोक से मनुष्य लोक में वायव्य गति से आते है और देखते है कि उनके परिजन उनकी मृत्यु तिथि पर श्राद्ध कर्म कर रहे है अथवा नहीं,जो श्राद्ध कर्म करते है उन्हे वे सुखसमृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते है तथा जो श्राद्ध, तर्पण आदि नही करते है उन्हे वे श्राप देकर पुनः पितृ लोक को लौट जाते है। पं. गौरव दुबे ने बताया की पूर्व में पितृ दोष की हालत निर्मित हुई थी। सामूहिक तर्पण का उद्देश्य ही पितृ दोष, काल सर्प दोष, ग्रहण दोष, मातृ दोष में तर्पण एवम श्राद्ध कर्म की शांति करवाना मुख्य भूमिका है।

# कांग्रेस ने ली प्रतीज्ञा, सातों सीटों पर भाजपा को हराएंगे

## बवाना में बोले अरविंदर सिंह लवली, गांववालों को नहीं बनने देंगे शरणार्थी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार को जनविरोधी बताते हुए सातों सांसदों के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए उन्हें हराने की प्रतीज्ञा ली। बवाना में जवाब दो-हिसाब दो अभियान के पहले चरण में आयोजित प्रतिज्ञा रैली में कांग्रेसी नेताओं ने जोरदार हुंकार भरी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा, केन्द्र व राज्य सरकार ने दिल्ली के 365 गांवों के लोगों को, जिन्होंने दिल्ली बसाई है उन्हें आज शरणार्थी बना दिया है। गांवों में हाउस टैक्स लगाना ग्रामवासियों पर न केवल जुर्म है बल्कि यह नियमों के भी खिलाफ है। हैरानी की बात है कि आज किसान रिवेन्यू रिकार्ड में अपनी ही जमीन का मालिक नही है। मामला यहां तक नही है बल्कि सच तो यह है कि आज किसी बुजुर्ग की मृत्यु के बाद उसके बच्चों के नाम रेवेन्यू रिकॉर्ड में जमीन दर्ज नही की जा रही।



उन्होंने यह भी कहा कि ट्यूबवेल के कनेक्शन देने व गांव में थ्री फेस कनेक्शन देने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। राशन कार्ड बंद हो गए, 20 सूत्री कार्यक्रम में दिए प्लाटों के मालिकाना हक से लेकर लैंड पूलिंग तक मामले पर सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए लवली ने कहा, वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी गई है और गांव को दी जाने वाली सुविधाएं अघोषित रुप से बंद पड़ी है। लेकिन दिल्ली के गांववासियों को शरणार्थी नही बनने देंगे, हाउस टैक्स लगाने के आदेश वापिस हो, वरना कांग्रेस आंदोलन करेगी।

बवाना के झंडा चौक पर भारी संख्या में लोग जुटे और कांग्रेसी नेताओं ने स्थानीय सांसद को गुमशुदा बताया। रैली में अमित मलिक, हरी किशन जिंदल, पूर्व मंत्री श्रीमती कृष्णा तीरथ, हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, मंगतराम सिंघल, पूर्व सांसद डा. उदित राज, पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, राजेश लिलौठिया, जय किशन, चरण सिंह कंडेरा, जसवंत राणा, सुरेन्द्र कुमार,चौ. मतीन अहमद, नीरज बसौया, भीष्म शर्मा, अनिल भारद्वाज, कुंवर करण सिंह, दर्शना रामकुमार, जगप्रवेश कुमार व कमल कांत शर्मा ने संबोधित किया। वहीं प्रतिज्ञा रैली में शिवम भगत इन्द्रजीत, प्रवीण कुमार, सुखबीर शर्मा, डा0 नरेश कुमार के अलावा सभी पूर्व निगम पार्षद व निगम पार्षद व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुरचरण सिंह राजू, आदेश भारद्वाज, मनोज यादव, मिर्जा जावेद अली, चौ. जुबैर अहमद, विरेन्द्र कसाना, विशाल मान, धर्मपाल चंदेला, राजेश चौहान व विष्णु स्वरुप अग्रवाल, निगम पार्षद मंदीप शौकीन, समीर अहमद व नाजिया दानिश, जयकरण चौधरी, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार, समुंदर कंडेरा, अब्दुल वाहिद, पूर्व निगम पार्षद श्रद्धानंद सांगवान और ईश्वर सिंह, क्षेत्रीय कार्यकताओं में अब्दुल रहमान, शहरी आलम, नीरज, अनुप शौकीन, नरेश लाकड़ा भी मौजूद थे।

# आवाजाही के लिए शानदार सड़कें देना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वादा: आतिशी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर के बीच रोहतक रोड पर खराब ड्रेनेज के कारण जलजमाव की समस्या दूर होगी और ड्रेनेज रिडिजाइनिंग के साथ सड़क के पूरे स्वरूप को केजरीवाल सरकार बदलेगी। ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण के बाद सड़क की ख?ाब हालत देख अधिकारियों को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने फटकारा और जल्द रिडिजाइन प्लान तैयार करने निर्देश के दिए।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने रिडिजाइनिंग का विस्तृत प्लान, प्रगति जांचने के लिए समीक्षा बैठक की और कहा कि रोहतक रोड के रिडिजाइनिंग प्लान में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने पर मुख्य फोकस होगा क्योंकि यहां ख?ाब ड्रेनेज के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हैं। उन्होने कहा कि सड़क से जल-भराव को दूर करने के लिए सड़क के साथ



मौजूदा ड्रेन को भी किया रिडिजाइन व रिपेयर किया जाएगा और ड्रेन के आउटफॉल को भी ठीक किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया, भविष्य में न हो जलजमाव की समस्या इसलिए मुख्य सड़क पर मौजूद ड्रेन के आउटफॉल को 3 बड़े नालों के साथ जोड? का प्लान है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को रोड स्ट्रेच के साथ मौजूद ड्रेन के डीसिल्टिंग के भी निर्देश दिए। आतिशी ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के बाद नांगलोई, मुण्डका, घेवरा व टीकरी क्षेत्र के दर्जनों कॉलोनियों को भी फायदा मिलेगा और हरियाणा से दिल्ली के बीच आवाजाही करने वालों को भी ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।


पीडब्ल्यूडी मंत्री के निदेर्शों पर अधिकारियों ने बताया कि इस 11 किमी रोड स्ट्रेच के हर हिस्से की बारीकी से की जा रही है और एक्सपर्ट्स से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। आतिशी ने कहा, ड्रेन के साथ साथ सड़क को मजबूती देने के लिए रिकार्पेटिंग का काम होगा ताकि जाम-मुक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही फरार्टे से हो सके।

# राज्यसभा से निलंबन के खिलाफ राघव चड्ढा की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा के राज्यसभा से अनिश्चितकालीन निलंबन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन 11 अगस्त को चड्ढा को नियमों के घोर उल्लंघन और अवमाननापूर्ण आचरण'' के चलते विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया।

आप' नेता ने वकील शादान फरासत के माध्यम से दायर अपनी याचिका में कहा है कि



अनिश्चितकाल के लिए निलंबित किया जाना शक्ति का दुरुपयोग हो सकता है और यह अतिरेक है। याचिका में कहा गया है, निलंबन की शक्ति का उपयोग केवल ढाल के रूप में किया जा सकता है, तलवार के रूप में नहीं, यानी यह दंडात्मक नहीं हो सकती। इसमें कहा गया है, यह निलंबन राज्यों की परिषद (राज्यसभा) में प्रक्रिया और कार्य संचालन की नियमावली के नियम 256 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें सत्र के शेष समय से अधिक अवधि के लिए किसी भी सदस्य के निलंबन को स्पष्ट रूप से निषेध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि चालू सत्र की शेष अवधि से परे निलंबन न केवल एक बेहद अतार्किक कदम होगा, बल्कि मूलभूत लोकतांत्रिक मूल्यों का भी उल्लंघन होगा, यह संबंधित सदस्य को अनावश्यक रूप से वंचित करेगा और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके निर्वाचन क्षेत्र से सदन में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

# अवंतिका शंकर ने भरतनाट्यम सोलो की शुरूआत की

## नाट्य वृक्ष द्वारा गुरू गीता चन्द्रन की शिष्या का अरंगेत्रम आयोजित

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता तेजस्वी शंकर के लिए हाल ही में एक और गर्व का क्षण आया, जब उनकी बहन अवंतिका शंकर ने मंच पर भरतनाट्यम सोलो की शुरूआत की। मौका था शनिवार शाम नई दिल्ली के चिन्मय मिशन ऑडिटोरियम में नाट्य वृक्ष द्वारा आयोजित गुरु गीता चंद्रन की शिष्या अवंतिका शंकर के भरतनाट्यम अरंगेत्रम का। अवंतिका की मनमोहक भरतनाट्यम प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया और खूब तालियाँ बटोरीं। अवंतिका के साथ गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के. वेंकटेश्वरन (गायन), मनोहर बालतचंदिरने (मृदंगम), वरुण राजशेखरन (घाटम), और जी. राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) थे। इस अवसर पर, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विपिन सांघी मुख्य अतिथि थे, जबकि राजीव चंद्रन शाम के संयोजक थे। अवंतिका शंकर ने



पुष्पांजलि के साथ अपनी प्रस्तुति शुरू की, जिसमें नर्तक ने 'अरंगम' या मंच को प्रणाम किया, जिस पर उसने अपना अरंगेत्रम प्रस्तुत किया। फिर अलारिप्पु (तिसराम), जो धीरे-धीरे भरतनाट्यम मुद्राओं को प्रदर्शित करने वाले शरीर का प्रतिनिधित्व करता है, जैसे कमल धीरे-धीरे सूरज की रोशनी में खुल रहा है। अवंतिका की अगली प्रस्तुति नृत्य के देवता नटराज का जश्न मनाते हुए नटाईकुरनजी रागम में वर्णम थी।

# एक नजर

## दिल्ली के जेएनयू कैंपस में बाइक दुर्घटना, एक छात्र की मौत, 3 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के कैंपस में एक जानलेवा दुर्घटना हुआ है। तेज बाइक रफ्तार के कारण बाइक सवार जेएनयू छात्र अंशु कुमार की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा दूसरा साथी और पैदल चलने वाले दो छात्रों को गंभीर चोटें आई है। घटना 14 अक्टूबर की रात लगभग 1:30 बजे की है। दरअसल, गोदावरी बस स्टैंड के पास अंशु अपने साथी विशाल कुमार के साथ तेजी से केटीएम बाइक से जा रहा था। बस स्टैंड से ठीक बगल में दो छात्र सचिन शर्मा और मृदा यादव पैदल जा रहे थे। तभी बाइक पैदल जा रहे दो छात्रों से अचानक टकरा गया। इस दौरान बाईक सवार सड़क पर बुरी तरह से गिर गया। इस घटना में बाइक चला रहे अंशु के सर पर बेहद गंभीर चोट आई। दुर्घटना के तुरंत बाद घायलों को जेएनयू के एंबुलेंस के द्वारा एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अंशु को मृत घोषित कर दिया। बाइक पर पीछे बैठा दूसरा साथी विशाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जो दो छात्र पैदल चल रहे थे उनको भी गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज एम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पुलिस को इस घटना की जानकारी एम्स ट्रामा सेंटर के द्वारा दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस की टीम ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। फिलहाल, पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाबत जेएनयू कैंपस में कई छात्रों से बात करने की कोशिश की, लेकिन छात्र बेहद सदमे में है।

## वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को मातृ शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को उस समय गहरी चोट पहुंची जब उनकी माताजी हरदेव कौर का निधन हो गया। 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लोधी रोड स्थित शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर अकाली दल नेताओं सहित विभिन्न राजनीतिक व धार्मिक जत्थेबंदियों के नेताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जत्थेदार भोगल के जीवन में माता हरदेव कौर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है उन्होंने सदैव अपने पुत्र को पंथ व पंथक हितों के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जिसके चलते वह लंबे समय से सिख पंथ के प्रति अपनी सेवाएं निभाते आ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के एक सिपाही के रूप में अनेक मोर्चों पर सरदार भोगल ने आगे होकर अपनी आवाज बुलंद की जिसमें उनकी माता जी की शिक्षा और प्रेरणा हमेशा उनके साथ रही। उल्लेखनीय है कि सरदार भोगल के पिता जी जत्थेदार हरबंस सिंह भोगल भी शिरोमणि अकाली दल में लंबे समय तक रहे तथा समर्पण भाव से सिख पंथ के लिए कार्य किया। यह तभी संभव हो सका जब माता हरदेव कौर ने परिवार की जिम्मेदारी अच्छे से संभाली। जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल के जीवन में उनकी माता जी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व परिवार को दुख की इस घड़ी में आत्म बल बख्शीश करे।

## भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत पर बधाई : श्याम सुन्दर अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पाकिस्तान पर 7 विकेट से ऐतिहासिक जीत पर पूर्वी दिल्ली के पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने देशवासियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि भारतीय टीम ने विश्व कप जीतने के लिए आज एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा इस जीत से भारतीय टीम का हौसला बुलंदी पर है भारतीय कप्तान रोहित शर्मा लगातार बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है पिछले मैच में दिल्ली में शानदार तेज शतक आज पाकिस्तान के खिलाफ शानदार 86 रन की पारी ने दोनो मैच की जीत में अहम योगदान दिया है। उन्होंने मैन आफ द मैच जसप्रीत ब्रूमरा, विराट कोहली, शुभम गिल, अजय जडेजा, हार्दिक पटेल के शानदार बॉलिंग में प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहां इनके शानदार सहयोग से जीत सुनिश्चित हो पाई।

## कमलनाथ को टिकट दिए जाने पर बीजेपी का विरोध कांग्रेस पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने एमपी में कमलनाथ को छिंदवाड़ा से टिकट दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह कभी सिक्खों के हितैषी हो ही नहीं सकते। कमलनाथ जो 1984 कत्लेआम में शामिल थे, जिन्होंने रकाबगंज गुरुद्वारा के बाहर दो लोगों के गले में टायर लगाकर जिंदा जलाया, गुरुद्वारे में आगजनीकरने की कोशिश की। भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि ऐसे कातिल जिस पर कोर्ट से लेकर सीबीआई तक में केस चल रहे हैं ऐसे कातिल को कांग्रेस ने एक बार फिर से टिकट दिया और छिंदवाड़ा से कमलनाथ को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की है। सज्जन कुमार, टाइटलर, कमलनाथ जैसे लोगों को कांग्रेस ने टिकट देकर उन सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है और अभी भी कांग्रेस कर रही है ।सिरसा का कहना है कि राहुल गांधी दरबार साहिब जाते हैं और सिखों का हमदर्द खुद को बताते हैं, जो पूरी तरह से नौटंकी है।

## ऑप्रेशन विश्वास के तहत डीसीपी ने कराई अनाथ बच्चों के लाइव क्रिकेट मैच देखने की व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस-दिल की पुलिस के बैनर तले दिल्ली पुलिस की एक पहल ऑप्रेशन विश्वास के तहत मध्य जिले ने सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और दिल्ली पुलिस-दिल की पुलिस के आदर्श वाक्य को बढ़ावा देने के लिए, डीडीसीए के सहयोग से, अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम, दिल्ली में अनाथ बच्चों के लिए इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच लाइव क्रिकेट मैच देखने के लिए व्यवस्था की। जिसके चलते बच्चे इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच लाइव क्रिकेट मैच देख सकें।

# परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने नए बस रूट 990सी का किया शुभारंभ

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को नए बस रूट 990सी का शुभारंभ किया। एक कार्यक्रम में उन्होंने बवाना चौक पर इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस नए बस मार्ग के शुरू होने से दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बवाना गांव, बवाना औद्योगिक क्षेत्र, बरवाला, पूठ खुर्द, प्रह्लादपुर और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को रिठाला मेट्रो स्टेशन आने-जाने में आसानी होगी। इस अवसर पर मंत्री गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में हम दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को बेहतरीन बनाने के लिए प्रतिबद्ध



हैं। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। 990सी बस मार्ग की शुरूआत दिल्ली के नागरिकों के लिए सुविधाजनक विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस बस रूट के शुरू होने से बवाना गांव, बवाना औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों बरवाला, पूठ खुर्द और प्रह्लादपुर में रहने वाले लोगों को आने-जाने के लिए बेहतर परिवहन विकल्प उपलब्ध होंगे।'

**990सी का रूट**

बवाना, बवाना प्राइमरी स्कूल, अदिति कॉलेज, डीएसआईडीसी बवाना सेक्टर-1, बवाना औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-3, धाकेवाला,

महर्षि बाल्मीकि हॉस्पिटल, पूठ खुर्द, पूठ खुर्द धर्मशाला, बरवाला, बरवाला पाठशाला, जैन कॉलोनी, प्रह्लादपुर स्कूल, प्रह्लादपुर गांव, प्रह्लादपुर क्रासिंग, प्रहलाद विहार, रोहिणी सेक्टर 25 दीप विहार, रोहिणी सेक्टर 24/25 कॉर्नर, रिठाला गांव क्रॉसिंग और रिठाला मेट्रो स्टेशन।

# राष्ट्र एकता अखंडता संप्रभुता की कामना हेतु पूर्ण नवरात्रि मौन धारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रह्मलीन सदगुरु श्री राजमाता जी महाराज द्वारा स्थापित शाहदरा गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में 119वा नवरात्रि महोत्सव एवम शक्ति अनुष्ठान प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री पूजन के साथ ही विधिवत प्रारंभ हो गया।

संस्थान के सहप्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में संस्थान के महापुरुषों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ चंडी यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते हुए अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद जय देवा भजन मंडल के सदस्यों द्वारा मातृ गुणगान के बाद स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा सत्संग करते हुए नवरात्र महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "शक्ति की साधना के नौ दिन प्रतीक है मां के गर्भावस्था के नौ महीनों के।जैसे नौ महीने गर्भधारण पश्चात शिशु का जन्म होता है ठीक इसी तरह नौ दिन मां की साधना आराधना करते हुए साधक को विषय विकारों से ऊंचे उठकर नवजीवन प्राप्त होता है। सच्चा साधक नवरात्र साधना के फलस्वरूप शक्ति से सांसारिक सुखों की भिक्षा नही मांगते बल्कि वह तो भगवद प्राप्ति की शिक्षा प्राप्त करता है"इनके वचनों के साथ ही प्रथम शैलपुत्री मां की विधिवत पूजन करते हुए मंदिर गर्भगृह स्थित गुफा में खुशहाली का प्रतीक खेत्री बिजन एवम अखंड ज्योति जागृति करते हुए स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा जनकल्याण, विश्वशांति की भावना से पूर्ण नवरात्रि का मौन व्रत प्रारंभ हो गया। गुफा में जाने से पहले स्वामी जी द्वारा राष्ट्र में शांति, समृद्धि, एकता, अखंडता संप्रभुता हेतु सर्व कल्याण अरदास की गई।कार्यक्रम की समाप्ति पर अन्नाहार के साथ फलाहार भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। सप्तमी तक प्रतिदिन सुबह सात बजे एवम दोपहर 3 से 6 बजे तक भगवती चौकी में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा महामाई का गुणगान एवम दोपहर व सायंकाल भंडारा प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# दिल्ली पुलिस के सिपाही ने की आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में रविवार तड़के दिल्ली पुलिस के एक सिपाही ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या की कोशिश की। घायल सिपाही को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मैक्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना सिपाही के परिजनों को दे दी गई है। घायल सिपाही की पहचान मनदीप के रूप में हुई है। वर्तमान में वह दिल्ली पुलिस की पहली बटालियन में तैनात है और मानसरोवर पार्क थाने के बैरक में रह रहा था। शनिवार रात से रविवार सुबह तक वह बतौर संत्री ड्यूटी पर तैनात था। लोगों ने रविवार को उसके घर से आवाज सुनी तो मौके पर जाकर देखा कि मनदीप कुर्सी पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था और पास में ही उसकी सर्विस राइफल पड़ी थी। फिलहाल उसका इलाज मैक्स अस्पताल में किया जा रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# शिक्षावीद एवं समाजिक कार्यकर्ता ने भाजपा में शामिल हो सदस्यता ग्रहण की

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिती में मंगोलपुरी के लोकप्रिय शिक्षावीद एवं समाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार, प्रीति गुप्ता एवं इंद्रजीत गजवानी ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ 500 से अधिक मंगोलपुरी के युवा एवं महिलाऐं भाजपा से जुड़े। आम आदमी पार्टी की संस्थापक सदस्यता एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा सुश्री जाहनवी गंगवानी भी अपने समर्थक कार्यकताओं के साथ आज भाजपा मे शामिल हुईं।




इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि अभी कुछ दिन पहले जब सतीश कुमार सेशबात हो रही थी तो उन्होंने मंगोलपुरी और सुल्तानपुरी में समस्याओं की एक लंबी फेहरिस्त से अवगत कराते हुऐ कहा की वह चाहते हैं कि इन समस्याओं पर तुरंत काम किया जाए। इनकी समाजिक कार्यों में रुचि को देखते हुए हम दावे के साथ कह सकते हैं कि आपके साथ भाजपा परिवार एक साथ जुटकर काम करेगा।

श्री सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रवादी और देशप्रेम की भावनाओं के साथ जब बड़ी संख्या में युवा साथी जुड़ेंगे तो एक मिसाल स्थापित होगी और युवा शक्तियों के माध्यम से हम सब मिलकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की चिंगारी जब घर-घर जाएगी तो 2025 में इस भ्रष्ट केजरीवाल सरकार की सत्ता से हटना ही पड़ेगा। भाजपा राष्ट्रभक्ति के साथ समझौता नहीं करती इसलिए सभी से कहना चाहता हूं कि आप झूठी और मक्कार आम आदमी पार्टी का साथ छोड़िए और एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान भाजपा को दें।

मनोज तिवारी ने कहा कि आज कार्यकताओं का जोश देखकर लग रहा है कि पिछले 10 सालों से चले आ रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार का अंत होना अब तय है। दिल्ली में आज भी सड़के टूटी हुई है और साथ ही कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम किसी के साथ भेद भाव नहीं करते और अगर कोई संकट आए तो हमारी सरकार सबकी मदद करती है। सबका वैक्सीन लगाना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हम आप सबका हाथ फैलाकर स्वागत किया है और भाजपा की ओर से हम विश्वास दिलाते हैं कि हम एक साथ और मजबूती से आपके साथ रहेंगे।

सतीश कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी प्रदेश पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं किसी के कहने पर नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली और प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के व्यवहार के कारण आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने अपने साथ आए सभी उत्साहित कार्यकताओं से नारे लगवाएं और आगामी लोकसभा चुनाव में केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर करने का वायदा किया।

# मध्य प्रदेश: आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जिले में गुना पुलिस की कार्यवाही

गोलू सेन

**मध्य प्रदेश:** आगामी विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुना विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में अपराध, अपराधियों, अनैतिक गतिविधियों आदि पर अंकुश लगाए जाने हेतु जिले में फरार आरोपियों, वारंटियों, इनामी बदमाशों, माफियाओं आदि की धरपकड़ के साथ ही गुंडा माफियाओं, आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक व वाउण्ड ओवर की कार्यवाही किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, निर्देशानुसार जिले में गुना पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है, जिसके तहत दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 13 अक्टूबर 2023 तक जिले में निम्नानुसार कार्यवाहियां की गई हैं।




अवैध शराब

अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जिले में कुल 108 प्रकरण दर्ज कर 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं जिनके कब्जे से कुल 35,416 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 1,01,43,600 (एक करोड एक लाख तेतालीस हजार छह सौ रुपये की जप्त की गई है। साथ ही 13 लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई है।

अवैध आर्म्स

अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जिले में कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 02 आरोपियों से अवैध देशी कट्टा तथा 11 आरोपियों से अवैध धारदार हथियार जप्त किए गए हैं।

वारंट तामीली

जिले में फरार वारंटियों की धरपकड हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत उक्त अवधि में 304 गिरफ्तारी वारंट तथा अ स्थाई वारंट तामील कराए गए हैं।

अवैध मादक पदार्थ

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कल 04 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1 प्रकरण में 35 किलोग्राम डोडाचूरा कीमती 3.50 लाख, 1 प्रकरण में 30 ग्राम स्मैक कीमती 3 लाख रुपये, 1 प्रकरण में 1.5 किलोग्राम गांजा कीमती 30 हजार रुपये एवं 1 में सार्वजनिक स्थान पर गांजा का सेवन करने पर कार्यवाही की गई है।

जिलाबदर

जिले के आदतन अपराधियों के अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के लिए 35 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही कराई गई है तथा पूर्व से जिलाबदर 03 बदमाशों के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर जिले में पाए जाने पर जिनके विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही कर जेल भिजवाया गया है।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

विभिन्न अपराधों में सक्रिय अपराधि पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है, जिनमें धारा 107,116 (3) जाफौ. के 1177 प्रकरणों में 1449 आरोपियों पर धारा 110 जाफौ. के 140 प्रकरणों में 140 आरोपियों पर एवं धारा 151 जाफौ. के 62 प्रकरणों में 76 आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहिया

1- दिनांक 10 अक्टूबर को दमन से अरुणाचल प्रदेश ले जाई जा रही अवैध शराब की एक बड़ी खेप के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 34,000 लीटर अवैध लीटर कीमती 1 करोड़ रुपये सहित शराब तस्करी में प्रयुक्त टैंकर को जप्त किया गया है।

2- जिले के अपराधियों पर कार्यवाही के साथ-साथ ही टीगर जिलों व राज्यों के अपराधों में वांछित अपराधियों की भी धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत राजस्थान राज्य के विभिन्न अपराधों में वांछित 54 आरोपियों, वारंटियों की जानकारी जुटाकर 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंपा गया है। साथ ही 16 आरोपियों के विभिन्न जेलों में बंद होने की जानकारी, 6 आरोपियों के फौत हो जाने की जानकारी एवं 17 आरोपियों के अपने पते से लंबे समय से फरार रहने की जानकारी राजस्थान पुलिस को भेजी गई है।

## छत्तीसगढ़: 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार




सुरेश नारायण यादव

**छत्तीसगढ़:** 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपी किया गिरफ्तार आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 14 अक्टूबर को मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर थाना की पामगढ़ और मुलमुला थाना क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री की जाती है, जिसकी सूचना पर ग्राम कमरिद में रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी जगनधिया सिंह उम्र 45 साल निवासी कमरीद के कब्जे से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में अपराध क्रमांक 431/2023 धारा 34(2) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

इसी प्रकार आगामी विधान सभा निर्वाचन ड्यूटी के लिए जिले में अलग - अलग स्थैतिक टीम (उड़नदस्ता) गठित किया गया है कि, टीम को सूचना मिला की थाना मुलमुला क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है, जिसकी सूचना पर स्थैतिक टीम प्रभारी चंद्रा शेखर साहू नायब तहसीलदार अकलतरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुलमुला पुलिस स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पाया की आरोपी गीता खांडेकर उम्र 41 साल निवासी बुटराभंवर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया है।

# उत्तर प्रदेश: शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति फेज 4 का हुआ शुभारम्भ

अकील अली

**उत्तर प्रदेश:** शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारम्भ जिला पीलीभीत के ड्रमंड कॉलेज में किया गया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में पी आर वी, स्कूटी, चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन से साथ ही स्कूली बच्चों, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पुलिस बीट ने पैदल भव्य रैली को जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई गई।




यह रैली ड्रमंड विद्यालय से गाँधी प्रेक्षा गृह, खखरा, नकटादाना चौराहा होते हुए गाँधी प्रेक्षा गृह तक संपन्न हुई। गाँधी प्रेक्षा गृह में उपस्थित अधिकारियों ने स्कूली छात्राओं एवं आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने विभाग से सम्बंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पोषण अभियान, अन्ना के बारे मे जानकारी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा 112,1090 वुमनपावरलाइन, 1930 साइबर अपराध, 1098 चाइल्ड लाइन, 181आदि की जानकारी दी गई। गाँधी प्रेक्षा ग्रह में मुख्यमंत्री सजीव प्रसारण द्वारा मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा जाया, पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों SHO महिला थाना, SHO गजरौला, महिला प्रकोष्ठ की सब इंस्पेक्टर को मा0 विधायक प्रवक्ता नन्द, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति की मिसाल को पुष्प एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन में विधायक प्रवक्ता नन्द, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी,मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, कार्यक्रम अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग की टीम, महिला कल्याण विभाग, जी0जी0आई0सी0 एवं अवन्तिबाई की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने अपना विशेष योगदान दिया।

## दिल्ली की महिला ने यौन संबंध बनाए, रिक्शा चालक को गलत तरीके से छुआ

कृतिका कुमारी

**दिल्ली:** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जो लोगों को हैरान कर रहा है। वीडिओ में दिल्ली की एक महिला एक रिक्शा चालक को गलत तरीके से छूती है और उसके साथ यौन संबंध बनाती है, जबकि वे दोनों सड़क पर खड़े हैं। यह वीडियो Reddit पर एक अज्ञात उपयोगकर्ता ने अपलोड किया है और इसमें महिला को सार्वजनिक रूप से अनुचित हरकतें करते हुए दिखाया गया है। यह सब उनकी कार के अंदर बैठे कुछ लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया।



वीडियो में रिक्शा चालक के कंधे पर महिला को अपना सिर रखते हुए देखा जा सकता है, साथ ही वह उसे गलत तरीके से छू रही है। आदमी को अपने वाहन के बगल में खड़ा देखा जा सकता है लेकिन वह कुछ भी नहीं करता है। दोनों को आपस में कुछ बातचीत करते देखा जा सकता है लेकिन ये साफ नहीं है कि वो किस विषय पर बात कर रहे हैं। चूँकि वीडियो को दूर से शूट किया गया है।

अपलोड होने के बाद से यह वीडियो वायरल हो गया है और सोशल मीडिया पर इसे कई बार देखा गया है। "जरा सोचिए अगर भूमिकाएँ उलट जाएँ। शायद उस आदमी को पीट-पीट कर मार डाला जाएगा," एक Reddit यूजर ने कमेंट किया। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा, क्रूर, बेचारों को समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। वह स्तब्ध है, और ऐसा प्रतीत होता है कि हार्मोन के कारण यह एक सहयोगी है।

इसी बीच इससे पहले एक महिला ने बताया था कि कैसे उसके बॉयफ्रेंड को दिल्ली मेट्रो में परेशान किया गया था। अज्ञात नाम से महिला ने बताया कि एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने उसके प्रेमी की जांघ पर हाथ रखा। पहले तो उसने सोचा कि यह आकस्मिक हो सकता है और इस पर अधिक विचार नहीं किया। चूँकि, फिर वह आदमी उसके क्रॉच की ओर बढ़ा और उससे एक डरावना सवाल पूछा जिससे वह पूरी तरह से स्तब्ध रह गया। उन्होंने पूछा, माई आपकी कोई मदद कर सकता है क्या? उन्होंने बताया कि पहले तो उनके बॉयफ्रेंड ने 'मैं तुझे उठाके फेक दूंगा' कहकर मना कर दिया था किन्तु वह संतुष्ट नहीं थे क्योंकि यह पहली बार नहीं है कि उनके साथ ऐसा हुआ हो। तो उसने मुझसे पूछा कि उसे कॉल पर क्या करना चाहिए, उसने लिखा।

## देश का पहला अग्निवीर फौजी जम्मू कश्मीर में हुआ शहीद, सरकार ने नहीं दिया शहीद का दर्जा




अनिल

देश के सबसे कम उम्र 19 साल की उम्र में जम्मू कश्मीर में हुए देश का पहला अग्निवीर शहीद अमृतपाल सिंह की डेडबॉडी पार्थिव शरीर उसके मानसा के गांव कोटली कलां में लेकर आये, फौजी वो भी सिविल ड्रेस ओर प्राइवेट एम्बुलेंस में छोड़ कर चले गए, जो मानसा जिले का गांव कोटली कलां के वासी हैं। उन्होंने फौजियों से पूछा के ये शहीद हुए है तो इसको मान सम्मान मिलना चाहिए। इस पर फौजी बोले सरकार की नई पॉलिसी के तहत अग्निवीर को शहीद का दर्जा नही मिल सकता और ना ही सरकार इसको सलामी दे सकती हैं, फिर उसके बाद गाँव वालों ने रुद्र से बात करके पुलिस से सलामी दिलवाई। इसीलिए एक्ससर्विस मैन अग्निवीर भर्ती का विरोध कर रहे है।

# राजस्थान: भारतीय सेना में चयनित अभ्यर्थियों का किया अभिनन्दन

देवेन्द्र कुमार शर्मा

**राजस्थान:** बान्दनवाड़ा न्यू फोर्स डिफेन्स एकेडमी बांदनवाड़ा से प्रशिक्षण लेकर भारतीय सेना में चयनित छात्रों का सम्मान समारोह रखा गया, जिसके मुख्य अतिथि एडवोकेट डॉ.मनोज आहूजा रहे। संस्थान की ओर से उपस्थित प्रबंध निदेशक सांवरलाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि आहूजा सहित विशिष्ट अतिथि सुनील शर्मा, जयमल चौधरी, विजय सिंह राठौड़, पंडित सियाराम शर्मा, कमलेश का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। संस्था के सांवर लाल गुर्जर ने बताया कि, इस संस्थान से प्रशिक्षण लेने वाले 25 छात्रों का अग्निवीर सैनिक के रूप चयन हुआ है, जिसके बारे में जानकारी देते हुए चयनित अभ्यर्थी अभिषेक चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, लखन सिंह, सुरेंद्र गुर्जर, हेमराज, ओमप्रकाश गुर्जर, नरेन्द्र जाट, नरेन्द्र चौधरी, राहुल रावत, देवराज खटाना, करण गुर्जर, देशराज प्रजापति रोहित चौधरी, लेखराज चौधरी, कमलेश गुर्जर लेखराज गूंजल, जितेंद्र रावत, पिंटू सिंह रावत, गौतम शर्मा आदि हैं।



सेना में चयनित अभ्यर्थियों का अतिथियों ने माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. मनोज आहूजा ने चयनित अभ्यर्थीयों को दुपट्टा ओढ़ाकर व पेन भेंट कर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में पिछले बैच में चयनित सेना के जवान भी वर्दी लगाए मौजूद रहे, जिन्होंने संस्थान में ट्रेनिंग लेने वाले नए अभ्यर्थीयों की हौसला अफजाई करते हुए न्यू फोर्स डिफेन्स अकेडमी को सबसे बेहतरीन संस्थान बताया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ.आहूजा ने सभी सफल अभ्यर्थियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि, देश की सेवा से बड़ा कोई जज्बा नहीं हो सकता। उन्होंने सेनिकों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि, शौर्य साहस का तू चन्दन हैं, है मातृभूमि के वीर तुम्हारा वन्दन हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अकेडमी के प्रबंध निदेशक सांवर लाल गुर्जर का भी माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया और कहा कि, उनकी वजह से क्षेत्र कि भूमि को अब वीरों की भूमि के नाम से जाना जाने लगा है जो हम सबके लिए गौरव की बात है।

## एक नजर


### राजस्थान: कोटा में पंचायत प्रशासन कर रहा कचरे की अनदेखी, ग्रामीण परेशान



शिव प्रकाश नागर

**राजस्थान:** कोटा के गांव में मेन चौराहे पर पड़ा कचरा पंचायत प्रशासन अनदेखी कर रहा है। बुदादीत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटडा दीप सिंह के मेन चौराहे पर पड़ा कचरा ग्रामीणों को बीमारियों बढ़ावा दे रहा है और सरकार ने बढ़ती डेंगू वायरस और अनेक बीमारियों से बचने के लिए गांव-गांव में सफाई अभियान के तहत हजारों रुपए का बजट दे रही है। कमाचारी यह सब काम सरकारी कागजों में ही पूरा कर देते हैं। काम हकीकत में कुछ नहीं होता है। गांव वालों का कहना है कि, हमने कचरा की साफ सफाई करवाने के लिए कई बार पंचायत प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन उनका इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### मध्य प्रदेश: सार्वजनिक रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी ने कराया रामलीला का आयोजन



गोलू सेन

**मध्य प्रदेश:** गुना के तत्वावधान में चल रही रामलीला के चौथे दिवस की लीला में धनुष यज्ञ रावण वाणासुर और लक्ष्मण परसुराम संवाद का मंचन किया गया। महाराज जनक के प्रण को सुन कर देवता दानव नाग सिद्ध और मानव अनेक राजा महाराजा सीता स्वयंवर में शिव धनुष को तोड़ने आये, लेकिन किसी से शिव धनुष नहीं उठा तब राजा जनक दुखी हुए और कहा कि, अब कोई इस पृथ्वी पर वीर नहीं है। वीरो का अपमान सुन लक्ष्मण क्रोध में कहते हैं कि, रघुवंशी वीरो के होते ऐसा भी कोई कहता है, अफसोस भरा भाषण महाराजा का है, तब विश्वामित्र की आज्ञा पाकर रामजी ने शिव धनुष का खंडन किया और जनक का संताप दूर किया। धनुष भंग की आवाज सुनकर परसुराम आये और वीर रस भरा लक्ष्मण परसुराम संवाद का चित्रण किया गया। आज की लीला में राम विवाह की लीला का मंचन किया जाएगा।

### गुजरात: लाखनी में हिंगलाज माता के सान्निध्य में नवरात्रि का शुभारम्भ




सुरेशकुमार भाई दाला भाई पुरोहित

**गुजरात:** बनासकांठा के लाखनी तालुका मथक में हिंगलाज माता के प्रांगण की में आज से गरबा की शुरुआत हुई। आज प्रथम नवरात्रि दिन में लोक गायिका नयनाबेन ठाकोर, गायक दीनू ठाकोर और आरतीबेन ठाकोर ने गरबा की जोरदार रमजत बुलाई। गरबा देखने के लिए आसपास के गांवों से लोग उमड़ पड़े।

हिंगलाज युवक मंडल और सदाराम स्टूडियो लाखनी (दिनु ठाकोर) और सुदेश्वरी स्टूडियो लाखनी(बकाभाई मोदी) एवम कार्यकर्ता एनटी पटेल साहेब मेराजभाई देसाई साहेब, दानाभाई पटेल साहेब, पिंटुशिंह और सभी युवा कार्य करता के सहयोग और मार्गदर्शन से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुए।

कार्यक्रमों का जीवंत प्रसारण सदाराम स्टूडियो लाखनी और सुदेश्वरी स्टूडियो लाखनी द्वारा किया गया।

### कुमारधुबी कालीमण्डा स्थित धोबी घाट पर अवैध कब्जा, रजक समाज ने किया विरोध



संजीव कुमार झा

**झारखण्ड:** कुमारधुबी कालीमण्डा स्थित धोबी घाट पर अवैध कब्जा का रजक समाज ने रविवार को जमकर विरोध किया। रेलवे द्वारा विस्थापित लोगों द्वारा धोबी घाट पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। सूचना पर कुमारधुबी ओपी के एसआई वसीम अनवर खान दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसआई खान ने कड़ा रूख दिखा अवैध कब्जाधारियों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद विस्थापितों ने अवैध कब्जा हटा लिया। जीतेन्द्र रजक, मुकेश रजक एवं राम उचित रजक ने कहा कि, अंग्रेजी शासन काल से यहां धोबी घाट है। यह समाज का धरोहर है, लेकिन कुछ लोग इस धरोहर को मिटाना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने दिया जायेगा।

कुमारधुबी में एकमात्र इस घाट के अस्तित्व को बचाने के लिये वे लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। बता दें कि, फ्रेट कॉरिडोर को ले रेलवे द्वारा रेलवे किनारे बसे लोगों को नोटिस देकर जगह खाली करने की चेतावनी दी गयी है। जिला प्रशासन विस्थापितों को बसाने के लिये ठोस पहल नहीं कर रही है। इसलिये विस्थापित सरकारी पड़ी खाली जमीन पर बसने के प्रयास में लगे हैं। इसी के तहत विस्थापितों ने धोबी घाट की खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करने का असफल प्रयास किया।

# हिमाचल प्रदेशः मुख्यमंत्री ने मुटेशन सत्यापन के लम्बित मामलों के शीघ्र निपटारे के दिए निर्देश

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेशः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित 'मंडे मीटिंग' की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 अक्तूबर, 2023 को पूरे प्रदेश में मुटेशन (इंतकाल) अदालत आयोजित की जाएगी। इसके तहत सभी तहसील व उप-तहसील तथा बंदोबस्त सर्कल स्तर पर केवल लम्बित मुटेशन सत्यापन के मामलों पर निपटरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 22000 से अधिक ऐसे मामले लम्बित पड़े हैं।

मुटेशन अदालत से आम आदमी को सुविधा के साथ ही उन्हें मूटेशन के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों में जाने से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुटेशन की प्रक्रिया समयबद्ध पूरी न होने के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इससे विकास कार्यों की प्रगति भी प्रभावित होती है।




ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ सरकार हर क्षेत्र में सार्थक और सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने अधिकारियों को मुटेशन अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।


मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नये पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाएंगे। यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक और नवीन प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे। इनमें कृत्रिम मेधा का समावेश भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को गुणात्मक एवं व्यवहार्य बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। इससे युवाओं में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ेगी, साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

उन्होंने अधिकारियों को हिमाचल मुजारियत एवं भू-सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 से संबंधित आवेदन की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे कार्य समयबद्ध होंगे और इनमें दक्षता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के 1500 बसों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से विद्युत चालित वाहनों से बदला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में यू.वी. फिल्टरेशन यूनिट स्थापित करने के लिए स्थल चयनित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल उपचार के लिए ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव राजस्व ओंकार चंद शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव वित्त मनीष गर्ग, विभिन्न विभागों के सचिव और मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा भी उपस्थित थे।

## हरदोई में नेवले और सांप की लड़ाई में नेवले ने ली सांप की जान




**बचेलाल**

**उत्तर प्रदेशः** हरदोई मल्लावां थाना क्षेत्र के तेरवाकुल्ली ग्राम सभा के देवी पुरवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास एक खेत में नेवले और सांप की लड़ाई में सांप की जान चली गई।

बता दें कि, तीन नेवले आपस में कुछ मंत्रणा करते हुए जा रहे थे, तभी एक सांप जो मेहंदी के पेड़ पर चढ़ा हुआ था, एक नेवले ने मेहंदी के पेड़ के ऊपर चढ़कर अपना दांव पेंच आजमाने लगा, कुछ ही देर में नेवला और सांप दोनो ही जमीन पर आ गए, और देखते ही देखते नेवले ने सांप के फन को मुंह में रख लिया और सांप की जान ले ली।

## कराबाख राजधानी में अजरबैजान नेता ने लहराया राष्ट्रीय ध्वज

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** बाकू ने सैन्य अभियान शुरू करने के कुछ सप्ताह बाद, अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने रविवार (15 अक्टूबर) को पूर्व अलग हुए क्षेत्र नागोर्नो-काराबाख की राजधानी में देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिससे क्षेत्र एक बार फिर अजरबैजान के नियंत्रण में आ गया।



एक विजयी राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा कि उन्होंने नागोर्नो-काराबाख को जातीय अर्मेनियाई अलगाववादियों से वापस लेकर दशकों पुराना "अजरबैजानी सपना" प्राप्त कर लिया है। जिन्होंने काराबाख के हिस्से पर दावा किया था, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजानी क्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त है, अपनी पैतृक मातृभूमि के रूप में।

खानकेंडी की राजधानी

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा "अजरबैजान गणराज्य के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव द्वारा खानकेंडी शहर में अजरबैजान गणराज्य का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और भाषण दिया," अजरबैजान द्वारा पूर्व अलग हुए क्षेत्र खानकेंडी की राजधानी का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा और इसे बुलाया गया था। अर्मेनियाई लोगों द्वारा स्टेपानाकर्ट।

1990 के दशक में जातीय अर्मेनियाई अलगाववादियों के कब्जे में आने के बाद यह पहली बार था जब अलीयेव ने शहर में कदम रखा था। एएफपी की ओर से अलीयेव ने कहा, "हम जो चाहते थे वह हमने हासिल किया। हमने वह सपना भी साकार किया जो अजरबैजान के लोगो द्वारा दशकों से देखा जा रहा था।"

20 साल इंतजार किया' सैन्य पोशाक पहने हुए, लंबे समय तक नेता रहे अलीयेव ने नीला-लाल-हरा झंडा फहराया, जिसे अजरबैजान खानकेंडी कहता है, जो पिछले माह के बिजली के आक्रामक आक्रमण के बाद बाकू की जीत को पुख्ता करता है। एएफपी के मुताबिक, अजरबैजानी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके देश ने काराबाख में अजरबैजानी शासन देखने के लिए "20 साल इंतजार" किया है। उन्होंने कहा, "यह जीत हमारे अतीत में हमेशा मौजूद रहेगी।"

अलीयेव की यात्रा उनके पिता हेदर अलीयेव के उत्तराधिकारी के रूप में अजरबैजान के राष्ट्रपति बनने के कुल दो दशक बाद हुई, जो सत्ता में आने के बाद से ही काराबाख पर नियंत्रण पाने के लिए उत्सुक थे। एएफपी की ओर से अलीयेव ने कहा, "बीस साल पूर्व, जब मैंने राष्ट्रपति के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों को पूरा करना शुरू किया, तो मैंने अपने लिए नंबर एक कार्य निर्धारित किया।" "जिससे सभी क्षेत्रों पर, सभी जमीनों पर, उन सभी कस्बों और गांवों में, जो उस समय कब्जे में थे, अजरबैजानी झंडा फहराया जाएगा।

## शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन होती है माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा, जाने कौन हैं मां ब्रह्मचारिणी ?

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** शारदीय नवरात्रि का दूसरा दिन सोमवार, यानि आज है। माँ दुर्गा और उनके नौ अवतारों की पूजा के लिए समर्पित, यह त्योहार शरद ऋतु के दौरान आश्विन के चंद्र महीने में आता है। नवरात्रि के दूसरे दिन, भक्त आदि शक्ति के दूसरे अवतार - माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं। नवरात्रि के दौरान पूजी जाने वाली अन्य आठ नवदुगाएँ हैं माँ शैलपुत्री, माँ चंद्रघंटा, माँ कुष्मांडा, माँ स्कंदमाता, माँ कात्यायनी, माँ कालरात्रि, माँ महागौरी और माँ सिद्धिदात्री।

मां ब्रह्मचारिणी देवी पार्वती का ही अविवाहित रूप है। इस अवतार में वह दक्ष प्रजापति के घर जन्मी और महान सती हुई थीं। वह सभी भाग्य के प्रदाता, भगवान मंगल को



नियंत्रित करती है। वह नंगे पैर चलती हैं, उनके दो हाथ हैं तथा अपने दाहिने हाथ में वे जप माला और बाएं हाथ में कमंडल रखती हैं। हिंदू धर्मग्रंथों के मुताबिक देवी ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को अपने पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उन्होंने कई सालो तक बिल्व पत्र, फूल, फल और पत्तेदार सब्जियों का आहार लिया और फर्श पर सोयीं। चिलचिलाती गर्मी, कठोर सर्दी और तूफानी बारिश में भी वह खुले स्थानों पर रहकर उपवास करती थीं। बाद में, उन्होंने खाना बंद कर दिया और बिना भोजन और पानी के अपनी तपस्या चालु रखी।

उसके तीव्र संकल्प को देखकर, भगवान ब्रह्मा ने उसे आशीर्वाद दिया और वह भगवान शिव की पत्नी बन गई। हालाँकि, जब उनके पिता ने भगवान शिव का अपमान किया, तो माँ ब्रह्मचारिणी ने अगले जन्म में एक ऐसा पिता पाने की इच्छा से आत्मदाह कर लिया जो उनके पति का सम्मान करता हो। इनकी आराधना से तप, त्याग, वैराग्य और संयम जैसे गुणों में स्वाभाविक रूप से सुधार होता है। व्यक्ति अपने नैतिक आचरण को भी बढ़ा सकता है। इसके अलावा, देवी की प्रार्थना करके व्यक्ति अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है।

## मुंडावर में चलाया गया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बूथ जोड़ों भारत जोड़ो अभियान




**भूपेश कुमार पुरोहित**

**राजस्थानः** आज विधानसभा क्षेत्र मुंडावर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बूथ जोड़ों भारत जोड़ो अभियान एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को एफ्छढ की योजना की मांग को पूरा नही करने को लेकर, आमजन को परेशान करने व भाजपा का धोखा एफ्छढ को रोका एवं कांग्रेस ने ठाना है। एफ्छढ नहर का पानी लाना है कि, तहत पेहल मण्डल की बैठक का गरीबदास आश्रम पेहल में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकताओं व आमजन के साथ मिलकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आगामी रणनीति तैयार की।

## सीएम हेमंत सोरेन की केंद्रीय गृहमंत्री से बैठक के बाद प्राप्त हुए बेहतरीन परिणाम

**सुरेन्द्र चौबे**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन 6 अक्टूबर शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा बैठक से लौटते ही झारखंड में उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई में अच्छे परिणाम मिलने प्रारंभ हो गए हैं।

झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ कामयाबी प्राप्त होने की दावा करती है, लेकिन आज तक कोई भी सरकार इनके ताकत और पहुंच का सही अंदाजा नहीं लग पा रही है। चतरा में सक्रिय नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो टॉप सब जोनल कमांडर सहित संगठन के पांच उग्रवादी गिरफ्तार हुए पुलिस इनके पास से 1945 के दौर की पूर्ण, लेकिन दमदार राइफल ट1 राइफल कारतूस परिचय और अग्नियास्क बरामद किया है। चतरा जिला के सिद्धालू सात पहाड़ी हिला के छापेमारी कर




मायावादी टीएसपीसी के सब जनरल कमांडर प्रभात उर्फ प्रेम कुमार गंजू शिशु गंजू अशोक गंजू को गिरफ्तार किया गया, इनके ऊपर दर्जनों मामले दर्ज हैं।

साहूकारों से प्राप्त लेवी, तेंदूपत्ता, खैर का कतथा, गांजा, अफीम की खेती, कोयला, फायर केलेपत्थर, बालू, पत्थर खनन, लकड़ी, ठेकेदारों से प्राप्त लेबी, मनरेगा योजना और अब वर्तमान समय में एशिया महादेश की सबसे बड़ी कोल माइंस मगध और आम्रपाली कोल प्रोजेक्ट के कोयले ढुलाई में प्रतिदिन फिक्स लेबी से अकूत धन की प्राप्ति। एन.टी.पी.सी लिमिटेड कंपनी के सब ठेकेदार कंपनियों से प्राप्त लेवी इन्हीं क्षेत्रों से सबसे ज्यादा वामपंथी नक्सली लेवी प्राप्त करते हैं, साथ ही साथ झारखंड के हर जिले में हो रहे अवैध खनन और देहाती इलाकों में चल रहे विकास योजनाओं से भी इन्हें 10% लेवी मिल जाता है।

प्राकृतिक भू-भाग का बनावट ही नक्सलियों का सुरक्षित पनाहकर है। यहां जंगल, पहाड़ी और खनिज संपदा भरे पड़े होने के कारण नक्सलियों की निगाहें यहां से हटती नहीं है और यहां के ग्रामीण जनता लोग अवैध खनन और अन्य गैर कानूनी धंधों में लिप्त होने के कारण यह लोग नक्सली संगठनों से जुड़े रहकर इन्हें सपोर्ट करते हैं। राजनीतिक दल भी अपने प्रतिद्वंद्वी को रास्ते से हटाने के लिए नक्सलियों का इस्तेमाल करते आ रहे हैं बदले में इन्हें राजनीतिक संरक्षण मिलता है।

हथियार सप्लाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह है सक्रिय- सन 2007 में चतरा, पलामू, हजारीबाग, खूंटी, चाइबासा, लोहरदगा इलाके में नक्सलियों के सहयोग से नाइजीरिया के अफीम तस्कर किसानों के साथ मिलकर अफीम की खेती करने में सक्रिय रहे और इन्हीं ड्रग्स तस्करों ने नक्सलियों को विदेशी हथियार अफगानिस्तान- पाकिस्तान होते हुए नेपाल के रास्ते बिहार में विदेशी हथियार प्रवेश कराया और ये विदेशी हथियार चतरा पलामू हजारीबाग में सक्रिय नक्सली संगठनों को उपलब्ध कराया है। पुलिस लगातार झारखंड के नक्सली इलाकों में छापेमारी कर रही है।

झारखंड की जनता देखना चाहती है कि, केंद्र सरकार और राज्य सरकार कब तक जनता को नक्सली मुक्त राज्य सौपती है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली




**सूरज मौर्य**

**उत्तर प्रदेशः** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय श्रीअन्न (मिलेट्स) जागरूकता रैली का केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिंद, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी वीएस, उपनिदेशक कृषि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने एक युवक को रास्ते में लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज




**दीपक कौशल**

**उत्तर प्रदेशः** भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने एक युवक को रास्ते में लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। रिंकू देवी निवासी ग्राम रामपुर टेंगरहा थाना तरबगंज ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 14 अक्टूबर देर शाम को उसका पति धनीराम यादव ग्राम पंचायत भरहापारा बालेश्वरगंज से निमंत्रण से वापस घर आ रहा था।

रास्ते में गांव के ही रामचेरापुर चौराहे के पास प्रदीप पुत्र खन्नू यादव, जनक राम यादव पुत्र श्याम लाल यादव, खन्नू पुत्र लाल बिहारी यादव व राम समुझ पुत्र खन्नू यादव ने भूमि के विवाद को लेकर लाठी-डंडो से पिटाई कर दी। इससे उसके पति को गंभीर चोटे आई हैं। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### हरियाणाः पंकज गर्ग का परिवार तीन पीढ़ियों से कर रहा वकालत




**इंद्रजीत**

**हरियाणाः** पंकज गर्ग का परिवार तीन पीढ़ियों से कर रहा है वकालत पंकज गर्ग के दादा रहे चुके है। एडवोकेट और मां-पिता अब भी है, एक्टिव एडवोकेट कालांवाली।डबवाली में वकालत करने वाले एडवोकेट ओम प्रकाश गर्ग के पोते और एडवोकेट सुरेंद्र गर्ग हैप्पी के बड़े बेटे पंकज गर्ग को पंजाब सिविल सर्विसस 2023 (ढ़ूर-ख) में 30वां रैंक हासिल कर जज बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिस पर पंकज गर्ग के परिवारजनों, दोस्तों, बार एसोसिएशन कालांवाली व डबवाली के एडवोकेटस और शहरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एसपी गोंडा अंकित मित्तल के निर्देशन में मिशन शक्ति 4.0 के तहत पम्पलेट वितरण कर किया गया जागरूक




**शिवसरण**

**उत्तर प्रदेशः** एसपी गोंडा अंकित मित्तल के निर्देशन में उड सदर द्वारा पूजा/आरती के समय नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 4.0 के तहत आयोजित चौपाल में शासन द्वारा जारी योजनाओं, विभिन्न हे०ला० के संबंध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

### राजस्थानः श्री रामलीला समिति तांगा स्टैंड अलवर के तत्वाधान में 76वां हुआ मंचन



**भूपेश कुमार पुरोहित**

**राजस्थानः** श्री रामलीला समिति तांगा स्टैंड अलवर के तत्वाधान में 76वां मंचन किया गया, जिसमें भगवान श्री राम की आरती हेतु संयुक्त व्यापारी महासंघ अलवर को आमंत्रित किया गया एवं सभी सदस्यों का भगवान राम के मंच से स्वागत किया गया। प्रभु श्री राम श्री रामलीला समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों पर अपनी कृपा दृष्टि एवं आशीर्वाद सदैव बनाए रखना।

# जम्मू कश्मीरः उधमपुर के फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट के ऊपर फूटा पैंथर पार्टी के नेता हर्ष देव सिंह का गुस्सा

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीरः** उधमपुर पैंथर पार्टी के हर्ष देव सिंह फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट उधमपुर के ऊपर उनका गुस्सा फूटा। फूड एंड सप्लाई ऑफिस के बाहर नारेबाजी भी हुई। गरीबों का राशन लूटने बंद करो, हर्ष देव सिंह का कहना है कि फूड एंड स्पाई डिपार्टमेंट ने बेशर्मी की सभी हदे लॉन्ग दी है। लोगों को राशन नहीं मिल रहा है, कई कई महीने का राशन उनका गायब कर दिया जाता है। गरीब लोगों को राशन दिया ही नहीं जाता है। कोई ना कोई बहाना हमेशा लगाया जाता है। इस वजह से आपका राशन काट दिया गया। हर्ष देव सिंह जी ने कहा यदि गरीब को राशन नहीं मिलेगा तो गरीब जियेगा कैसे। बार-बार इन लोगों को हमने यह कहा है कि सही तरीके से गरीब लोगों को राशन मिलना चाहिए।



हर्ष देव सिंह जी ने कहा कि यह डिपार्टमेंट एक कान से सुनकर दूसरे कान से बात को निकाल देते हैं। उन अफसरो के मुंह काले करेंगे लोग। याद रखिए वह भूल जाइए पुराने जमाने, पहले आप लोगों से लूटखसूट करते थे। आपको पूछने वाला कोई नहीं था। अब पैंथर पार्टी हिसाब पूरा लेगी आपसे। हर्ष देव सिंह का कहना है कि बहुत सारे गांव है, जहां आठ आठ किलोमीटर चलाकर लोगों को बुलाया जाता है कि राशन लेने के लिए आओ, क्या फायदा रह जाएगा इस स्कीम का लोगों को। महिला को हम देखते हैं कि आठ आठ किलोमीटर बोरी सिर के ऊपर उठकर पैदल राशन लेकर जा रही हैं।

हर्ष देव सिंह जी ने कहा कि क्या आप उनके गांव में राशन नहीं दे सकते चड्डी गांव है, लद्दा गांव है, किथर गांव है, 3 पंचायत है, जहां राशन लेने के लिए लोगों को 8, 8 ,10, किलोमीटर पैदल चल के आना पड़ता है। डीसी ऊधमपुर ने आर्डर हुआ एडी को यह राशन उन गांव में जाकर लोगों को वहां दिया जाए लेकिन फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट वाले लोग सड़क पर ही राशन बांट देते हैं। गांव में ले ही नहीं जाते हैं और कैरिज का किराया के पैसे खुद लूट लेते हैं, इन्होंने कमाई करनी है। हर्ष देव सिंह जी का कहना है कि मैं लानत मरता हूं ऐसे अफसरो को जो गरीबों का राशन लूटने बैठे हुए हैं। इस वक्त ऐसे अफसरो को शर्म आनी चाहिए, ऊपर अपने भगवान को जवाब देना है, लेकिन नीचे हर्ष देव सिंह को आपको जवाब देना पड़ेगा। यदी आप गरीबों के साथ अन्याय करोगे, हर्ष देव सिंह आपको बक्सेगा नहीं ना ही पैंथर पार्टी आपको बक्सेगा।

# उत्तर प्रदेशः डीएम ने दिखाई फसल अवशेष प्रबंधन उपाय प्रचार प्रसार वाहन को हरि झंडी

**महकर**

**उत्तर प्रदेशः** जनपद मुजफ्फरनगर में अब कुछ समय बाद धान की कटाई व गन्ना मिल कोलहु और ईख की कटाई शुरू हो जाएगी और फसल भी कटनी शुरू हो जाएगी। वहीं खेतो में धान की कटाई के बाद पुराली वह गन्ने की कटाई के बाद पत्ती बहुतायात में इकट्ठी हो जाती है। जिसे बकौल एनजीटी किसान खेतों में ही जला देते हैं और उसे पराली व पत्ती के जलने से प्रदूषण फैलता है।




इसीलिए आज किसानो की जागरूकता को लेकर डीएम कार्यालय से डीएम अरविंद मल्लपा बंगारी ने फसल अवशेष प्रबंधन उपाय के प्रचार प्रसार के लिए गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गांव व देहात क्षेत्र के लिए रवाना किया, जिससे किसानों को पत्ती और पराली को जलने से बचाकर उसका निस्तारण खेतों में ही किसानों द्वारा किया जाए। वहीं डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने किसानों की जागरूकता के लिए आज फसल प्रबंधन उपाय प्रचार प्रसार के लिए गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम अरविंद मल्लपा बंगारी ने किसानों से आग्रह किया कि, वह पत्ती और पराली को खेतों में ना जलाएं और प्रदूषण को बढ़ावा ना दे डीएम ने किसानों से अपील की कि, वह पत्ती और पराली को खेतों में ही नष्ट कर सकते हैं और जमीन में दबा सकते हैं और इससे कई और भी फायदे होते और हैं, जो कृषि विभाग किसानों को बतायेगा और किसानों से अपील है कि वह प्रदूषण रोकने में प्रशासन का सहयोग करें।

डीएम अरविंद मल्लपा बंगारी ने कहा कि, जो भी पत्ती और पराली जलाता हुआ मिलेगा। उसके खिलाफ एनजीटी के आदेशों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# मां बेटे को मिलने गई थी, पीछे से जलकर राख हुआ आशियाना



**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीरः** जम्मू के बस स्टैंड के पास एक घर में लगी आग से जलकर आशियाना राख हो गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अब वह प्रशासन और सिविल सोसाइटी से मदद मांग रहे हैं। जम्मू के बस स्टैंड के पास एक घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल और फ्रिज का सामान भी था, जो जलकर धुआं धुआं हो गया। इतनी भयानक आग थी कि मौके पर जम्मू कश्मीर की पुलिस वहां पर पहुंची और उन्होंने पूरी कोशिश की आग को बुझाने की।

बाल्टिया के साथ पाइप के साथ एसएचओ सहब खुद भी बाल्टिया के साथ आग बुझाने में लगे हुए थे, इतनी देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई, तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। फिर उसके बाद आग के ऊपर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक कुछ भी नहीं बच पाया था। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है। 25 साल से इस घर में यह परिवार रह रहा था। औरत सफाई कर्मचारी का काम करती थी और अपने परिवार को पालती थी।

# अगर सच में सेहतमंद रहना है, तो भोजन की सही मात्रा और का सही तरीका जानलो, ये हैं भोजन के नियम

**मो. हसन राजा**

**नई दिल्लीः** हमारा शरीर भले ही सबसे ज्यादा पानी का बना हो लेकिन, हम क्या खाते और पीते है ये हमारे एनर्जी लेवल और शरीर के काम करने की क्षमता को सीधे प्रभावित करता है। ऐसे में हमें हमेशा अपने खान पान को लेकर सतर्क रहना चाहिए और अपने डाइट को हेल्दी रखना चाहिए। हम में से ज्यादातर लोग खाने-पीने का सही तरीका ही नहीं जानते हैं। इसके कारण से हेल्दी खाना भी शरीर के के लिए हानिकारक हो जाता है। तो आइए खुद को सवस्थ रखने के लिए खाने से जुड़ी कुछ बाते जानते हैं।



खाना खाने के कुछ नियम

भोजन की थाली में खाना डालते समय आपको कुछ बातों को अपने दिमाग में रखना चाहिए, जैसे कि पहले आपकी थाली में सतुंलित भोजन होना चाहिए। इसलिए

-सबसे अधिक सब्जियां थाली में रखें। ये विटामिन, फाइबर, मल्टी न्यूट्रिएंट्स आदि के बेहतर स्रोत होते हैं।

-फिर दाल लें, इसमें प्रोटीन अच्छी मात्रा में होती है।

-इसके साथ ही चावल और रोटी, जो कि कैलोरी से भरपूर हैं और शरीर को शक्ति देता है।

-सलाद लें, जो कि रेफेज और फाइबर का सोर्स है।

-1 टुकड़ा गुड़, जो दिल और मन को मीठा कर दे, इसके साथ ही यह खाना पचाने में भी हेल्प करता है।

खाना खाने का ठीक समय

अक्सर लोग खाना खाने का सही समय नहीं जानते हैं या पता होने के बाद भी समय पर खाना नहीं खाते हैं, आइये जानते है

खाना खाने का सही समय

-सबसे पहले शुबह 7 से 9 बजे नाश्ता जरूर करें।

-10 से 12 बजे के मध्य फल लें।

-दोपहर में 1से 2 बजे के मध्य में लंच जरूर करें।

-4 बजे चाय और कुछ स्नैक्स लें।

-7 से 9 बजे के मध्य तक डिनर जरूर कर लें।

खाना खाने का सही तरीका

-खाना वक्त पानी न पियें।

-खाना खाते वक्त अपने मोबाइल और टीवी को बंद कर दे।

-जमीन पर बैठकर आराम से लगभग 20 मिनट बैठ कर 32 बार चबा कर खाएं

-जल्दी जल्दी खाना खाने की आदत को धीरे धीरे खत्म करें। नहीं तो हवा पेट में भरेगा और आपको ब्लोटिंग और एसिडिटी का सामना करना पड़ेगा।

खाना खाने के 30 मिनट के बाद आया 1 घंटे बीत जाने के बाद आप पानी पिएं।

खाना खाने के बाद आप थोड़ा टहल लें। खाना खाने के बाद तुरंत बैठने या सोने से बचें। इसके साथ यह भी आपको ध्यान में रखना चाहिए की आप बाहर के खाना खाने से बचें।

## एक नजर

### माजलता पुलिस ने पशु तस्करी करने वालों पर कसी नकेल




**राजेश कुमार**

जम्मू कश्मीरः जम्मू कश्मीर पुलिस को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। पशु तस्करों की तीन गाड़ियों समेत पकड़ा, जिसमें से दो ड्राइवर गिरफ्तार कर लिए गए और एक ड्राइवर भाग जाने में कामयाब रहा। इन गाड़ियों में 40 पशु थे, जिसमें से 25 गाय और 15 बैल थे यह तीनों गाड़ियां कश्मीर की तरफ जा रही थी, लेकिन माजलता पुलिस नाके के चेकिंग दुरान थाना प्रभारी राकेश कुमार, ए एस ई बटृल, रुपिंदर सिंह जी ने तीनों गाड़ियों को पकड़ कर और उनके ड्राइवरो को गिरफ्तार कर के उनके ऊपर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जम्मू में दो लड़कियों को ड्रग्स बेचते नंगे हाथों पुलिस ने पकड़ा




**राजेश कुमार,** जम्मू कश्मीरः जम्मू के राजीव नगर में पुलिस ने मारी रेड में दो लड़कियां ड्रग्स समेत पकड़ी गई। पुलिस ने दोनों लड़कियों को हवालात का रास्ता दिखा दिया है। दोनों लड़कियों के पास से ड्रग्स और वेट मशीन बरामद हुई है। जम्मू कश्मीर पुलिस का कहना है कि ड्रग्स सर्च अभियान चलाया जा रहा है और किसी किस्म की गैर कानूनी गतिविधि जम्मू कश्मीर में नहीं होने देंगे। अभी दोनों लड़कियों से पूछताछ चल रही है और उनके ऊपर आगे करवाई की जाएगी।

### शारदीय नवरात्रि पर पकड़ी बाजार में माँ काली जी मंदिर में हो रही है पूजा




**दीपक कौशल, उत्तर प्रदेशः** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तरबगंज तहसील के पकड़ी बाजार स्थित माँ काली जी मंदिर में 15 अक्टूबर से पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य यजमान पंडित नीरज कुमार मिश्र का कहना है कि इस नवरात्रि में माँ काली जी मंदिर पर भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सुबह और शाम के समय श्रद्धांलुओं की संख्या बढ़ रही है और रात्रि को माँ काली जी कीर्तन मंडली के सभी सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जा रहा है। मंदिर प्रांगण को बेहतरीन ढंग से सजाया जा रहा है।

### कठुआ के 18 नंबर वार्ड में दिनदहाड़े हुई चोरी

**राजेश कुमार, जम्मू कश्मीरः** कठुआ के 18 नंबर वार्ड में एक टीचर सुभाष चंद्र के घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई। चोरों ने चोरी करके 11 तोला सोना और 5000 नगदी लेकर राफुचक्र हुए। सुभाष चंद्र जी का कहना है कि 9:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक हम ड्यूटी पर होते हैं। मेरी पत्नी भी टीचर है और बच्चे स्कूल गए हुए थे, जब हम 2:00 बजे के बाद ड्यूटी से वापस घर आए तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है और अलमारी के ताले टूटे हुए हैं, चोर ने पिछले दरवाजे को तोड़कर अंदर आए थे और 11 तोला के आसपास हमारा जो सोना घर पर रखा हुआ था और 5000 नगदी वहां से गायब है।

# सलमान खान के शो बिग बॉस 17 में कलाकारों के नाम का खुलासा

## इस लिस्ट में मुनव्वर फारुकी, लोकंडे-विक्की जैन, ईशा मूल-अभिषेक कुमार सहित और भी नाम

**कृतिका कुमारी**

**मुंबईः** इस बार बिग बॉस 17 में हमे कई दिलचस्प चेहरे दिखाई देने वाले है। सबका पसंदीदा रियलिटी शो इस बार 'दिल, दिमाग और दम' की थीम पर आधारित रहेगा। इस सीजन में दर्शकों को कई दिलचस्प और नई फि ल्में देखने को मिलने वाला है, इसके अतिरिक्त घर का डिजाइन यूरोपीय है। घर में टेलीविजन उद्योग के कुछ बहुत चर्चित जोड़े और एकल बाजार भी शामिल होंगे। आइए एक नजर डालते हैं इनवेस्टमेंट पर, जो इस सीजन में नजर आते हैं।



कहा जा रहा है कि एमटीवी हसल फेम चॉकलेटा खान भी शो में एंट्री ले सकती हैं। सिद्धांत के मुताबिक, वह बिग बॉस स्केच 2 जद हदीद की तस्वीरें हैं। वहीं दूसरी ओर एक्टर्स सोनिया बैसाखी का नाम भी मीडिया में खूब शोर मचा रहा है। उन्होंने हाल ही में शक्ति कपूर और राहुल रॉय की फिल्म 100 करोड़ की शुरूआत की है।

अंततः वह रात आ ही गई जब सलामन खान बिग बॉस 17 के दरवाजे खोलेंगे। विवादस्पद रिएलिटी शो में 105 दिनों के लिए, 17 मशहूर हस्तियों को महलनुमा घर में बंद होता देखा जाएगा। इस बार उन्हें दिल, दिमाग और दम श्रृंखलाओं के आधार पर बांटा जाएगा। जिनमें से प्रत्येक के पास कुछ खास शक्तियां होंगी। आपको बता दे की इस बार बिग बॉस के घर में रहने वालो में से 17 प्रतिभागियों के नाम जारी हो चुके है।

जिनमे शामिल है- अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, ईशा मालवी-अभिषेक कुमार, जिग्ना वोरा, मन्नारा चोपड़ा, मुनव्वर फारूकी, सना रईस खान, नावेद सोल, रिंकू धवन, नील भट्ट- ऐश्वर्या शर्मा, युत्युबर सानी आर्य, अरुण श्रीकांत और अनुराग धोबाल, फिरोजा खान और सोनिया बंसल।

बिग बॉस 17 सोमवार-शुक्रवार, रात 9 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित किया जायेगा।

# जम्मू कश्मीरः उधमपुर पुलिस ने नशा तस्करो को ऑटो समेत धरदबोचा




**राजेश कुमार**

जम्मू कश्मीरः उधमपुर पुलिस को भारी मात्रा में भुक्की ऑटो से बरामद हुई है। जम्मू कश्मीर पुलिस के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भुक्की को कश्मीर से एक ऑटो में जम्मू की तरफ लाई जा रही थी। जैसे ही ऑटो उधमपुर के जखनी इलाके में पहुंचता है, जम्मू कश्मीर पुलिस ऑटो और नशा तस्कर को दबोच लेती है।

ऑटो का नंबर JK 04H3149 बताया जा रहा है। इसमें दो आदमी सवार थे। एक आदमी का नाम परवेज और दूसरे का नाम नजीर बताया जा रहा है,जो कश्मीर के बड़ागांव से तालुक रखते थे। उधमपुर के एसएसपी विनोद कुमार जी ने उनको गिरफ्तार कर सलाखों का रास्ता दिखाया और उनसे पूछताछ चल रही है और आगे की कार्रवाई हो रही है

# बहेड़ी पुलिस ने 2 स्मैक तस्कर को 32 ग्राम स्मैक सहित किया गिरफ्तार




**राजेश श्रीवास्तव**

**उत्तर प्रदेशः** मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर उ .प. निरीक्षक संजीव कुमार, उ. प. निरीक्षक जावेद अली, कॉन्स्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल शांति स्वरूप, कांस्टेबल शिवांशु राठी व कांस्टेबल राशिद अली के साथ चेकिंग के मकसद से लोदीपुर चौराहे पर पहुंचे, तो एक आल्टो कार इसका नंबर वढ 25 व इऊ 4218 खड़ी थी। मुखबिर की सूचना के अनुसार इसी गाड़ी में तस्कर स्मैक रखकर बेचने का कार्य करते हैं।

जब पुलिस को आता देख, तस्कर गाड़ी लेकर ग्राम बरही परोही की तरफ भागने लगे, तो उ .प. निरीक्षक संजीव कुमार, जावेद अली के साथ कांस्टेबल विनय कुमार, शांति स्वरूप, शिवांशु राठी पर राशिद अल्वी ने गाड़ी को घेर कर तलाशी ली, तो उनके पास 32 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसमें तस्कर धर्मेंद्र 34 पुत्र रामनिवास ग्राम. केशवपुर थाना बहेड़ी व सानू 28 पुत्र रईस शेखूपुर थाना बहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया। इन्हे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# विश्व एनेस्थीसिया दिवस, जाने इसकी तिथि, इतिहास, महत्व, विषय

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** प्रत्येक वर्ष, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल समुदाय स्वास्थ्य देखभाल में एनेस्थीसिया की भूमिका के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाता है। एनेस्थेटिस्टों को सम्मान देने के लिए इसे मनाया जाता है, जिन्हें एनेस्थेसियोलॉजिस्ट भी कहा जाता है, जो रोगियों को बिना दर्द की सर्जरी से गुजरने में मदद करते हैं।

यह दिन एनेस्थीसिया अभ्यास में लगातार सुधार और सर्जिकल और चिकित्सा प्रक्रियाओं के दौरान रोगियों की भलाई और आराम सुनिश्चित करने के लिए एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के अथक प्रयासों की याद दिलाता है। वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल में एनेस्थीसिया की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना और इस दिन उन पेशेवरों को श्रद्धांजलि देना अहम है जो इसे सुरक्षित रूप से प्रदान करने के लिए अथक कोशिशे करते हैं।



विश्व एनेस्थीसिया दिवस 2023 कब है?

प्रत्येक वर्ष, 16 अक्टूबर को पुरी दुनिया में विश्व एनेस्थीसिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन एनेस्थेटिस्टों के सम्मान में समर्पित होता है।

विश्व एनेस्थीसिया दिवस 2023 थीम

इस वर्ष के विश्व एनेस्थीसिया दिवस की थीम, "एनेस्थीसिया और कैंसर देखभाल", कैंसर देखभाल में एनेस्थीसिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है और कैंसर रोगियों के लिए परिणामों में सुधार के लिए एनेस्थीसिया सेवाओं को बढ़ने के लिए आह्वान करती है।

विश्व एनेस्थीसिया दिवस का इतिहास

मॉर्टन, जिन्होंने आज ही के दिन 173 वर्ष पूर्व एनेस्थेटिक के रूप में ईथर का पहला सफल आधिकारिक प्रदर्शन किया था, डब्ल्यू.टी.जी. के सम्मान में 16 अक्टूबर को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया जाता है। विश्व एनेस्थीसिया दिवस की स्थापना वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज ऑफ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट (डब्ल्यूएफएसए) ने की थी। इस घटना के परिणामस्वरूप एनेस्थीसिया का अभ्यास शुरू हुआ।

1903 से, इस ऐतिहासिक दिन को मनाने के लिए विशेष समारोह आयोजित किए जाते रहे हैं। यह मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के एक ऑपरेटिंग थिएटर में हुआ था, चिकित्सा के इतिहास में इसे एक अहम पहलु के रूप में जाना जाता है। एनेस्थीसिया का एक अन्य पहलू वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (डब्ल्यूएफएसए) के वार्षिक कार्यक्रम का विषय है, और दुनिया भर में इससे संबंधित समारोह आयोजित किए जाते हैं।

## एक नजर


### सेंट पीटर स्कूल के छात्र की सफलता...विविध क्रीडा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन



**सचिन अशोकराव मून**

**महाराष्ट्रः** सेंट पीटर स्कूल के क्रीडा व युवक सेवा संचालक पुणे के अंतर्गत जिल्हा क्रीडा परिषद व जिल्हा क्रीडा अधिकारी कार्यालय द्वारा हाल ही में आंतरशालेय क्रीडा स्पर्धा का आयोजन किया गया था। स्पर्धा मे सेंट पीटर इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने विविध खेलने शानदार प्रदर्शन का सफलता हासिल की है। इन छात्रों ने फुटबॉल, खो-खो, रोप स्किपिंग, मैदानी क्रीडा स्पर्धा, आर्चरी विविध, खेल स्पर्धा में सफलता हासिल की। विजय खिलाडियो का संभागीय स्तर पर होने वाली स्पर्धा के लिए चयन किया गया। छत्र ने अपने सफलता का श्रेय संस्थापक वीर आगलावे, संस्थाचालक रीना आगलावे, मुख्याध्यापिका नीलिमा सावरकर, पर्यवेक्षिका जेसिका गायकवाड, ज्योती गावंडे, अपर्णा भटकर व सोनार रंगारी को दिये। सभी शिक्षक शिक्षका आहे और गैरशिक्षण कर्मचारी स्कूल इन सभी विद्यार्थीयो के माता पिता के साथ-साथ बडनेरा और क्षेत्र के नागरी को द्वारा भी बधाई दी जा रही है।

### जम्मू डोगरा फ्रंट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने धारा 370 पर दिया बड़ा बयान




**राजेश कुमार, जम्मू कश्मीरः** जम्मू डोगरा फ्रंट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने धारा 370 को लेकर बहुत बड़ी बात की है। जब तक किसी राजनीतिक पार्टी का लोकसभा व राज्यसभा में बहुमत की सरकार नहीं होती तब तक 370 किसी भी कीमत पर जम्मू कश्मीर में वापस नहीं आ सकता है। चाहे वह नेशनल कांग्रेस की सरकार या पीडीपी पार्टी की सरकार या नेशनल कांफ्रेंस की सरकार हो। किसी भी सरकार का बहुमत लोकसभा और राज्यसभा में होना जरूरी है। अशोक गुप्ता जी का कहना है कि मैं कहता हूं की धारा 370 वापस नहीं आएगी।

जम्मू कश्मीर में जम्मू डोगरा फ्रंट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने राजनीतिक पार्टियों पर निशाना साधते हुए बोला कि नेशनल कांफ्रेंस, नेशनल कांग्रेस, पीडीपी अन्य सायसी पाटीर्या जनता को बेवकूफ बना रही है। अशोक गुप्ता जी ने कहा कि कोई भारत की ताकत जब तक पार्लियामेंट में बहुमत होगा चाहे नेशनल कांग्रेस हो पीडीपी पार्टी,नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी या अन्य पार्टी हो। संसद के अंदर जब तक बहुमत नहीं आएगा तब तक धारा 370 जम्मू कश्मीर में वापस आने वाला नहीं है। अशोक गुप्ता जी का कहना है कि मुझे पता है यह मामला सुप्रीम कोर्ट के अंदर है, लेकिन अभी सुप्रीम कोर्ट का यह एक विषय है।

### कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रुडो ने नवरात्रि की सुभकामनाएं दे कर दिया सन्देश, जाने क्या हैं मायने ?

**मो. हसन राजा,** इंडिया के ओर से कनाडा के करीब 40 राजनयिकों को देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कनाडा भारत के साथ रिश्ते को बेहतर कोशिश करने का प्रयास कर रहा है। पहले कनाडा के वरिष्ठ अधिकारी ने बयान दिया था और अब कनाडा के पीएम ट्रुडो ने हिन्दुओं को बड़े त्योहार नवरात्रि के पावन अवसर पर शुभकामनायें दीं हैं।

कनाडा के पीएम जस्टिन ने संडे को नवरात्रि की शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने ऑफिसियल एक्स हैंडल से ट्वीट कर कहा कि 'नवरात्रि की सुभकामनाएं! मैं हिन्दू कम्युनिटी के लोगों और उन सभी को हार्दिक सुभकामनाएं भेज रहा हूँ, जो इस त्योहार को मना रहे हैं।"

कनाडा के पीएम के तरफ से रविवार को जारी किये गए वक्तव्य में कहा गया कि, आगामी 9 रात और 10 दिन में कनाडा और विश्व भर में हिन्दू समुदाय के लोग नवरात्रि मनाने के लिए जमा होंगे।

उन्होंने इसके साथ ही आगे कहा कि नवरात्रि हिन्दू आस्था में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और पवित्र फेस्टिवल में से एक है, जो भैंस के सिर वाले राक्षस महिषासुर पर देवी दुर्गा की जीत और बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। अक्सर इसे महिला ऊर्जा के उत्सव के रूप में देखा जाता है, यह दोस्तों, रिश्तेदारों के लिए एक साथ आने और प्राथनाओं, हर्षोउल्लासपूर्ण प्रदर्शनों, खास भोजन और आतिशबाजी के साथ सदियों पुराणी परंपराओं के सम्मान करने का वक़्त है।"

# मध्य प्रदेश: मतदान कर्मियों को ईवीएम, वी वी पैट का अधिक से अधिक दें प्रशिक्षण : भारत निर्वाचन आयोग

**मुकेश हरियाणी**

**मध्य प्रदेशः** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश अनुपम राजन द्वारा सागर संभाग की समीक्षा बैठक निवाड़ी जिले के ओरछा में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में निर्देशित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया में ई चालान का उपयोग कराएं, सुरक्षा की दृष्टि से दो प्लान तैयार करें, मतदान कर्मियों को ईवीएम,वीवी पैट का अधिक से अधिक प्रशिक्षण दे, साथ ही सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दो प्लान तैयार करें। डाक मतदान वाले पात्र व्यक्तियों को डाक मतदान करने की जानकारी समय सीमा में प्रदान करें। मतदाता सूची में डुप्लीकेशन न हो।




उल्लेखनीय है कि सागर संभाग के 6 जिलों में सात हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर साठ लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने निर्देश दिए कि मृत लोगों के नाम सूची में न रहें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हों उनके ईपिक कार्ड वितरित किए जाएं। सभी रिटर्निंग आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें और मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों में 1500 से अधिक मतदाता हैं ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और नया मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में बनाया जाए। मतदान केंद्र पर मतदान कराने के लिए आने वाले मतदान दल और सुरक्षाकर्मियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाये, जिससे उनका मतदान कराने में अच्छा अनुभव रहे।

अनुपम राजन ने सागर जिले की चांदी एवं राशि पकड़ने की करवाई की सराहना की एवं कहा कि सभी जिले इस तरह की कारवाई करे। इसी प्रकार सागर के स्वीप प्लान के तहत की जा रही गतिविधियों की भी सराहना की। स्वीप की गतिविधियों का एक वीडियो कलेक्टर दीपक आर्य के माध्यम से देखा। राजन ने निर्देश दिए कि तत्काल अंतर्राज्जीय एवं अंतर जिला बार्डर पर नाका प्रारंभ करें जिससे कार्रवाई प्रारंभ की जा सके।

बैठक में निर्देशित किया गया कि चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों एवम कोविड से अत्यधिक पीड़ित रहे व्यक्तियों के लिए बैलेट की तैयारी अच्छी तरह से की जाये। बीएलओ को भी पता होना चाहिए कि किन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाना है। चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाये।


सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक पोस्ट या रि-पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम न कर सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक और जिला बदर की कार्यवाही की जाये। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए जिले में और राज्य की सीमाओं में नाके लगाकर वाहनों की सख्ती से जांच की जाये। मदिरा के अवैध निर्माण और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाये। फ्लाइंग स्कॉड और एसएसटी द्वारा मुस्तैदी से काम किया जाये।

बैठक में निर्देशित किया गया कि, चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए बनाए गये सी-विजिल मोबाइल एप का व्यापक प्रचार किया जाए। वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गए। श्री राजन ने कहा कि बुंदेलखंड संवेदनशील क्षेत्र है उन्होंने कहा कि, एनसीसी का आदर्श आचार संहिता का पालन पूरी निष्पक्षता ईमानदारी के साथ करें। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी अनुमतियों का परीक्षण करके ही अनुमति प्रदान करें।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा अनुराग ने कहा कि सुरक्षा एवं फोर्स के लिए दो प्लान तैयार करें, जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके उन्होंने कहा कि वाहनों की व्यवस्था भी अतिरिक्त रूप से राखी जावे स्थाई वारंटियों, माफिया एवं आदतन अपराधियों की सूची तैयार करें। संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि, आबकारी विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग के समन्वय से अधिक से अधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं वेयर हाउस का समय-समय पर निरीक्षण करें। संभाग में 26 विधान सभाओ में सात हजार 63 मतदान केंद्रों पर कुल मतदाता साठ लाख 44 हजार 956 में से पुरुष मतदाता 31 लाख 79 हजार 130, महिला मतदाता 28 लाख 65 हजार 774 एवं अन्य मतदाता 65 अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

बैठक में शामिल सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने जिले में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रुचिका चौहान, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अनुराग सहित संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी सुनील कुमार जैन, छतरपुर रेंज डीआईजी ललित सकवार, जॉइंट कमिश्नर अनिल द्विवेदी, सागर कलेक्टर दीपक आर्य व पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, छतरपुर कलेक्टर संदीप जी. आर व पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, निवाड़ी कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा व पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, टीकमगढ कलेक्टर अवधेश शर्मा व पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, पन्ना कलेक्टर हरजिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## क्या है 'विश्व खाद्य दिवस' का इतिहास और जाने इसका महत्व




**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** प्रत्येक साल खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए विश्व खाद्य दिवस समारोह का आयोजन दुनिया भर में किया जाता है। पूरी दुनिया में हजारों लोग भूख से पीड़ित हैं और हमें भुखमरी की समस्या से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डब्ल्यूएफडी का भी लाभ उठाया जा सकता है। विश्व भर में ऐसे कई संगठन मौजूद है, जो विश्व खाद्य दिवस मनाते हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम भी शामिल हैं।

**इतिहास**

विश्व खाद्य दिवस की स्थापना, 1945 में संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने की थी। 34 वर्षों के बाद नवंबर 1979 में 20वें एफएओ सम्मेलन में इसे विश्व अवकाश के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके बाद, संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसे आधिकारिक मान्यता मिलने के बाद 150 देशों ने इस दिन को मनाना शुरू कर दिया। 2014 से, विश्व खाद्य दिवस का उपयोग किया जा रहा है। दुनिया को खाना खिलाने और ग्रामीण देशों में गरीबी दूर करने के विचार को बढ़ावा देना।

हाल के वर्षों में, विश्व खाद्य दिवस ने अपने वार्षिक उत्सव दिवस का उपयोग मछली पकड़ने वाले समुदायों, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता सहित खाद्य सुरक्षा और कृषि के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया है।

**महत्व**

विश्व खाद्य दिवस के वर्ष 2023 का विषय है झ ह्लजल ही जीवन है, जल ही भोजन है। किसी को पीछे मत छोड़ो"। ह्लहमें जल को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हम क्या खाते हैं, और वह भोजन कैसे उत्पन्न होता है, यह सब जल को प्रभावित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के खाद्य और कृषि संगठन अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहते हैं, "एक साथ मिलकर, हम भोजन के लिए पानी की दिशा में कदम उठा सकते हैं और बदलाव ला सकते हैं।"

## उत्तर प्रदेश: जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न स्कूलों चलाया एंटी रोमियो मिशन

**आकिल अली**

**उत्तर प्रदेशः** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जिला बिजनौर में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए संचालित अभियान मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारम्भ विभिन्न स्कूलों की छात्राओं, एंटी रोमियो पुलिस बल पर आधारित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में डायल-112, कोबरा मोबाइल, एंटी रोमियो स्कवाड टीम व स्कूली छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली नगर बिजनौर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई विकास भवन पहुंच कर समाप्त हुई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष, साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, जिस राष्ट्र में महिलाएं सशक्त हैं। वह निश्चित रूप से शक्तिशाली होगा। उन्होंने कहा कि देश में महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं संवेदनशील हैं। यही कारण है कि शिक्षा, खेल सहित जीवन के हर क्षेत्र में तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने विकास भवन परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मातृशक्ति का आह्वान किया कि अपने अथवा अपनी निकटतम महिला वर्ग पर हो रहे अत्याचार के बारे में अपने मन के डर को निकालें और खामोशी तोड़ें।

उन्होंने कहा कि खामोश रहने से किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है, समस्या का निराकरण तभी संभव हो सकता है जब अपनी समस्याओं को पूरे हौसले के साथ सक्षम स्तर पर रखा जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है उसके अलावा सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन का संचालन भी किया जा रहा है, चिकन पर 24 घंटे किसी भी समय सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने स्कूली छात्राओं का आह्वान किया कि मुझे अपने अधिकारों को पहचाने और अपनी प्रतिभाओं को उजागर करें ताकि समाज में उनको विशिष्ट पहचान और सम्मान प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि, पुलिस छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और उनके आत्मसम्मान को बालवति बनाए रखने के लिए तत्पर और सजग है। उन्होंने उपस्थित स्कूली छात्राओं का आवाहन किया कि उनके साथ घर, स्कूल, सड़क अथवा किसी भी स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो तत्काल निःसंकोच होकर हेल्पलाइन पर संपर्क करें और दोषियों को दंडित कराने में अपने साहस का परिचय दें।

इस अवसर पर दो बहादुर महिलाओं नईमा पत्नी दिलशाद ग्राम सफदरपुर रेहरा, बढ़ापुर क्षेत्र तथा सुनीता पत्नी मदन सिंह, तहसील रामपुर को, उनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना गुलदार से संघर्ष कर अपने बच्चों को सुरक्षित बचाने के साहसी कार्य के उपलक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र उपलब्ध करा कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली डॉक्टर राखी आनंद अग्रवाल सहित शिक्षण, आर्थिक क्षेत्र एवं सामाजिक समाज सेवी संस्थाओं की महिलाओं को शाल ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा आज शनिवार को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विकास भवन के सभागार बिजनौर में देखा गया।

विकास भवन प्रांगण में जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष साकेद्र प्रताप सिंह द्वारा महिलाओं के उत्थान व महिला विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शाल उड़ाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

तदोपरांत इस अवसर पर विकास भवन सभागार में लखनऊ से सीधा प्रसारित कार्यक्रम को उपस्थित सभी द्वारा देखा गया। आज रैली व आयोजित कार्यक्रम के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालक/ बालिकाओं को लैपटाप एवं डिक्शनरी वितरित की। कार्यक्रम में महिला शक्ति से संबंधित सांस्कृतिक एवं अन्य संबंधित कार्यक्रम आयोजित हुए।

# डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियन्त्रण के लिए एडवायजरी जारी

**आकिल अली**

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियन्त्रण के लिए एडवायजरी जारी की, जनसामान्य को डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से सुरक्षित रखने के लिए एडवायजरी का अनुपालन करने का किया आह्वान

डेंगू रोग स्वतः समाप्त होने वाला वायरस जनित रोग है जो भाषा एडीज टाईमर के काटने से फैलता है। एडीज इजिप्टाई मच्छर घरों में एवं घरों के आस-पास एकत्रित साफ पानी में विकसित होता है तथा दिन के समय में काटता है और रात को दिवान करता है। डेंगू बुखार का विषाणु इस मच्छर के द्वारा एक प्रभावित व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में फैलता है। इसका विषाणु की तेजी से शरीर में प्रकार करता है के रोग से प्रभावित करता है। एडीज इजिप्टाई मच्छर की विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के पश्चाद जब यह अच्छे देता है तो वह अण्डे भी डेंगू वायरस से संक्रमित होते हैं तथा उन अण्डों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं और रोग फैला सकते हैं।

1. मच्छर के काटने के उपरान्त स्वस्थ व्यक्ति 2-7 दिन के मध्य बुखार का रोगी, सिरदर्द, बदन दर्द, जोड़ो व मांसपेशियों एवं आँखों के पिछले हिस्से में दर्द की शिकायत करता है। 2. शरीर पर लाल व गुलाबी रंग के



थक्कत्ते पड़ जाना।

3. कमजोरी लगना, भूख न लगना, जी मचलाना। 4. डेंगू के गम्भीर स्थिति मे नाक, मुँह, गुदा, मूत्र नली इत्यादि से रक्त बहना।

5. कभी-कभी रोगी का बेहोश हो जाना।

डेंगू रोग का प्रबन्धन

लक्षण के आधार पर यदि मरीज में बुखार, शरीर दर्द इत्यादि के अलावा अन्य किसी तरह का लक्षण नहीं है तो मरीज को साधारण बुखार के लिएः

1. साधारण डेंगू बुखार में उपचार व देखभाल घर पर की जा सकती है। 2. बुखार 102 डिग्री फारेनहाइट से अधिक होने पर शरीर पर पानी की पट्टियों रखें। 3. डॉक्टर की सलाह पर बुखार कम करने हेतु पैरासिटामाल औषधि ले सकते है।

4. शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए आवश्यकतानुसार तरल पदार्थों एवं ओ०आर०एस० घोल का सेवन करे।

5. रोगी को ज्यादा से ज्यादा आराम करना चाहिये तथा सामान्य रूप से खाना खाना चाहिये।

6. मुँह, नाक एवं मूत्र द्वार से रक्तस्त्राव होने पर शीघ्र ही चिकित्सक की सलाह लें तथा सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र / चिकित्सालय में भर्ती करायें।

डेंगू रोग का निदान

निदान (Diagnosis) अर्थात जॉच के द्वारा मरीज की डायग्नोसिस बनाने की जरूरत तब पड़ती है जब मरीज में उपरोक्त साधारण लक्षण के अतिरिक्त डिहाईड्रेशन, शरीर में लाल चकत्तें, काली लेट्रीन होना, आँखों की पुतलियों में दर्द व रक्त स्त्राव अथवा बहुत ज्यादा कमजोरी लगना हो तभी मरीज को समस्त सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र /जिला चिकित्सालय/पंजीकृत निजी चिकित्सालय में सम्पर्क कर जाँच कराना चाहिये जिससे स्पष्ट हो सके कि मरीज की स्थिति कितनी गम्भीर है।

**डेंगू रोग का उपचार**

निदान के उपरान्त चिकित्सक की सलाह पर ही उपचार करें। सरकारी/निजी चिकित्सालय में डेंगू के रोगियों के लिये एक पृथक वार्ड चिन्हित किया जाये जिसमें प्रत्येक बैड़ पर रोगी के लिये मच्छरदानी की व्यवस्था करायी जाये। चिकित्सक की सलाह के अनुसार खून, डेंगू रैपिड़ कार्ड, प्लेटलेट, एलाइजा विधि एवं लीवर आदि की जॉच (एल0एफ0टी0) कराया जाना चाहिये ।

प्लेटलेट की कम संख्या से कतई घबराने की जरूरत नहीं है यदि मरीज का प्लेटलेट 60000 के उपर है तो मरीज को अपना खान-पान, हाईड्रेशन रखने व बुखार में पैरासिटामोल लेने की स्थिति से ही लगभग 95 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हो जाता है।

यदि मरीज का प्लेटलेट 28000 या उसके नीचे रहता है तो मरीज को किसी चिकित्सक की सलाह में ऐसी फैसिलिटी / सेन्टर के सम्पर्क में रहना चाहिये जहाँ प्लेटलेट की उपलब्धता होती है।

यदि प्लेटलेट ट्रांसफ्यूजन, आई०सी०एम०आर० गाईडलाइन के क्रम में 10000 अथवा उसके नीचे हो जाने पर ही किया जाना है।

मरीजों के लिये डेंगू रोग से बचाव के विशेष सुझाव

क्या करें

1. घर में कूलर, बाल्टी, घड़े तथा ड्रम का पानी साप्ताहिक अन्तराल पर बदलते रहे कूलर का पानी निकालने के बाद उसकी टंकी, दीवारों को स्कन से साफ करके 4-5 घंटे सूखने दें जिससे दीवारों से भी मर जायें।

2. घर पर एवं घर मे पानी रखने वाली टंकी एवं बर्तनों का ढक्कन अच्छी तरह बंद रखें।

3. घर के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें।

4. पूरी आस्तीन का कपड़ा पहने तथा पैरों में जूता मोजा पहनें।

5. सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। शरीर पर मच्छर निरोधक औषधियों को खुले भागों पर लगायें।

6. नीम की पत्ती का धुआँ करें।

7. डेंगू बुखार में चिकित्सक की सलाह के अनुसार पैरासिटामाल की गोली या सिरम डिकलोफेनक / एसीक्लोफेने/ (बच्चों हेतु) लेकर बुखार को कम रखिये एवं पूर्ण आराम करें। पानी की पट्टी रख कर यर को कम करें

8. बुखार होने पर नजदीक के राजकीय है, रक्तस्त्राव हो सकता है। चिकित्सालय पर निःशुल्क जाँच एवं उपचार किया जाता है।

क्या न करें

1. घर के आस-पास तथा आंगन में एवं पर पड़े पुराने आदि मे पानी इकट्ठा ना होने दें तथा कबाड़ छत पर या खुले स्थान पर ना डालें।

2. घर के आस-पास कूड़ा एवं पानी एकत्र ना होने दें।

3. घर में यदि बुखार का रोगी है तो उसे मच्छरदानी के बिना ना रहने दें अथवा ऐसे कमरे में रोगी की देखभाल करें जिसके खिड़की तथा दरवाजों पर णालियों लगी हो।

4. नंगे बदन न रहें।

5. बुखार का रोगी बिना रक्त की जाँच कराये दवा का इस्तेमाल ना करे तथा खाली पेट दया ना खायें। 6. एस्प्रिन / डिस्प्रिम/ आईबूप्रोफेन /निमुसलाइड एवं काट्रीसोन / स्टीरॉयड औषधियां कदापि नहीं लेना चाहिये। इनसे रोगी की स्थिति गम्भीर हो सकती है और रक्तस्राव हो सकता है।

7. झोलाछाप डाक्टर से ग्लूकोज /आई०वी० फ्लूइड / बोतल इत्यादि न चढ़वायें।

जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयो में डेंगू रोग की रैपिड कार्ड से निःशुल्क जाँच की जाती है तथा जिला चिकित्सालय बिजनौर ने एलाईजा विधि द्वारा भी जाँच निशुल्क की जाती है एवं मरीज की स्थिति को देखते हुए भर्ती कर निशुल्क उपचार किया जाता है गम्भीर रोगी को चिकित्सक की सलाह पर हायर सैन्दर को सन्दर्भित किया जाता है डेंगू रोगियों के परिवन हेतु 108 एम्बुलेन्स सेवा का उपयोग करें।

आयुष्मान कार्ड से डेंगू रोग का उपचार

आयुष्मान कार्ड धारकों हेतु डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों का उपचार योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध चिकित्सालयों में भर्ती होने की अवस्था में निःशुल्क उपलब्ध है।

नोटः कृपया चिकित्सक इलाज के लिए ICMR की गाईडलाइन के अनुरूप ही उपचार करना सुनिश्चित करे यदि स्थिति जटिल हो तो आवश्यकतानुसार स्वयं आवश्यक निर्णय लें।

## संपादकीय

# युद्ध की छाया में चुनाव बेमजा

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे युद्ध ने भारत में पांच राज्यों के चुनावों का रंग फीका कर दिया है। चुनाव बेमजा हो गए है। टीवी के परदे का एक बड़ा समय इस युद्ध की भेंट चढ़ गया है। युद्ध होता ही ऐसा है जिसमें सब कुछ भेंट चढ़ जाता है। मानवता तक नहीं बचती। पहले पंद्रह दिन पितृपक्ष ले गया और आने वाले नौ दिन देवी के नाम आरक्षित हैं। कांग्रेस ने पितृपक्ष में अपने प्रत्याशियों की सूची का ऐलान न कर इस रंग को और बेरंग कर दिया। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने दो महीने पहले ही अपने प्रत्याशियों की पहली सूची मध्यप्रदेश में जारी कर दी थी। फिर छत्तीसगढ़ का नंबर आया। राजस्थान की बारी बाद में आयी। तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव में भाजपा की ज्यादा दिलचस्पी है नहीं क्योंकि इन दोनों राज्यों में भाजपा के लिए कोई ज्यादा गुंजाइश है भी नहीं। पैर रखने की जगह ही मिल जाये ये ही बहुत है। स्थिति ये है कि मिजोरम की और तो अब तक प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झांका तक नहीं है। इन विधानसभा चुनावों में रंग उभरने से पहले ही इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जंग छिड़ गयी। भारत सरकार अब इस जंग में व्यस्त है, चुनावों के लिए समय निकलना कठिन हो रहा है।

सत्तारूढ़ भाजपा के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मध्यप्रदेश और राजस्थान में सिंधिया फेक्टर गले की फांस बन या है। राजस्थान में भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती बसुंधरा राजे सिंधिया को विधानसभा चुनाव से अलग रखना चाहती है, लेकिन वे हैं कि अलग हो ही नहीं रही। भाजपा ने रानी का विकल्प रानी को चुना लेकिन मुकाबला सध नहीं रहा। जयपुर राजघराने की रानी धौलपुर की महारानी के समाने टिक नहीं पा रहीं। प्रदेश भाजपा का एक बड़ा धड़ा बसुंधरा राजे के साथ खड़ा है। बसुंधरा राजे से भाजपा की विरक्ति की वजह क्या है ये कोई नहीं जानता, जबकि भाजपा की जड़ों में सिंधिया खानदान का बहुत खून-पसीना लगा हुआ है।

मध्य्प्रदेश में बसुंधरा राजे सिंधिया की बहन यशोधरा राजे ने भाजपा हाईकमान के तेवर देखकर मैदान छोड़ दिया है। वे विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ रहीं है। वैसे भी उन्हें टिकिट न मिलना तय था। भनक समय पर पड़ गयी सो यशोधरा ने खुद ही मना कर दिया। बसुंधरा और यशोधरा के भाई माधवराव सिंधिया के इकलौते पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए एक बड़ी जरूरत हैं लेकिन वे भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए राजी नहीं है। वे चुनाव लड़वाने वाले नेता हैं हालाँकि भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में उन्हें अभिमन्यु की तरह घेरकर चुनाव हरा चुकी है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने आपको चुनाव प्रचार के लिए तैयार कर रखा है जबकि उनके विरोधी चाहते हैं कि जब भाजपा के 7 सांसद चुनाव लड़ रहे हैं तो सिंधिया को भी विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाना चाहिए।

# मुफ्त की रेवड़ी पर रोक की जरूरत

जब भी मुफ्त की रेवड़ी की बात होती है तो यह सवाल उठता है कि किस चीज को मुफ्त की रेवड़ी कहेंगे और किस चीज को लोक कल्याण की योजना कहेंगे? हर सरकार और पार्टी अपनी योजना को लोक कल्याण की योजना बताती है और कहती है कि भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य है, जिसमें सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की समस्याओं को दूर करे और जरूरतों को पूरा करे।

-अजीत द्विवेदी-



चुनावों से पहले मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की घोषणाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिचक के साथ ही सही लेकिन एक पहल की है। अदालत ने मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। हालांकि अदालत के मन में एक दुविधा है, जिसे उसने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान जाहिर किया। सर्वोच्च अदालत ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या चुनावी वादों पर नियंत्रण किया जा सकता है? यह बहुत जायज सवाल है और इस पर बहस भी सनातन है। जब भी मुफ्त की रेवड़ी की बात होती है तो यह सवाल उठता है कि किस चीज को मुफ्त की रेवड़ी कहेंगे और किस चीज को लोक कल्याण की योजना कहेंगे? हर सरकार और पार्टी अपनी योजना को लोक कल्याण की योजना बताती है और कहती है कि भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य है, जिसमें सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की समस्याओं को दूर करे और जरूरतों को पूरा करे। लेकिन सवाल है कि क्या मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने से जनता की बुनियादी समस्याएं दूर हो रही हैं? हकीकत यह है कि इससे कुछ लोगों की तात्कालिक समस्याओं का समाधान तो मिलता है लेकिन समस्याओं के स्थायी निराकरण की संभावना समाप्त हो जाती है। देश या राज्य के ढांचागत विकास की प्रक्रिया इससे रूक जाती है क्योंकि पार्टियां और सरकारें चुनाव जीतने के एक आसान फॉमूर्ले के तौर पर मुफ्त की रेवड़ी का इस्तेमाल करने लगती हैं। वे ढांचागत विकास और रोजगार पैदा करने वाली योजनाओं पर सोचना बंद कर देती हैं।मुफ्त की रेवड़ी बांटने की सीधा असर राज्यों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इससे एक ऐसा दुष्चक्र बनता है, जिसमें से राज्यों का निकलना दिनों-दिन मुश्किल होता जाता है। हर राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने की अपनी योजना पर अपने बजट का बड़ा हिस्सा खर्च करती हैं, जिससे उनका घाटा बढ़ता जाता है। घाटा पूरा करने के लिए सरकारों को बेतहाशा कर्ज लेना होता है और जैसे जैसे कर्ज बढ़ता है वैसे वैसे कर्ज का ब्याज चुकाने पर होने वाला खर्च बढ़ता है। आज स्थिति यह है कि ज्यादातर राज्यों के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। पंजाब के ऊपर अपने सकल घरेलू उत्पाद के 48 फीसदी के बराबर कर्ज है। राजस्थान पर 40 फीसदी और मध्य प्रदेश के ऊपर जीडीपी के 29 फीसदी के बराबर कर्ज है, जबकि यह जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। भारी-भरकम कर्ज का नतीजा यह है कि पंजाब अपनी कमाई का 20 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। मध्य प्रदेश भी अपनी कमाई का 10 फीसदी हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करता है। हरियाणा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी कुल बजट आवंटन का 20 फीसदी या उससे ज्यादा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च होता है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 15 राज्य ऐसे हैं, जिनके ऊपर उनकी जीडीपी के 30 फीसदी से ज्यादा कर्ज है।राज्यों के ऊपर कर्ज इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि उनको मिलने वाले राजस्व के मुकाबले उनके खर्च ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं और खर्च बढ? का एक बड़ा कारण मुफ्त की चीजें और सेवाओं बांटने की होड़ है। इस साल मई में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने पांच गारंटी के तहत महिलाएं, युवाओं, किसानों सबको खुले हाथ से नकदी बांटने का ऐलान किया। कई सेवाएं मुफ्त में देने की घोषणा की। चुनाव जीतने के बाद जब आकलन हुआ तो पता चला कि मुफ्त की चीजें और सेवाएं बांटने की घोषणा को पूरा करने में हर साल करीब 55 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसे पूरा करने का नतीजा यह होगा कि राज्य का घाटा आठ फीसदी तक बढ़ेगा, जिसे पूरा करने के लिए उसे कर्ज लेना होगा। ऐसे ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद बिजली सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी हुई है। वह 20 हजार करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। आप सरकार ने कई और वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देनी शुरू की है, जिससे उसका घाटा 45 फीसदी तक बढ़ सकता है।भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्य मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं देने की अपनी घोषणा पूरी करने के लिए अपनी कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा खर्च कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्य इस सूची में आते हैं। इनमें सबसे कम आठ फीसदी खर्च राजस्थान में होता है और सबसे ज्यादा 35 फीसदी पंजाब में। झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे गरीब राज्य भी क्रमशः 27 और 24 फीसदी खर्च करते हैं। मुश्किल यह है कि राज्य एक बार मुफ्त में चीजें और सेवाएं देने की घोषणा करने के बाद चुप होकर नहीं बैठ जाते हैं। वे हर चुनाव में नई घोषणाएं करते हैं। हर चुनाव में पहले से ज्यादा बड़ी घोषणा की जाती है। जैसे अभी खबर है कि केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि की रकम को बढ़ाने जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय हर साल किसानों के खाते में छह हजार रुपए डालने की योजना शुरू हुई थी और पांच साल बाद सरकार उसको बढ़ा कर आठ हजार रुपए करने जा रही है। मुफ्त में पांच किलो अनाज देने की योजना भी 31 दिसंबर के बाद बढ़ाई ही जाएगी। उधर राज्यों में नकद पैसे बांटने और मुफ्त में बिजली, पानी, बस सेवा आदि देने की होड़ अलग मची है।तभी ऐसा लग रहा है कि अब समय आ गया है कि इस तरह की घोषणाओं पर रोक लगाई जाए। लोक कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त की रेवड़ी के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची जाए। इसमें यह ध्यान रखना होगा कि किसी के साथ पक्षपात न हो। यह नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार किसानों को नकद पैसे दे या अनाज मुफ्त में दे या रसोई गैस का सस्ता सिलेंडर दे तो उसे लोक कल्याण की योजना माना जाए और किसी दूसरी पार्टी की सरकार महिलाओं को नकद पैसे दे या बिजली व पानी मुफ्त में या सस्ती दर पर दे तो उसे मुफ्त की रेवड़ी माना जाए! ऐसा होने पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा प्रभावित होगी। सर्वोच्च अदालत, चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र व राज्य सरकारों और राजनीतिक दलों की सहमति से इस मामले में नियम तय करने चाहिए।सरकारों का कर्तव्य सामूहिक कल्याण सुनिश्चित करने का है, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले कुछ समय से उसे निजी कल्याण में बदल दिया गया है। एक निश्चित समूह को लक्ष्य करके मुफ्त में चीजें और सेवाएं बांटी जा रही हैं और वोट सुनिश्चित किया जा रहा है। गरीबों को दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री करके मध्य वर्ग और अमीरों से उसकी ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। इसकी बजाय सरकारें बिजली का उत्पादन बढ़ा कर और वितरण बेहतर करके सबके लिए उसकी कीमत सस्ती कर सकती है। लेकिन इसका तात्कालिक लाभ नहीं मिलेगा।

# कांग्रेस की बिसात में फंसती जा रही है, भाजपा?

-सनत कुमार जैन-

भारत जोड़ो यात्रा के बाद से कांग्रेस और राहुल गांधी का आक्रामक स्वरूप देखने को मिल रहा है। जब भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्हें पप्पू कहा जा रहा था। मीडिया में यह भी कहा जा रहा था, कि वह जल्द ही यात्रा बीच में छोड़कर वापस आ जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा एक टी-शर्ट से पूरी की। कन्याकुमारी से कश्मीर तक उन्होंने यात्रा की। उसके बाद उनके माथे से पप्पू का कलंक हट गया। एक नेता के रूप में राहुल गांधी की पहचान मीडिया और आम जनता के बीच बनी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ा हमला गांधी परिवार पर किया था। कांग्रेस ने इसका बखूबी जवाब दिया। दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया।कांग्रेस ने एक तीर से दो शिकार कर लिए। भारतीय जनता पार्टी ने गांधी परिवार के ऊपर जो निशान साधा था। वह कोई काम नहीं आया। उल्टे कर्नाटक में इस दलित नेता के कारण भारतीय जनता पार्टी को करारी पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा के हमले से कांग्रेस में एक दलित नेता जरूर पैदा हो गया। जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। पिछले कुछ महीनो में कांग्रेस ने जिस तरह से लोक लुभावन घोषणाएं कर भारतीय जनता पार्टी को घेरने का काम किया है।उससे भी भारतीय जनता पार्टी, धीरे-धीरे कांग्रेस के बिछाए हुए जाल में फंसती हुई नजर आ रही है। केंद्र सरकार ने रसोई गैस के दाम बढ़ाए थे। कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। कांग्रेस ने जिस तरह से कर्नाटक में लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह के होते हुए भी कर्नाटक विधानसभा चुनाव मे भाजपा की करारी पराजय हुई। केंद्र सरकार को 300 रुपये रसोई गैस के दाम घटाने मजबूर होना पड़ा। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने महिलाओं को 1500 रुपये देने का वचन दिया था। मध्य प्रदेश सरकार ने ताबड़तोड़ 1000 रुपये की योजना शुरू करके तथा हर महीने रुपये 250 बढाकर, नवंबर माह तक 1500 रुपए महिलाओं को देने का निर्णय लेना पड़ा। इस तरह के निर्णय का उल्लेख संपादकीय में इसलिए करना पड़ रहा है,कि जनता के पास एक संदेश भी जा रहा है। विपक्ष उनकी मांग को उठाता है, तो सरकार उनकी मांग को मान लेती है। विपक्ष यदि मजबूत नहीं होगा, तो सरकार उनकी बात नहीं मानेगी। ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर भी कांग्रेस ने लीड ली है।हिमाचल और कर्नाटक विधानसभा का चुनाव ओल्ड पेंशन स्कीम के कारण कांग्रेस ने जीत लिया। सरकारी कर्मचारियों में यह भरोसा बनने लगा कि यदि कांग्रेस की सरकार आई, तो ओल्ड पेंशन स्कीम लागू हो जाएगी। हाल ही में प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को 1 से लेकर 12वीं तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने और हर माह स्कॉलरशिप देने की घोषणा की है। इसका भी बड़ा असर आम जनता पड़ता हुआ दिख रहा है। 70 से 80 फीसदी आबादी के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं।सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को कोई फीस नहीं लगेगी। उल्टे उन्हें हर माह स्कॉलरशिप मिलेगी। इससे निम्न वर्ग, निम्न मध्यम आय वर्ग और मध्यम वर्ग के लोग प्रियंका गांधी की इस घोषणा से प्रभावित हुए हैं। प्रियंका गांधी ने जिस तरह से निशुल्क शिक्षा और स्कॉलरशिप का तीर छोड़ा है। वह ठीक निशाने पर लगा है। एक ही झटके में प्रियंका गांधी ने निम्न एवं मध्यम वर्ग की आशाओं को जगाने का काम किया है। जाति आरक्षण और महिलाओं को आरक्षण देने की मांग को लेकर राहुल गांधी जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दे रहे हैं। उससे राहुल गांधी की एक नई छवि भी बन रही है। कांग्रेस जिस तरह से आक्रामक होकर आत्म विश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। कांग्रेस की सभाओं में भीड़ बडी संख्या में उमड रही है। उससे कांग्रेस उत्साहित हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। धूप छांव की तरह तेजी के साथ राजनीति के समीकरण बदल रहे हैं। जो सत्ता पक्ष और विपक्ष को समान रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

# गजा: युद्ध एक पहलू अनेक

-तनवीर जाफरी-

फिलिस्तीन के कई क्षेत्रों में इस्लामिक आंदोलन के रूप में सक्रिय संगठन हमास ने जब से इजराईल पर एक साथ लगभग 7 हजार मिसाइलों की अकल्पनीय वर्षा की है उसके फौरन बाद से ही इस्त्राईल ने भी युद्ध की घोषणा करते हुये गजा पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिये हैं। दोनों ही तरफ से मानवता का खून खुलकर बहाया जा रहा है। दोनों ही पक्षों के हजारों लोग अपनी जानें गँवा चुके हैं। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश हमास के हमले को आतंकवादी हमला बताते हुये इस्त्राईल के साथ खड़े हुये हैं। जबकि इस्लामी देश खासकर अरब जगत इस मुद्दे पर बंटा हुआ है। ले दे कर ईरान,सीरिया व लेबनान जैसे देश व वहां का नेतृत्व बिना इस बात की परवाह किये हुये फिलिस्तीनियों के साथ खड़ा है कि इस्त्राईल को महाशक्ति अमेरिकी समर्थन हासिल है। इस्त्राईल तो यह भी आरोप लगा रहा है कि हमास द्वारा इजराईल पर दागी गयी लगभग 7 हजार मिसाइल व इसके कारण इस्त्राईल में हुई जान व माल की भारी तबाही के पीछे ईरान का हाथ है। परन्तु ईरान ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से तो इंकार जरूर किया है परन्तु उसने हमास और फिलीस्तीनियों के अधिकारों व उनके संघर्ष के प्रति अपना खुला समर्थन पूर्ववत जारी रखने का एलान भी किया है। हमास का मत है कि 'फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है'। वेस्ट बैंक में भी हमास की मौजूदगी है। फिलहाल खंडहर के रूप में परिवर्तित हो चुके गजा को इस्त्राईली सेना चारों तरफ से घेर कर सैन्य कार्रवाही कर रही है यहाँ तक कि उसने हवाई हमले भी किये हैं। इस्त्राईल ने तो फिलीस्तीनियों से गजा छोड़ कर चले जाने की भी चेतावनी दे डाली है। गौरतलब है की हमास का मुख्यालय भी गजा शहर में ही है जिसे पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प इस्त्राईली नेता बेंजमिन नीतिनयाहु ले चुके हैं।

इस पूरे दुर्भाग्यपूर्ण घटना चक्र में केवल मानवता विरोधी युद्ध ही नहीं हो रहा बल्कि पूरा विश्व इस युद्ध व इसके कारणों के विभिन्न पहलुओं को लेकर भी चिंतित है। सबसे बड़ी चिंता इस युद्ध में यह है कि जिसतरह आनन फानन में अमेरिका ने अपनी सैन्य सहायता इस्त्राईल को सबसे पहले भेजी और उसके वरिष्ठ मंत्री भी इस्त्राईल आये और गये उससे एक बात साफ नजर आ रही है कि इस्त्राईल इस समय यह लड़ाई केवल गजा में हमास नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये ही नहीं लड़ रहा बल्कि इसके पीछे ईरान को उकसाने की भी पश्चिमी देशों की एक बड़ी साजिश है। तमाम अंतराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना और पूरी तरह आत्म निर्भर बने रहना यहाँ तक कि सैन्य,विज्ञान व तकनीकी क्षेत्रों में भी शोधात्मक प्रगति करना पश्चिमी देशों को नहीं भा रहा है। यह किसी भी तरह ईरान को युद्ध में खींचना चाहते हैं। वर्तमान गजा युद्ध में भी इन देशों की यही कोशिश है कि गजा पर हो रहे इस्त्राईली जुल्म और उसे अमेरिकी समर्थन से क्रोधित होकर किसी तरह ईरान भी युद्ध में कूद पड़े। यदि ऐसा होता है तो उसके बाद इस युद्ध की क्या शक्ल होगी इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दूसरा पहलू इस युद्ध का यह भी है कि इस्त्राईल व अमेरिका सहित अनेक पश्चिमी देश जोकि स्वयं शस्त्रों का उत्पादन व व्यवसाय करते हैं उनके लिये इस तरह के युद्ध ही 'उचित बाजार' हैं। लिहाजा हथियार उत्पादन करने व मुख्यतः इसका व्यवसाय करने वाले देशों की दिलचस्पी शांति या युद्ध रोकने में नहीं बल्कि युद्ध को और खतरनाक मोड़ तक ले जाने में रहती है। भीषण मारक हथियारों के इस्तेमाल के परिणाम स्वरूप जहाँ मानवता कराहती है और मानवतावादी आंसू बहाते हैं वही यह हथियार उत्पादक वैश्विक लॉबी ऐसे हथियारों के अति घातक परिणाम को अपनी व अपने उत्पाद की सफलता मानते हैं। आजकल ऐसे प्रत्येक हथियारों के प्रयोग के साथ ही उनकी वीडिओ भी बनाई जाती है ताकि उसकी कार्यक्षमता व उसके द्वारा की गयी भीषण तबाही का पूरा खूनी मंजर कैमरे में कैद कर अपना शस्त्र क्रेता ग्राहक देशों या आतंकवादी संगठनों को दिखाया जा सके। दुनिया के कई शस्त्र उत्पादक देश केवल अनेक देशों की सरकारों को उसके सैन्य प्रयोग के लिये ही हथियार नहीं बेचते बल्कि दुनिया के अनेक आतंकी संगठनों या कथित रूप से मुक्ति संघर्ष में लगे संगठनों को भी हथियार की आपूर्ति करते हैं।

# हमास की हरकतों से दुनिया को लेना होगा सबक

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

इजराइल में आतंकी संगठन हमास ने खुलेआम न केवल बरबरतापूर्ण कत्लेआम किया बल्कि समूची दुनिया को इस्लामिक कानून जबरन मनवाने का धमकी भी दे डाली। हमास के कमांडर महमूद अल जहर ने एक मिनिट से अधिक के वीडियो में अपना प्रभाव बढाने का दावा करते हुए इजराइल को केवल शुरूआत बताया है। लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने तो अमेरिका को धमकी देते हुए अपने वर्चस्व की घोषणा तक कर दी। विगत 7 अक्टूबर को जिस तरह से हमास ने इजराइल में कत्लेआम मचाया, मासूम बच्चों को जिन्दा आग में झौंका, महिलाओं के साथ ज्यादतियां कीं, लोगों को बंधक बनाया, लूटपाट करके अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की, वह अब तक के आतंकी चेहरा से हटकर और क्रूरता की हद पार करने वाला था, जिससे दुनिया को डराने की कोशिश की जा रही है। हमास का अर्थ है हरकतुल मुकाबमतुल इस्लामिया है जिसे दूसरे शब्दों में इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन भी कह सकते हैं। यह संगठन फिलिस्तीन में सुन्नी मुसलमानों की एक सशस्त्र संस्था है जिसका गठन सन 1987 में हुआ था। इसके गठन में फिलिस्तीन के अलावा मिस्त्र भी शामिल हुआ था। वर्तमान में समूचा संसार मुस्लिम आतंकी संगठनों की चपेट में आ चुका है। इस्लामिक आतंकी संगठन पूरी दुनिया पर राज करने वाले पैगाम को लेकर चल रहे हैं। उनका मानना है कि अतीत में जो घोषणा की गई थी, कि धरती पर केवल इस्लाम को मानने वाले ही होंगे, उसे पूरा करने का वक्त आ गया है। सभी को शरिया मानना माना पडेगी। केवल खुदा को मानना पडेगा। मुस्लिम पध्दति से इबादत करना पडेगी। कट्टरता के तौर तरीके अपनाने पडेंगे। ईमानदाराना बात तो यह है कि इस पैगाम के पीछे दुनिया में सद्भावना, सहयोग, भाईचारा, अन्याय के विरुध्द एकजुट होकर खडे होना, अन्यायी को कठोर दण्ड, पूरे वातावरण में खुशहाली भरी शान्ति का जिक्र किया गया था। अनजान ताकत यानी सुपर पावर पर सभी को आस्था रखना पडेगी, उसके हुक्म को मानना पडेगा। सुपर पावर को देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार परमात्मा, खुदा जैसे नाम दिये गये, इबादत के ढंग बनाये गये और वे समय के साथ हस्तांतरित होते चले आये। मगर सुपर पावर की बात को कुछ कट्टरपंथियों ने अपने-अपने ढंग से परिभाषित करके आस्थावानों को समझाना शुरू कर दी। बस यहीं से परमात्मा का वास्तविक संदेश धीरे-धीरे लुप्त होकर सुनाने वाले के शब्द, मंशा और नियत बन गये। उसी का परिणाम है कि कट्टरपंथियों ने अंधविश्वास की जडों को मजबूत करके कभी स्वर्ग की अप्सरायें दिखाईं तो कभी जन्नत की हूरें। आम आवाम ने अपने धर्मगुरुओं से कभी यह नहीं पूछा कि उन अप्सराओं या हूरों को आपने देखा है, बस उनकी कही हुई बात पर यकीन करते चले गये और बन गये जेहादी, फिदायनी या फिर मजहब के ठेकेदार। कट्टरपंथियों ने सन 1985 में हिजबुल्लाह का गठन लेबनान में हुआ और इसने इजराइल को अपने निशाने पर लिया। सन 1988 में गठित हुए अलकायदा ने तो अमेरिका की नाक में दम कर रखा है। सन 1990 में लश्कर ए तैयबा का गठन पाकिस्तान में हुआ और उसने भारत सहित अनेक देशों में आतंक फैला शुरू कर दिया। सन 1994 में गठित तालिबान ने तो अफगानस्तान की सत्ता तक हथिया ली और अन्य आतंकवादी संगठनों के लिए आदर्श बन गया। सन 1999 में गठित इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस ने सीरिया और इराक में सक्रिय होकर एशिया से लेकर यूरोप तक अपनी गतिविधियां तेज कर दीं। सन 2000 में जैश ए मोहम्मद का गठन पाकिस्तान में हुआ और उसने पडोसी देशों को प्रताडित करना शुरू कर दिया। सन 2002 में बोको हरम का गठन नाइजीरिया में हुआ और उसने कट्टरता का नया अध्याय लिखना शुरू कर दिया। सन 2007 में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान का गठन हुआ और उसने अपनी हरकतों से आम आवाम को चोट पहुचाना शुरू कर दी। सन 2010 में इंडियन मुजाहिद्दीन का गठन पाकिस्तान और बंगलादेश के कट्टरपंथियों ने किया और खूनी होली खेलना शुरू कर दी। सीरिया में अल नुस्त्रा फ्रंट नामक संगठन गठित करके इस्लाम के झंडे तले दुनिया को लाने की कोशिशें की जाने लगीं। हिज्ब उल मुजाहिदीन, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेन्ट आफ इंडिया यानी सिमी, असारुल्लाह बांगला टीम यानी एबीटी, इस्लामिक स्टेट आफ इराक एण्ड लेवेन्ट यानी आईएसआईएल, कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी यानी पीकेके, तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी यानी टीआईपी, तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेन्ट यानी टीआईएम, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेन्ट यानी ईटीआईएम, इस्लामी आन्दोल यानी आईएमयू, इस्लामिक मूवमेन्ट आफ उज्बेकिस्तान यानी एएमयू, इस्लामिक मूवमेन्ट आफ पाकिस्तान यानी एएमपी, अल शबाब जैसे अनगिनत सक्षम आतंकी संगठनों के अलावा हजारों क्षेत्रीय संगठन भी खडे हो गये जो बडे संगठनों के इशारों पर छुटपुट आतंकी हरकतें करते रहते हैं। आतंकी संगठनों को अनेक मुस्लिम देश फितरा, जकात जैसे फंडों से सहायता ही नहीं करते बल्कि हथियारों की सप्लाई, प्रशिक्षण का प्रबंध तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण देने का काम भी करते हैं। ऐसे में इजराइल पर हमास का कत्लेआम करना दुनिया के लिए एक बानगी है जिस पर दुनिया के सभी देशों को एकजुट होकर आतंकवाद को जड से उखाड फैंकने के लिए कोशिशें करना चाहिए अन्यथा आने वाले समय में एक-एक करके हर देश में इजराइल जैसी घटनायें होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। शर्म की बात है कि इजराइल में निर्दोष लोगों, मासूम बच्चों और महिलाओं का बेरहमी से कत्लेआम करने वाले हमास से कुछ लोग बात कर-के समझौता करने की बात कर रहे हैं। आतंकियों के पक्षधरों को शायद यह नहीं मालूम कि इस्लाम के नाम पर खून की नदियां बहाने वालों के लिए मानवता, सहानुभूति और संवेदनाओं के मायने कब के कब्र में दफन हो चुके हैं। इतिहास गवाह है कि राष्ट्रीय कानूनों से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय कानून तक को हाशिये पर पहुचाकर केवल और केवल शरिया को लागू करने वालों ने दुनिया के अनेक देशों में निरीह नागरिकों की हत्यायें करके गांव के गांवों को आबादीविहीन बना दिया था। तब स्वयं का हित चाहने वाले चौधरी देशों ने तमाशबीन बनकर तालियां ही बजाईं थीं। इन

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.71 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.43 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# दूसरी तिमाही की अर्निंग से संकेत ले सकते हैं निवेशक

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि निवेशक दूसरी तिमाही की अर्निंग पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिसमें ऑटो, वित्त और तेल और गैस जैसे क्षेत्रों से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही की आय पर सकारात्मक उम्मीदों और मध्य पूर्व संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार में अच्छी शुरूआत हुई है।

हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा के अनुमान से अधिक होने और इसके चलते ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीआई डेटा में उल्लेखनीय गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीदें बनाए रखने में मदद की। उन्होंने कहा, आईटी सेक्टर के कमजोर राजस्व और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बाजार रुझान प्रभावित हुआ। दूसरी ओर, रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया, महत्वपूर्ण परियोजना लॉन्च और त्योहारी सीजन से उत्साहित होकर प्री-सेल में बढ़ोतरी हुई। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि अमेरिका में स्थिर खुदरा मुद्रास्फीति, अमेरिका में आगे दरों में बढ़ोतरी की संभावना अभी भी बरकरार है और चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ऐसे कारक हैं जो आने वाले समय में बाजार के सेंटीमेंट्स को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन एक मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था की वास्तविकता इक्विटी का समर्थन करती है, और इसलिए, किसी भी सुधारात्मक गिरावट में यह महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि निकट भविष्य में बाजार व्यापक आर्थिक आंकड़ों और जारी दूसरी तिमाही के नतीजों से संकेत लेना जारी रखेगा। एचडीएफसी बैंक सोमवार को नतीजे घोषित करेगा, उसके बाद सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज ऑटो, विप्रो और आईटीसी आएंगे। कुल मिलाकर, भारतीय बाजार ने कई वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद इस सप्ताह 0.5 प्रतिशत की बढ़त के बावजूद लचीलापन दिखाया है। हम उम्मीद करते हैं कि मजबूत आर्थिक आंकड़ों के साथ-साथ अपेक्षित स्वस्थ कॉर्पोरेट आय के कारण बाजार सकारात्मक दायरे में रहेगा।




■ निवेशक दूसरी तिमाही की अर्निंग पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिसमें ऑटो, वित्त और तेल और गैस जैसे क्षेत्रों से काफी उम्मीदें हैं:-विनोद नायर जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन ने बच्चों के लिए 50 लाख भोजन जुटाए

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में रनफॉरजीरोहंगर अभियान के तहत मैराथॉन की हर एक किलोमीटर की दौड़ में ज़रूरतमंद बच्चों को एक समय का भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता ने कुल मिलाकर 50 लाख भोजन इकट्ठा किए हैं। मैराथॉन के आज संपन्न दूसरे संस्करण में 35,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। लोगों की रिकॉर्ड भागीदारी रही। पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक धावकों ने हाफ मैराथन, ओपन 10हजार मीटर रन, ग्रेट दिल्ली रन, सीनियर सिटिज़न और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सहित पांच आयोजनों में भाग लिया। इससे जुटाये गये 50 लाख भोजन आने वाले हफ्तों में वेदांता के लगभग 6,000 नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा। नंद घर, आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र हैं। 'नंद घर' देश के 14 राज्यों में संचालित होने वाला वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की एक प्रमुख सामाजिक पहल है। रविवार के दिन आयोजित इस मैराथन दौड़ को वेदांता की निदेशक और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सुश्री हेब्बर ने कहा, आज हमने जो देखा, वह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट होकर, मनोरंजन के साथ फिटनेस, और उससे भी ज़रूरी, एक उद्देश्य के लिए, उनकी सहभागिता दर्शाता है। हमारे अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का सपना है कि भारत के हर बच्चे को पौष्टिक भोजन से युक्त आहार नियमित रूप से उपलब्ध हो और हर बच्चा भरपूर भोजन मिलने के बाद ही सोये। हम रनफॉरजीरोहंगर अभियान के माध्यम से हर भारतीय को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से यह दौड़ आयोजित की गई है। हम चाहते हैं कि इस देश की हर आंगनवाड़ी एक आधुनिक नंद घर बने। हाल ही में, वेदांता ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से मिलेट-आधारित न्यूट्री-बार लॉन्च किया। इसे नंद घरों सहित आंगनवाड़ियों में बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप में दिया जाता है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के धावकों को जीतने पर पदक प्रदान किया गया।

# इस त्योहारी सीजन में लें मेड इन यूपी वाइन का स्वाद

**लखनऊ,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बनी पहली वाइन चालू त्योहारी सीजन के दौरान परोसे जाने की संभावना है। आबकारी विभाग ने मुजफ्फरनगर स्थित एक उद्यमी को वाइनरी का व्यावसायिक संचालन शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है। इकाई के मालिक ने उत्पादों के ब्रांड नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और जल्द ही उन्हें विभाग के साथ पंजीकृत करने जा रहा है।

प्रमोटर मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर विंटनरी-कम-रिज़ॉर्ट के पर्यटन आयोजित करने की योजना बना रहा है। स्थानीय फलों से वाइन का उत्पादन करने वाले मनोज गुप्ता ने कहा कि 750 मिलीलीटर और 330 मिलीलीटर वाइन की बोतलें दिवाली से पहले खुदरा दुकानों में आ जाएंगी। शुरुआती चरण में, गुप्ता ने अमरूद आधारित वाइन लॉन्च करने की योजना बनाई है। बाद में वाइन बनाने के लिए पांच और फलों - आम, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, आड़ू और लीची - का अर्क तैयार किया जाएगा।

गुप्ता ने कहा, 'हम विभिन्न स्वादों की वाइन लॉन्च करने जा रहे हैं और देखेंगे कि कौन सी किस्म सबसे अधिक पसंद की जाती है और उसके अनुसार उत्पादन बढ़ाएंगे।' गुप्ता को एक वर्ष में 60 हजार लीटर वाइन का उत्पादन करने की अनुमति दी गई है। विंटनरी का संचालन महाराष्ट्र के नासिक के आधा दर्जन अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा, जहां कई दशकों से अंगूर आधारित वाइन का उत्पादन किया जाता रहा है।

उत्तर प्रदेश में बनी पहली वाइन चालू त्योहारी सीजन के दौरान परोसे जाने की संभावना

किसानों/बागवानों के लिए आय और अवसरों में सुधार के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार ने मार्च 2022 में विंटनरी नियमों को लागू करने के लिए आबकारी नीति में संशोधन किया, जिसके माध्यम से वाणिज्यिक शराब उत्पादन की अनुमति दी गई है। एक प्रमुख प्रोत्साहन की पेशकश करते हुए, राज्य ने स्थानीय रूप से प्राप्त फलों के माध्यम से उत्पादित शराब पर शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है।



आबकारी आयुक्त सेंथिल सी. पांडियन ने कहा कि स्थानीय जिला उत्पाद शुल्क अधिकारी क्वार्ट बोतलों में यंग वाइन के कम से कम दो सैंपल एकत्र करेंगे। बोतलों को बाजार में लॉन्च करने से पहले पीने की क्षमता और वास्तविक अल्कोहल शक्ति के लिए प्रयोगशाला में इसकी जांच कराएंगे। मुजफ्फरनगर जिला आबकारी अधिकारी आर.बी. सिंह ने कहा कि स्थानीय खुदरा विक्रेताओं और बार मालिकों को दुकानों के भीतर ग्राहकों के सामने यूपी निर्मित शराब प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा। गुप्ता ने कहा कि विंटनरी को 20 कमरों वाले रिसॉर्ट में स्थापित किया गया है, जिसे उत्पादन प्रक्रिया सीखने में रुचि दिखाने वाले आगंतुकों को आरामदायक ठहराव की सुविधा प्रदान करने के लिए सजाया गया है।

उत्पादन के लिए आवश्यक उपकरण, मशीनरी आदि की खरीद पर चार करोड़ रुपये की लागत आयेगी। विभिन्न फलों की किस्मों की 750 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 800 रुपए से 1,500 रुपए के बीच होगी। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, बरेली में स्थित एक अन्य वाइन इकाई के भी इस साल के भीतर अपने उत्पाद लॉन्च करने की उम्मीद है।

## एक नजर

### सऊदी अरामको पाकिस्तान में शेल की संपत्तियों के लिए बोली लगाने पर कर रही विचार

**कराची।** सऊदी अरामको कथित तौर पर पाकिस्तान में शेल पीएलसी की संपत्ति के लिए बोली लगाने की संभावना तलाश रही है। मामले से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए ब्लूमबर्ग ने बताया, 'यह संभावित डील दक्षिण एशियाई देश के ऊर्जा क्षेत्र में सऊदी अरब के पहले उद्यम को चिह्नित कर सकता है।' एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, कहा जा रहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको पाकिस्तान में शेल परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर रही है, जिसमें शेल पाकिस्तान लिमिटेड पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में सूचीबद्ध है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य 123 मिलियन डॉलर है। हालांकि, संभावित लेनदेन का सटीक मूल्य अज्ञात है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि विचाराधीन संपत्ति का मूल्य लगभग 200 मिलियन डॉलर हो सकता है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, यह घटनाक्रम इस साल जून में शेल पाकिस्तान लिमिटेड (एसपीएल) द्वारा की गई एक पूर्व घोषणा का अनुसरण करता है, जहां मूल कंपनी शेल पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (एसपीसीओ) ने एसपीएल में अपनी हिस्सेदारी बेचने की इच्छा व्यक्त की थी। शेल का निर्णय शेयरधारकों के लिए रिटर्न बढ़ाने और खराब प्रदर्शन करने वाले व्यवसायों से विनिवेश करने के लिए सीईओ वेल सावन के तहत अपनी व्यापक कॉर्पोरेट रणनीति के अनुरूप है। सऊदी अरामको इन परिसंपत्तियों पर नजर रखने वाली एकमात्र प्लेयर नहीं है। जुलाई में, पाकिस्तान रिफाइनरी लिमिटेड (पीआरएल) और एयर लिंक कम्युनिकेशन (एआईआरलिंक) ने संयुक्त रूप से शेल पाकिस्तान लिमिटेड में बहुमत हिस्सेदारी और नियंत्रण हासिल करने का इरादा व्यक्त किया है।

### भारत-पाक क्रिकेट मैच के दौरान स्विगी पर प्रति मिनट 250 बिरयानी का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शनिवार को कहा कि उसे वनडे वर्ल्ड कप ग्रुप मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के दौरान प्रति मिनट 250 से अधिक बिरयानी के ऑर्डर मिले। मैच शुरू होने के बाद से स्विगी को प्रति मिनट 250 बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। कंपनी ने कहा, 'चंडीगढ़ में एक परिवार ने एक बार में 70 बिरयानी का ऑर्डर दिया। ऐसा लगता है कि वे पहले से ही जश्न मना रहे थे।' इसके अलावा मैच के दौरान भारतीयों ने 1 लाख से ज्यादा कोल्ड ड्रिंक का ऑर्डर भी दिया। स्विगी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आज ब्लू लेज़ (चिप्स) और ग्रीन लेज़ की क्रमशः 10,916 और 8,504 पैकेट्स का ऑर्डर दिया गया। निःसंदेह ब्लू यहां भी जीत रहा है।' कंपनी ने आगे कहा, '3,509 कंडोम का ऑर्डर दिया गया, कुछ खिलाड़ी आज मैदान से बाहर खेल रहे हैं।' भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1,00,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 191 रन पर आउट कर दिया और फिर आसानी से सात विकेट से जीत हासिल की।


# तिमाही नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**सप्ताहिक समीक्षा**

**मुंबई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 287.11 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19751.05 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 227.96 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 32305.62 अंक और स्मॉलकैप 324.25 अंक मजबूत होकर 38184.83 अंक पर पहुंच गया।

बाजार सलाहकार कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, दूसरी तिमाही के परिणाम को लेकर सकारात्मक उम्मीदों और इजरायल-हमास संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार सुस्त शुरुआत से उबर गया। हालांकि, अमेरिकी में महंगाई की दर उम्मीद से अधिक रहने की वजह से ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। वहीं, स्थानीय स्तर पर सितंबर में खुदरा महंगाई में आई गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीद को बनाए रखने में मदद की। इस बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की आय में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण सीजन की कमजोर शुरुआत ने व्यापक बाजार रुझान को प्रभावित किया। वहीं, दूसरी ओर रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण परियोजनाओं की लॉन्चिंग और त्योहारी सीजन की शुरुआत से उत्साहित होकर प्री-सेल्स में बढ़ोतरी हुई।



श्री नायर ने कहा कि अगले सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों विशेषकर ऑटो, वित्त और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने वाले हैं। इस पर बाजार की नजर रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, नेल्को, बजाज फाइनेंस, विप्रो, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील और इक्रा जैसी दिग्गज कंपनियों के परिणाम आने वाले हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी का रुख रहा। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर लगभग हर क्षेत्र में हुयी बिकवाली के कारण सोमवार को सेंसेक्स 483.24 अंक टूटकर 65512.39 अंक और निफ्टी 141.15 अंक उतरकर 19512.35 अंक पर रहा। वहीं, अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 566.97 अंक की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और निफ्टी 177.50 अंक की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह अमेरिकी फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स और महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 393.69 अंक की छलांग लगाकर 66473.05 अंक और निफ्टी 119.60 अंक की तेजी लेकर 19809.45 अंक हो गया। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एसबीआई और एलटी समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरूवार को सेंसेक्स 64.66 अंक उतरकर 66408.39 अंक और निफ्टी 17.35 अंक फिसलकर 19794 अंक पर आ गया।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 06 अक्टूबर को को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर रहा गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 70.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 519.5 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.4 अरब डॉलर की कमी के साथ 42.3 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.9 अरब डॉलर रह गई।



# खाद्य तेल और दाल-दलहन सस्ता

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 3705 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट लेकर 54.48 सेंट प्रति पौंड रह गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 73 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए, सूरजमुखी तेल 220 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए, पाम ऑयल 67 रुपए और वनस्पति तेल 67 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20000 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11209 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10333 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# एयर इंडिया के वरिष्ठ पायलटों और प्रबंधन के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश का विमानन क्षेत्र लगतार नई ऊंचाइयां छू रहा है, महामारी के तूफान का दिलेरी से सामना करने वाले पायलटों के लिए एक आशाजनक परिदृश्य है। हालाँकि, सतह के नीचे, सब कुछ गुलाबी नहीं है - पायलटों और एयरलाइन प्रबंधन के बीच संबंध तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे हैं, खासकर एयर इंडिया के भीतर, जिसके स्वामित्व में लगभग दो साल पहले बदलाव हुआ था।

जब से टाटा संस ने एयर इंडिया का अधिग्रहण किया है, एयरलाइन के पायलटों और नए प्रबंधन के बीच संबंधों में खटास अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह कोई रहस्य नहीं है कि वरिष्ठ पायलटों को अपने पेशे की अनूठी प्रकृति को देखते हुए, अक्सर उन संगठनों के भीतर अपनेपन की भावना तलाशने के लिए संघर्ष करना पड़ता है जिनमें वे सेवा करते हैं। एयर इंडिया के वरिष्ठ पायलट अपनी शिकायतों के बारे में मुखर रहे हैं, अक्सर व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि पायलटों और चालक दल के सदस्यों की यह स्थिति इन महत्वपूर्ण कर्मचारियों को अलग-थलग करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपनाई गई रणनीति है। हालाँकि, एयरलाइन के अंदरूनी सूत्रों का आरोप है कि वरिष्ठ पायलटों को उनकी उच्च-रैंकिंग भूमिकाओं से हटा दिया गया, जिसमें संचालन प्रमुख जैसे पद भी शामिल थे, जिसके बाद प्रबंधन के साथ टकराव शुरू हो गया।




■ देश का विमानन क्षेत्र लगतार नई ऊंचाइयां छू रहा है, महामारी के तूफान का दिलेरी से सामना करने वाले पायलटों के लिए एक आशाजनक परिदृश्य है

टाटा प्रबंधन ने सेवा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन संगठन के भीतर गंभीर मुद्दों के समाधान की तत्काल आवश्यकता प्रतीत होती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि टाटा को नियंत्रण लेने के तुरंत बाद पुरानी प्रबंधन टीम को हटाकर एक नई टीम को नियुक्त करना चाहिए था। काम करने के अपने मौजूदा तरीकों के साथ बरकरार प्रबंधन को एक अस्थिर प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जो एयरलाइन के भीतर अंदरूनी कलह को बढ़ावा देता रहता है।

एयर इंडिया लंबे समय से विभिन्न गुटों के अस्तित्व से पीड़ित है, जो अक्सर एयरलाइन की भलाई की बजाय स्व-हित से प्रेरित होते हैं। पुराने प्रबंधन को बरकरार रखने से अनजाने में ये विभाजन कायम हो गए हैं, जिससे विभिन्न कर्मचारी समूहों और प्रबंधन के बीच प्रतिकूल संबंध बढ़ गए हैं। दशकों के अनुभव वाले कई अंदरूनी सूत्रों का तर्क है कि निजीकरण के बाद से आंतरिक तानाबाना खराब हो गया है। उत्पाद, वित्तीय प्रदर्शन या कार्य वातावरण में सुधार के मामले में कुछ खास दिखाने लायक नहीं है। पूर्व पायलट शक्ति लुंबा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एयर इंडिया में बस इतना हुआ है कि एक प्रवासी सीईओ और एक प्रवासी सुरक्षा निदेशक मिला है, जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। टाटा ने आईएएस बाबू की जगह टीएएस बाबू को रख लिया है।

# बड़े मंच पर पाकिस्तान फिर फेल, भारत सबसे बड़ी जीत के साथ शीर्ष पर



## वर्ल्डकप में ऐसा सिर्फ दूसरी बार...

जसप्रीत बुमराह ने पाक के खिलाफ 7 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत-पाकिस्तान वनडे वर्ल्डकप मैच में यह दूसरा मौका था जब कोई गेंदबाज प्लेयर ऑफ द मैच बना। इससे पहले 1999 में वेंकटेश प्रसाद प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। मैनचेस्टर में वेंकटेश प्रसाद ने 9.3 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

अच्छा लग रहा है। आपको जल्द से जल्द विकेट को परख लेना होता है। हम जानते थे कि विकेट धीमा है तो हार्ड लेंथ करनी थी। हम बल्लेबाजों के लिए मुश्किल खड़ी करना चाहते थे। जब मैं युवा था तो मेरे दिमाग में कई सवाल रहते थे, जिससे मुझे अब मदद मिल रही है। मुझे विकेट को पढ़ना अच्छा लगता है और कई विकल्पों को चुनना पसंद है। (रिजवान विकेट) मैंने देखा कि जडेजा की गेंद टर्न हो रही थी, तो मैंने अपनी धीमी गति की गेंद को स्पिनर की धीमी गति की गेंद की तरह से किया। मुझे लगा कि इस पर रन बनाना मुश्किल होगा और यह काम कर गई। मैंने कई बार वकार युनूस और वसीम अकरम को ऐसी जादुई गेंद करते देखा है और ऐसा करके बहुत अच्छा लग रहा है।

☐ **जसप्रीत बुमराह**, प्लेयर ऑफ द मैच

### वर्ल्डकप में भारत की ओर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

| | |
|---|---|
| 44 | जवागल श्रीनाथ |
| 44 | जहीर खान |
| 31 | अनिल कुंबले |
| 31 | मोहम्मद शमी |
| 28 | कपिल देव |
| 26 | जसप्रीत बुमराह |
| 24 | मनोज प्रभाकर |

## वनडे क्रिकेट में 300 छक्के जड़ने वाले दुनिया के तीसरे क्रिकेटर बने रोहित

रोहित शर्मा वनडे अंतरराष्ट्रीय में 300 छक्के पूरे करने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित के अलावा इस लिस्ट में क्रिस गेल और और शाहीद अफरीदी का नाम शुमार है। गेल ने इस फॉर्मेट में 351 छक्के और अफरीदी ने 331 छक्के जड़े थे।

### सबसे कम पारियों में 300 छक्के

**246** पारी - रोहित शर्मा*
**282** पारी - क्रिस गेल
**324** पारी - शाहिद अफरीदी

## वर्ल्डकप में सफल रन चेज करते हुए रोहित सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

रोहित वनडे वर्ल्डकप में सफल रन चेज करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग के नाम पर दर्ज था जिन्होंने 519 रन बनाए थे, लेकिन हिटमैन अब 586 रन के साथ पहले स्थान पर आ गए हैं।

### वनडे में सफल रन चेज करते हुए सर्वाधिक रन

| | |
|---|---|
| 5588 रन | विराट कोहली |
| 5490 रन | सचिन तेंदुलकर |
| 4200 रन | रोहित शर्मा |
| 4186 रन | रिकी पोंटिंग |
| 3950 रन | जैक कैलिस |

**अहमदाबाद,(एजेंसी)।** रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से भारत ने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को खेल के हर विभाग में बौना साबित करते हुए 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंद कर आईसीसी एक दिवसीय विश्वकप की अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान की टीम को 42.5 ओवर में 191 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 63 गेंद पर 86 रन की अर्धशतक पारी खेली। रोहित के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर नाबाद 53 रन और केएल राहुल नाबाद 19 रन ने भारत को जीत दिलाई। विराट कोहली और शुभमन गिल ने 16-16 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम (50 रन) और मोहम्मद रिजवान (49) ने 155 रन तक पहुंचाया। बाबर के आउट होने के बाद पाकिस्तान ने आखिरी सात खिलाड़ी मात्र 36 रन पर गंवाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक पगबाधा सिराज | 20 | 24 | 3/0 |
| इमाम-उल-हक कै. केएल बो. हार्दिक | 36 | 38 | 6/0 |
| बाबर आजम बो. सिराज | 50 | 58 | 7/0 |
| मोहम्मद रिजवान बो. बुमराह | 49 | 69 | 7/0 |
| सऊद शकील पगबाधा कुलदीप | 06 | 10 | 0/0 |
| इफ्तिखार अहमद बो. कुलदीप | 04 | 04 | 1/0 |
| शादाब खान बो. बुमराह | 02 | 05 | 0/0 |
| मोहम्मद नवाज कै. बुमराह बो. हार्दिक | 04 | 14 | 0/0 |
| हसन अली कै. गिल बो. जडेजा | 12 | 19 | 2/0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 02 | 10 | 0/0 |
| हारिस रउफ पगबाधा जडेजा | 02 | 06 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 04, **कुल:** 42.5 ओवर में 191 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-41, 2-73, 3-155, 4-162, 5-166, 6-168, 7-171, 8-187, 9-187, 10-191 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 7-1-19-2, मोहम्मद सिराज 8-0-50-2, हार्दिक पंड्या 6-0-34-2, कुलदीप यादव 10-0-35-2, रवींद्र जडेजा 9.5-0-38-2, शार्दुल ठाकुर 2-0-12-0.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै. इफ्तिखार बो. शाहीन | 86 | 63 | 6/6 |
| शुभमन गिल कै. शादाब बो. शाहीन | 16 | 11 | 4/0 |
| विराट कोहली कै. नवाज बो. हसन | 16 | 18 | 3/0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 53 | 62 | 3/2 |
| केएल राहुल नाबाद | 19 | 29 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 02, **कुल:** 1-23, 2-79, 3-156, **विकेट पतन:** 1-23, 2-79, 3-156 **गेंदबाजी:** शाहीन शाह अफरीदी 6-0-36-2, हसन अली 6-0-34-1, मोहम्मद नवाज 8.3-0-47-0, हारिस रउफ 6-0-43-0, शादाब खान 4-0-31-0.

## मैंने खुद को गाली दी...
### पाक के खिलाफ मंत्र पढ़ने पर हार्दिक पंड्या बोले...



इस मुकाबले में स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 34 रन देकर 2 विकेट लिए। उनका एक वाकया काफी वायरल हुआ, जिसमें वो बॉल को हाथ में लेकर कुछ मंत्र जैसा पढ़ते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वो फूक मारते हैं और अगली ही बॉल पर विकेट हासिल कर लेते हैं। पंड्या का जब यह वीडियो वायरल हुआ, तो फैन्स को मन में यह जानने की उत्सुकता हुई कि आखिर पंड्या ने यह क्या किया था? अब इस ऑलराउंडर ने खुद ही खुलासा कर दिया है। मैच के बाद पूर्व दिग्गज गौतम गंभीर और इरफान पठान से बात करते हुए पंड्या ने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने खुद को गाली दी थी। दरअसल, पाकिस्तान की पारी का 13वां ओवर तेज गेंदबाज हार्दिक पंड्या ने ही किया था। इसकी तीसरी बॉल डालने से पहले हार्दिक अपने दोनों हाथ में बॉल लेकर कुछ बोलते नजर आए। कुछ बोलने के बाद पंड्या ने फूंक मारी और तीसरी बॉल डाल दी। स्ट्राइक पर इमाम उल हक थे, जो उस बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट हो गए। मैच के बाद खुलासा करते हुए हार्दिक ने उस वाकये पर कहा, वो मैंने बड़ी सरल तरीके से अपने से बात की थी।

## एक नजर

### पटेल ने भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच में शानदार जीत के लिए भारतीय टीम को दी बधाई

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच में शनिवार को शानदार जीत के लिए भारतीय टीम को दी बधाई है।

श्री पटेल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच-2023 में भारतीय टीम की शानदार जीत के लिए मैं सभी खिलाड़ियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं और शानदार आयोजन के लिए पूरी बीसीसीआई टीम को बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने लिखा कि अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच-2023 देखा। इसमें देखा कि देशवासियों का भारत के प्रति प्रेम और देशभक्ति अटूट है जो क्रिकेट मैच के माहौल में झलकता है।

### महाराजा रणजीत सिंह क्लब, स्टार क्लब (पटियाला)/एवर ग्रीन क्लब, शहीद भगत सिंह क्लब बने चैंपियन

**जालंधर।** स्टार क्लब (पटियाला), शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर) और महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) की टीमें दूसरे फाइव-ए- में महिला मास्टर्स हॉकी टूनामेंट में अपने-अपने आयु वर्ग में चैंपियन बन गयी हैं।

स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बल्टर्न पार्क में खेले गये टूनामेंट में 35 प्लस आयु वर्ग के फाइनल में महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) ने बलदीप कौर की शानदार हैट्रिक की बदौलत माता साहिब कौर क्लब (लुधियाना) को 8-7 के अंतर से हराया तथा 40 प्लस आयु वर्ग में शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर) ने शेरे पंजाब क्लब (मुक्तसर) को 8-11 से हराया जबकि 45 प्लस आयु वर्ग में स्टार क्लब (पटियाला) ने एवरग्रीन क्लब (मोहाली) को 5-8 से पराजित करके विजयी रहे।

इससे पहले टूनामेंट का उद्घाटन द्रोणाचार्य अवार्ड से पुरस्कृत और मुख्य हॉकी कोच, पंजाब ओलंपियन राजिंदर सिंह ने किया जबकि ओलंपियन सुरिंदर सिंह सोढ़ी, आईपीएस (सेवानिवृत्त) ने पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर इकबाल सिंह संधू, सुरिंदर सिंह भापा, कुलविंदर कौर रोजी, कोच परदीप कौर, प्रोफेसर बलविंदर सिंह, सुरजीत कौर, रेनू बाला, कुलदीप सिंह, अरविंदर कौर रोजी मौजूद थे।

### हांगझाउ में भारतीय पैराबैडमिंटन टीम जीतेगी 15 से अधिक पदक : गौरव खन्ना

**लखनऊ।** भारत की पैराबैडमिंटन टीम के कोच गौरव खन्ना ने दावा किया कि चीन के हांगझाउ में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में उनके खिलाड़ी 15 से अधिक पदक जीतेंगे जिसमें कम से कम 5 स्वर्ण पदक तो होने ही चाहिए।

टीम के हांगझाउ के लिये रवाना होने से पहले एक्सीलिया स्कूल में शनिवार को आयोजित विदाई कार्यक्रम में खन्ना ने उम्मीद जताई कि हांगझाउ के एशियाई पैरा खेलों में भारतीय पैराबैडमिंटन खिलाड़ियों को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। टोक्यो पैरालंपिक खेलों के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार ने कहा कि हांगझाउ की चुनौती भी कुछ विशेष ही होगी। फर्क बस इतना है कि जब आप ओलंपिक में पदक के लिए जोर लगा रहे होते हैं तो वहां पूरे विश्व से खिलाड़ी जोर आजमाइश कर रहे होते हैं और एशियाई पैरा खेलों में एशिया के खिलाड़ी।

## सिंधु आर्कटिक ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में हारी



**वांटा।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु शनिवार को आर्कटिक ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल मुकाबले में चीन की वांग झी यी से हारकर बाहर हो गईं। इस हार के साथ टूनामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

फिनलैंड के वांटा एनर्जिया एरिना में आज 63 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को इस टूनामेंट में पांचवी वरीयता प्राप्त वांग झी यी ने 21-12, 11-21, 21-7 से हराया।

पूर्व विश्व चैंपियन ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 में नोजोमी ओकुहारा और राउंड ऑफ 16 में वेन ची सू को मात दी थी। जबकि क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने वियतनाम की थ्यू लिन्ह गुयेन को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई थी।

बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 13वें नंबर पर काबिज पीवी सिंधु के लिए पहले गेम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। वह शुरू से ही अंक हासिल करने के लिए संघर्ष करती हुई नजर आईं। वहीं, रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद वांग झी यी ने शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत रखी और भारतीय शटलर को कड़ी टक्कर दी। चीनी शटलर ने बढ़त को बरकरार रखते हुए 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया।

खिताब की रेस में खुद को शामिल रखने के लिए पीवी सिंधु ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की और अपने दमदार स्मैश के जरिए 10-4 की बढ़त हासिल की। इसके बाद सिंधु ने अपनी बढ़त बनाए रखी और वांग झी यी को मौका नहीं दिया। इस गेम को सिंधु ने 21-11 से जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी जीत हासिल करने के इरादे से कोर्ट पर उतरे। तीसरे गेम में सिंधु ने शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन चीनी शटलर ने स्मैश के साथ स्कोर को 4-4 से बराबर कर दिया। वांग झी यी ने भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए 15-7 से लंबी बढ़त बना ली।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में जिंक कर्मचारियों द्वारा बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा



**उदयपुर।** वेदांता समूह की कंपनी और जस्ता, सीसा और चांदी की देश की सबसे बडी और एकमात्र एकीकृत उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक के कर्मचारियों ने 15 अक्टूबर, को होने वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिये 10 लाख से अधिक बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प के तहत शनिवार को प्रीरन का आयोजन किया।

कंपनी के सूत्रों के अनुसार इस प्री-रन में 7 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर 13 लाख किमी दौड़कर 13 लाख से अधिक बच्चों को भोजन का योगदान दिया। समुदाय को पुनः लौटाने के कंपनी के सिद्धांत के अनुरूप, इस मैराथन में हिंदुस्तान जिंक ने नंदघर परियोजना के बाल कुपोषण को खत्म करने के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए अपनी महती भूमिका निभायी।

इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि जंक परिवार ने जीरो हंगर के पुनीत अभियान में सहभागिता कर वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन से पूर्व आयोजित प्री-रन में 13 लाख लोगो को भोजन उपलब्ध कराने में योगदान दिया है। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आगे आना और अपना योगदान देना अनिवार्य है। यह अनूठा अभियान वेदांता और चेयरमैन अनिल अग्रवाल के सिद्धांतो के अनूरूप है और समुदायों की एक साथ आने की भावना का प्रतीक है।

गौरतलब है कि नंद घर वेदांता की प्रमुख आंगनवाड़ी परियोजना है जिसका उद्देश्य बाल कुपोषण को मिटाना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और कौशल विकास के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना है। नंद घर पहल की सहायता के लिए 3145 खुशी आंगनवाड़ियों में से 314 केंद्रों को शिक्षा केंद्र बनाया गया है। इस सीएसआर पहल ने देश भर में 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन को लाभान्वित किया है।

## अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी के बाद बेहतरीन गेंदबाजी कर इंग्लैंड को हराया



**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान ने रविवार को पहले बल्लेबाजी और फिर बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए आईसीसी विश्वकप के 13वें मुकाबले में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को 69 रनों से हराकर इस चैम्पियनशिप पहला बड़ा उलटफेर कर दिया है।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आज 285 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और दूसरे ही ओवर में जॉनी बेयरस्टो दो रन को फजलहक फारूकी ने पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद सातवें ओवर में जो रूट 11 रन को मुजीब ने बोल्ड कर चलता कर दिया। अफगानिस्तान ने शुरूआती 10 ओवर में दो विकेट लेने के बाद इंग्लैंड पर दबाव बनाना जारी रखा। अफगानिस्तानी गेंदबाज नबी ने इब्राहिम जदरान के हाथों कैच कराकर डेविड मलान को 32, जोस बटलर नौ रन, लियम लिविंगस्टन 10 रन और सैम कुरेन भी 10 रन बनाकर आउट हो गए। हैरी ब्रूक 66 रन ने इंग्लैंड को गेम में बनाये रखने के लिए संभलकर बल्लेबाजी की। हालांकि 35वें ओवर में आठवें विकेट के रूप में मुजीब की गेंद पर उन्हें अलीखिल ने लपक कर उनकी पारी का अंत कर दिया। क्रिस वोक्स नौ रन को मुजीब ने बोल्ड आउट किया। आदिल रशीद 20 रन को राशिद की गेंद पर नबी ने कैच आउट किया। 41 ओवर की तीसरी गेंद पर राशिद ने मार्क वुड 18 को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी का अंत कर दिया। रिस टॉप्ले 15 रन बनाकर नाबाद रहे।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने 37 रन देकर तीन विकेट और मुजीब उर रहमान 51 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वहीं मोहम्मद नबी छह ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिये। फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को एक-एक विकेट मिला।

इंग्लैंड की टीम एकदिवसीय वर्ल्ड कप इतिहास में 5वीं बार उलटफेर का शिकार हुई। इससे पहले 1992 में टीम को जिम्बाब्वे ने नौ रन से हराया। 2011 में आयरलैंड ने तीन और बंगलादेश ने दो विकेट से हराया था। वहीं 2015 में भी टीम को बंगलादेश ने ही 15 रन से हराकर उलटफेर किया था।

इससे पहले इंग्लैंड ने आज यहां टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज 57 गेंदों में 80 रन और इब्राहिम 28 रनों की पहले विकेट के लिए बेहतरीन 114 रनों की बड़ी साझेदारी की। उसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद बावजूद अफगानिस्तान ने 49.5 ओवर में 284 रन बनाकर इंग्लैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया है। गुरबाज एक छोर आक्रामक तो दूसरी ओर इब्राहिम ने संभलकर बल्लेबाजी की। इस जोड़ी ने शुरूआती 10 ओवर में 79 रन बनाए। अफगानिस्तान को पहला झटका 17वें ओवर में 114 रन के स्कोर पर उस समय लगा धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी कर रहे इब्राहिम 48 गेंदों में 28 रन बनाकर राशी की गेंद पर जो रूट को कैच थमा बैठे।

गुरबाज ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपने एकदिवसीय करियर का तीसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 57 गेंदों में 80 रन बनाए।

उन्हें बटल की गेंद पर डी जे विली ने रन आउट किया।

इस पारी के दौरान गुरबाज ने एशिया में एकदिवसीय मैचों में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इसके बाद अफगानिस्तान मध्यक्रम लड़खड़ा गया। 19वें ओवर में रहमत शाह तीन रन को रशीद ने बटलर के हाथों कैच आउट करा दिया। चौथे विकेट के रूप में हशमतउल्लाह शहीदी 14 रन जो रूट का शिकर बने। अजमतउल्लाह ओमरजाई 19 रन को लिविंगस्टन को वोक्स ने कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इकराम अलीखिल 58 रन ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला। उन्हें टॉप्ले की गेंद पर कुरेन ने कैच आउट किया।

मुश्किल समय में इकराम और राशिद खान ने 43 रन की उम्दा साझेदारी करते हुए टीम को अच्छे स्कोर की ओर अग्रसर कर दिया। राशिद 22 गेंदों में 23 रन बनाये। निचले क्रम में मुजीब उर रहमान ने 16 गेंदों में 28 रन का अहम योगदान दिया। उन्हें वुड की गेंद पर जो रूट ने आउट किया। अफगानिस्तान की पूरी टीम 49.5 ओवर में 284 रन बनाकर आउट हो गयी। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद 42 देकर तीन विकेट लिये। इसके अलावा मार्क वुड ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।



# आजमा कर देखें सेहत के लिए असरदार दवा है म्यूजिक थेरेपी

कल्पना कीजिए... सुबह-सुबह का समय... पक्षियों की चहचहाहट और हवा की मधुर सरसराहट के बीच आप भी बगीचे में ध्यान लगा रहे हैं, अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं... निश्चित ही यह एक सुखद अहसास है। यकीनन यह संगीत की ताकत है। वैसे भी कहा गया है कि संगीत मधुरता के साथ भावनाएं व्यक्त करने का ऐसा माध्यम है, जो सीधा आत्मा को छूता है। संगीत को हमेशा से मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। संगीत इंसान को खुश, दुखी या तनावपूर्ण बना सकता है। इसीलिए कोई आश्चर्य नहीं कि प्राचीन समय से संगीत को एक मरहम के रूप में प्रयुक्त किया गया है। यहां तक कि मेडिसिन के जनक कहे जाने वाले हिप्पोक्रेट्स भी विभिन्न बीमारियों में म्यूजिक थेरेपी का इस्तेमाल करते थे। समय के साथ विज्ञान और तकनीक का विकास हुआ और आज इंसान के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि म्यूजिक एक असरदार दवा के रूप में काम कर सकता है। जानिए म्यूजिक थेरेपी के बारे में –

## मैजिक ऑफ म्यूजिक

म्यूजिक वास्तव में विभिन्न वाइब्रेशन्स की सीरीज है, जो साउंड क्रिएट करते हैं। चूंकि शरीर इन वाइब्रेशन्स को ग्रहण करता है, इसलिए इससे कई शारीरिक बदलाव भी होते हैं। म्यूजिक के प्रकार पर निर्भर करते हुए ये बदलाव अच्छे या बुरे हो सकते हैं। जहां शांत संगीत तनाव घटाता है और बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है, वहीं ज्यादा शोर वाला संगीत लोगों को गुस्सैल बनाता है और आत्महत्या वाले विचार पैदा करता है। हालांकि संगीत के शरीर पर होने वाले असर का अब तक अध्ययन जारी है।

## बच्चों में अलर्ट रहने की आदत बढ़ी

संगीत के असर को समझने के लिए बेथ इजराइल मेडिकल सेंटर के लुईस आर्मस्ट्रॉन्ग सेंटर ऑफ म्यूजिक एंड मेडिसिन में एक रिसर्च की गई। इसमें 32 हफ्तों वाले 272 प्री-मैच्योर नवजात शिशुओं को शामिल किया गया। वैज्ञानिकों ने पाया कि इन नवजात शिशुओं को जब किसी भी रूप में संगीत (गाना या इंस्ट्रूमेंटल) सुनाया गया तो उनकी हार्ट रेट धीमी पड़ गई। इसमें भी गाने के बोल वाला संगीत ज्यादा असरदार रहा। इससे बच्चों के शांत, लेकिन अलर्ट रहने की आदत भी बढ़ी। इसी स्टडी के लेखक जोनन लोवी के मुताबिक, म्यूजिक थेरेपी से माता-पिता का तनाव भी कम हुआ है।

## मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर के मैनेजमेंट में भी सहायक है संगीत

मनोवैज्ञानिक डेनियल जे. लेविटिन कहते हैं, कि आजकल शारीरिक बीमारियों के इलाज के लिए गाने, ध्वनि और लय का बेहतर उपयोग किया जाने लगा है। यह न केवल नवजात शिशुओं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर के मैनेजमेंट में भी सहायक है। डेनियल के अनुसार कि हमें इस बात के पुख्ता प्रमाण मिल चुके हैं कि ऑपरेशन थिएटर से लेकर फैमिली क्लीनिक तक में म्यूजिक हेल्थ-केयर की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने अपनी एक किताब में विस्तार से बताया है कि किसी तरह संगीत सेहत को प्रभावित करता है।

## क्या है म्यूजिक थेरेपी?


जब कोई मान्यता प्राप्त म्यूजिक थेरेपिस्ट अपने विभिन्न प्रकार के म्यूजिक की मदद से इंसान को उसकी परेशानी या बीमारी से उबरने में सहायता करता है तो इसे म्यूजिक थेरेपी कहते हैं। म्यूजिक थेरेपिस्ट इस बात का गहरा जानकार होता है कि किस तरह संगीत लोगों में भावनात्मक प्रतिक्रियाएं पैदा कर उन्हें आराम और सुकून पहुंचा सकता है। म्यूजिक थेरेपिस्ट, इंसान की बीमारी के हिसाब से उस म्यूजिकल स्टाइल का पता लगाता है, जो मरीज को ध्यान की अवस्था में पहुंचा सके और उसके लिए फिजिकल रिहेब सेशन के रूप में काम कर सके। म्यूजिक थेरेपिस्ट पता लगा लेते हैं कि मरीज को किस तरह का म्यूजिक पसंद है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की मैग्जीन हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में एक म्यूजिक थेरेपिस्ट हॉली चार्ट्रेंड का जिक्र है। ये हार्वर्ड से संबद्ध मैसेचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में म्यूजिक थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने सबसे पहले एक सिंगर को तैयार किया। वह एक महिला थी, जिसके मन में म्यूजिक की मदद से दूसरों की मदद करने का विचार आया और उसने म्यूजिक थेरेपिस्ट बनने का ठान लिया। वह कहती हैं कि मेरे काम का सबसे अच्छा पक्ष यह देखना है कि जो शख्स अच्छा महसूस नहीं कर रहा है, संगीत उसकी जिंदगी में कितना बड़ा असर डाल सकता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ होस्पाइस एंड पालिएटिव मेडिसिन मैग्जीन में लिखा है कि म्यूजिक थेरेपी से तनाव घटता है, मरीज रिलेक्स महसूस करता है, उसे दर्द से मुक्ति मिलती है, इमोशनल सपोर्ट मिलता है और अच्छा महसूस होता है। इस अध्ययन में 57 मरीजों और 53 परिजन को म्यूजिक थेरेपी दी गई थी। मरीजों ने बताया कि उन्हें तनाव और दर्द से मुक्ति मिली है। इस तरह म्यूजिक जिदंगी की गुणवत्ता तो बढ़ाता ही है, बीमारी और अन्य विकार से उबरने में भी सहायक है।

## संगीत सुनने से एंटीबॉडी इम्युनोग्लोबुलिन ए का बनना हो जाता है तेज



अनुसंधानकर्ताओं ने पाया है कि संगीत सुनने से शरीर में एंटीबॉडी इम्युनोग्लोबुलिन ए (आईजीए) का बनना तेज हो जाता है। साथ ही मारक क्षमता रखने वाली सेल्स (कोशिका) बढ़ जाती है। इन सेल्स का काम विभिन्न वायरस के हमलों से रक्षा करना और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। इसके साथ ही म्यूजिक तनाव तो कम करता ही है। यही कारण है कि म्यूजिक का संबंध रिलेक्सेशन से है।

# बच्चों के विकास में हो रही देरी को समझें और ले जाएं उन्हें सफलता के रास्ते पर



हर बच्चे को स्नेह, प्रोत्साहन और सहारे की जरूरत होती है। खासतौर से जिन बच्चों के विकास में थोड़ी देरी हो रही है, उनके लिए यह और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि इस तरह के सकारात्मक सहयोग के जरिए ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि ऐसे बच्चे भी बड़े होकर आत्मविश्वास से भरपूर होंगे, उनके भीतर खुद की क्षमताओं को समझने की ताकत होगी और विषम परिस्थितियों के बाद भी उनके अंदर आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प होगा। बालपन की शुरुआत में ही बच्चे के बोलने, चलने, खुद का ख्याल रखने, खेलने जैसी कुछ क्रियात्मक बातों पर ध्यान देकर पैरेंट्स यह नोटिस कर सकते हैं कि बच्चे का विकास मानकों के अनुरूप हो रहा है कि नहीं। इसके अलावा इंटेलेक्चुअल डिसेबलिटी भी एक ऐसी स्थिति है, जिसकी शुरुआत बालपन में होती है और जिसमें बच्चे के सीखने ओर समझने की सीमित क्षमताओं को पहचाना जा सकता है। ज्यादा गंभीर स्थिति वाले मामलों की पहचान बच्चे के जन्म के पहले साल के अंदर ही हो जाती है। कम गंभीर मामलों में बच्चे के संज्ञानात्मक विकास पर पड़ रहे असर का पहला लक्षण स्कूल की शुरुआत में हो रही दिक्कतों के जरिए पहचाना जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर बच्चे को पढ़ने में या गणित के सवालों को हल करने में दिक्कत हो रही है, तो इस बात को नोटिस किया जा सकता है। कुछ पैरेंट्स यह भी नोटिस कर सकते हैं कि उनके एक बच्चे का डिवेलपमेंट दूसरे बच्चे के मुकाबले धीमे हो रहा है। एक तरह से देखा जाए, तो पहले बच्चे के व्यवहार को देखकर यह पता चलता है कि उसका विकास सही तरीके से नहीं हो रहा है और फिर अंततः वह स्थिति आती है, जिसमें डॉक्टर की मदद लेनी पड़ती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बाद में बच्चे के विकास में और किस किस तरह की अड़चनें आ सकती है। पैरेंट्स होने के नाते आपको सबसे पहला काम यह पता लगाने का है कि आपका बच्चा किस तरीके से सबसे जल्दी और बेहतर ढंग से सीखता है।

## विजुअल लर्नर

इसके जरिए यह पता लगाया जा सकता है कि क्या बच्चा चीजों को देखकर, पढ़कर या डाइग्राम, मैप्स, ड्रॉइंग आदि के जरिए पिक्चराइज करके चीजों को सीखता है और तब ज्यादा अच्छा काम करता है, जब मटीरियल उसके सामने रखा जाए और जिसे वह देखकर महसूस कर सके, न कि सुनकर।

**ऑडिटरी लर्नर**: इसमें बच्चा सुनकर ज्यादा बेहतर काम करता है, लेक्चर बेस्ड माहौल में जल्दी सीखता है। क्लासरूम डिस्कशन, मौखिक निर्देश और स्टडी ग्रुप्स के जरिए उसे फायदा मिलता है।

**काइनेस्थेटिक लर्नर:** इसमें बच्चा मूव करके ओर खुद से काम करके सीखता है, खुद अपने हाथों से की जाने वाली एक्टिविटीज, लैब क्लासेज, प्रॉप, स्किट्स और फील्ड ट्रिप्स से उसे लाभ मिलता है।

## बच्चों को आगे बढ़ने में मदद

ऐसे में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने और सही समय पर बच्चे को स्कूल में दाखिल करवाने की जरुरत होती है, ताकि बच्चे के इंटेलेक्चुअल लेवल में सुधार हो और वह अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ सके। जिन बच्चों को जल्द सीखने में किसी तरह की दिक्कत आती है, ऐसे बच्चों को मजबूती से उभारने और उनके अंदर लचीलापन लाने के लिए उनकी मदद के रास्ते तलाशना जरूरी है। लर्निंग डिसेबलिटी से जुड़ी समस्याएं केवल अच्छे बर्ताव से हल नहीं होगी, लेकिन इससे आपके बच्चे के अंदर एक नई उम्मीद जगेगी और उसका भरोसा बड़ेगा, जिससे उसे आगे बड़ने में मदद मिलेगी और भविष्य में वह भी सफलता के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। संज्ञानात्मक विकलांगता यानी कॉग्नेटिव डिसेबलिटी की वजह आमतौर पर प्रसव के पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के बाद के कारकों पर निर्भर करती है। प्रसव पूर्व के कारणों में जेनेटिक विषमता, इन्फैक्शंस, सेंट्रल नर्वस सिस्टम में गढ़बड़ी, डाउन सिंड्रोम और ऐसे तत्वों के संपर्क में आना, जो बच्चे के जन्म पर प्रभाव डालते हैं, शामिल है। बच्चे के अंदर इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी पैदा होने के ये सबसे प्रमुख जेनेटिक कारण हैं। प्रसवकालीन कारणों में जानलेवा कुपोषण, प्रीमैच्योरिटी और ब्रेन में ऑक्सिजन की सप्लाई में कमी जैसी वजहें प्रमुख हैं,

## कॉग्नेटिव डिसेबलिटी को दूर करने के लिए थैरेपीज



प्रसव बाद के कारणों में कई तरह के इन्फैक्शंस, घुटन, एक्सिडेंटल और नॉन एक्सिडेंटल ट्रॉमा, ब्रेन डैमेज, सीएनएस ट्यूमर आदि प्रमुख हैं। इन कारकों की वजह से बच्चे के अंदर पैदा हुई कॉग्नेटिव डिसेबलिटी को दूर करने में कई तरह की थैरेपीज और सर्विसेज मददगार साबित हो सकती हैं। इनमें नर्सिंग सर्विसेज, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, फिजिकल थैरेपी, एडाप्टिव उपकरण, स्पीच और लैंग्वेज थैरेपी, न्यूट्रिशनल काउंसिलिंग, ऑडियोलॉजी सर्विसेज, साइकोलॉजिकल हस्तक्षेप, रीक्रिएशन थैरेपी और सोशल वर्क सर्विसेज जैसी थैरेपीज और सर्विसेज शामिल है। इनके अलावा स्पेशल एजुकेशन टीचर्स भी बच्चे को एजुकेशनल सर्विसेज मुहैया करा सकते हैं। कई बार सतर्कता में कमी, सीखने में दिक्कत, बोलने में दित या व्यापक विकासशील विकारों को इंटेलेक्चुअल डिसेबलिटी समझ लिया जाता है, जबकि केवल 5 पर्सेंट आबादी में ही संज्ञानात्मक कमी देखी जाती है और इनमें से ज्यादातर लोग माइल्ड रेंज डेफिसिट कैटिगरी यानी ऐसी कैटिगरी में आते हैं, जिनमें डिसेबिलिटी बेहद गंभीर नहीं होती।

**डॉ. नूपुर गुप्ता,** कंसलेंट ऑब्स्टट्रिशन एंड गाइनोकोलोजिस्ट

## रेसिपी



### अंजीर का हलवा

**सामग्री**

- सूखे अंजीर- 100 ग्राम
- घी- 2 चम्मच
- मिल्क पाउडर- 1 चम्मच
- चीनी- 2 चम्मच
- इलायची पाउडर- 1/4 चम्मच
- दूध- 1 कप

**गार्निशिंग के लिए**

सूखे मेवे की कतरन और चांदी का वर्क

**विधि**

सबसे पहले अंजीर को दूध में भिगो दें फिर मिक्सी में पीस लें। अब नॉनस्टिक पैन को गर्म करके उसमें घी गर्म करें। अंजीर वाले मिश्रण को पैन में डालकर अच्छी तरह से भून लें। मिश्रण में अब मिल्क पाउडर और चीनी मिलाएं। जब चीनी घुल जाए तो इलायची पाउडर मिलाकर गैस बंद कर दें। तैयार हलवे को सर्विंग बाउल में निकालकर उसके ऊपर बादाम की कतरन डालेंऔर ऊपर से चांदी का वर्क लगाकर अंजीर का हलवा सर्व करें ।



### सूजी बर्फी

**सामग्री**

- तिल – 150 ग्राम
- सूजी – 180 ग्राम
- चीनी – 225 ग्राम
- घी – 125 ग्राम
- पिस्ता – 1 टेबल स्पून
- बादाम – 1 टेबल स्पून
- घी – 2 टेबल स्पून
- इलायची पाउडर – 1 छोटी चम्मच

**विधि**

तिल सूजी की बर्फी बनाने के लिए सबसे पहले तिल भून लीजिए। इसके लिए पैन गरम कीजिए। इसमें तिल डालकर लगातार चलाते हुए तब तक तिल को भूनिए जब उसका रंग हल्का सा बदलने लगे और वह हल्का सा फूलने लगे। भुने तिल को प्लेट में निकाल लीजिए। अब कड़ाही में घी डालकर इसमें सूजी डाल दीजिए और सूजी को लगातार चलाते हुए धीमी से मध्यम आंच पर हल्की ब्राउन होने और अच्छी महक आने तक भून लीजिए। सूजी भुन जाने पर इसे भी प्लेट में निकाल लीजिए। पिस्तों को पतला-पतला काट लीजिए और बादाम को भी बारीक काटकर तैयार कर लीजिए।

**चाशनी बनाएं** : पैन में चीनी और कप पानी डालकर चीनी के पानी में घुलने के बाद 1 से 2 मिनिट तक पकाएं। जब चाशनी में से तार निकलने लगे तो समझ लीजिए चाशनी बनकर के तैयार है। इलायची पाउडर और बारीक कटे हुए बादाम डालकर अच्छे से मिक्स कीजिए। एक थाली को थोड़े से घी से चिकना कीजिए। मिश्रण को थाली में डालकर फैलाइए और बारीक कटे हुए पिस्तों से इसे सजा दीजिए। बर्फी को ठंडा होने के लिए रख दीजिए। मिश्रण के जम जाने पर इसे चाकू की सहायता से अपने मनपसंद आकार के टुकड़ों में काट सर्व करें




## गणपत – एक्शन और वीएफएक्स में दे रही हॉलीवुड को टक्कर

टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन पिछले काफी समय से बहुचर्चित फिल्म 'गणपत' को लेकर चर्चा में हैं। इसका टीजर वीडियो हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसमें दोनों स्टार्स की पहली झलक देखने के लिए मिली थी और एक्ट्रेस कृति सेनन को भी एक्शन अवतार में देखा गया था। इसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर लोग काफी एक्साइटेड हो गए थे लेकिन, फिल्म की रिलीज में अभी टाइम है। इससे पहले इसका ट्रेलर वीडियो रिलीज किया गया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इसमें रोमांस और एक्शन का जबरदस्त डोज देखने के लिए मिल रहा है। टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'गणपत' का ट्रेलर एक्शन पैक्ड है। इसमें टेक्नोलॉजी का काफी इस्तेमाल किया गया है। ट्रेलर में आपको मशीन गन से लेकर काफी नई चीजें देखने के लिए मिल सकती है। इसका वीडियो देखने के बाद आप भी कहेंगे कि ये हॉलीवुड और साउथ फिल्मों से कम नहीं है। इसके ग्राफिक्स लेकर एक्शन तक देखकर लग रहा है कि इसका निर्माण काफी बड़े पैमाने पर किया गया है और मेकर्स ने पैसा भी पानी की तरह ही बहाया है। जहां, टाइगर अपने ट्रांसफॉर्मेशन और एक्शन से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं वहीं, इसमें एक्ट्रेस कृति को भी एक्शन अवतार में दिखाया गया है। उनका ऐसा अवतार पहली बार देखने के लिए मिल रहा है, जिसमें वो खूब जंच रही हैं। टाइगर और कृति की केमिस्ट्री भी खूब जम रही है। मानो दोनों एक बार फिर से अपनी केमिस्ट्री से फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार हों। इसके साथ ही ट्रेलर में अमिताभ बच्चन की धांसू एंट्री भी फैंस का दिल जीत रही है। 9 साल बाद फिर दिखेगी वही केमिस्ट्री मालूम हो कि टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की जोड़ी पर्दे पर 9 साल बाद वापसी कर रही है। फिल्म 'गणपत' के जरिए दोनों को फिर से स्क्रीन पर रोमांस करते हुए देखा जाएगा। इससे पहले दोनों को पहली बार 'हीरोपंती' में देखा गया था। ये दोनों ही स्टार्स की डेब्यू फिल्म थी और फिल्म को 2014 में रिलीज किया गया था। इसमें इनकी केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई थी।



# आलिया ने साझा किया शाहरुख और भंसाली के साथ काम करने का अनुभव

आलिया भट्ट ने हाल ही में शाहरुख खान और संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। आलिया भट्ट ने एक बातचीत के दौरान कहा कि अपनी हर फिल्म से उन्हें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। लेकिन, इंडस्ट्री की दो बड़ी शख्सियतों– शाहरुख खान और भंसाली से उन्हें सबसे ज्यादा सीखने को मिला है। बता दें कि आलिया ने फिल्म डियर जिंदगी में शाहरुख के साथ काम किया है। वहीं, भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में भी आलिया अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी हैं।

### भंसाली के साथ काम कर आया बदलाव

आलिया भट्ट ने कहा कि फिल्म डियर जिंदगी की शूटिंग के दौरान उन्होंने शाहरुख खान से बहुत कुछ सीखा। एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म डियर जिंदगी के जरिए मुझे शाहरुख खान से बहुत सी सीख मिलीं। जिस तरह से व्यवहार करती हूं और जैसी मैं हूं, उस पर उन्होंने बहुत असर डाला। उनका व्यवहार, सम्मान और हर सीन के प्रति उनका डेडिकेशन मैंने हर मामले में काफी कुछ सीखा। वहीं संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए आलिया ने कहा कि गंगूबाई काठियावाड़ी में काम करते हुए उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि उन्होंने फिर से स्कूल जाना शुरू किया है। अभिनेत्री ने कहा, एक बार जब आप भंसाली के सेट से बाहर निकलते हैं तो फिर आप पहले जैसे इंसान नहीं रह जाते हैं। भंसाली के बारे में बात करते हुए आलिया ने कहा, मैंने उनसे कल्पना करना सीखा। मैंने यह जानने की आजादी सीखी कि कैमरे के सामने सबकुछ संभव है और कुछ भी स्थाई नहीं है।

### करण जौहर की तारीफ में कही ये बात

आलिया भट्ट ने शाहरुख और भंसाली के लिए कहा कि वे दोनों अलग–अलग हैं, लेकिन दोनों का उनकी जिंदगी पर गहरा असर है। इस दौरान आलिया ने करण जौहर के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। आलिया भट्ट से जब पूछा गया कि उन्होंने करण जौहर से क्या सीखा? इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि उनसे व्यवहारकुशलता, दूसरों के प्रति सम्मान रखना और शिष्टाचार ये सब चीजें सीखीं।

### इस फिल्म में आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया आखिरी बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आईं। इसके अलावा उन्होंने हार्ट ऑफ स्टोन के जरिए हॉलीवुड में भी डेब्यू किया। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।



## महाभारत में कुंती पुत्र 'कर्ण' के रोल में दिखाई देंगे शाहिद

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहिद कपूर की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। अभिनेता की आखिरी रिलीज फिल्मों की बात करें तो 'फर्जी' और 'ब्लडी डैडी' ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। शाहिद को इन फिल्मों में उनके किरदार को लेकर खूब सराहना मिली। इन दिनों उनके पास एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ बिना टाइटल की फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहिद कपूर ने वाशु भगनानी और जैकी भगनानी के साथ हाथ मिलाया है। उनकी आने वाली फिल्म एक पौराणिक महाकाव्य पर आधारित है। बताया जा रहा है कि शाहिद कपूर ने महाभारत पर आधारित एक फिल्म साइन की है। इसे लेकर संभावना जताई जा रही है कि वह 'महाभारत' के बेहद अहम पात्र कुंती पुत्र कर्ण की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इस फिल्म की घोषणा वाशु भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट ने वर्ष 2021 में की थी। कथित तौर पर, फिल्ममेकर्स इस फिल्म को एक अलग तरह से दर्शाने की योजना बना रहे हैं, जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा हो। खबर के अनुसार, शाहिद 2024 में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके अलावा निर्माताओं की योजना इस फिल्म को पांच भाषाओं में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज करने की है।



## नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में हुई सनी देओल की एंट्री

नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हर दिन इसको लेकर कोई न कोई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा केजीएफ स्टार यश रावण के किरदार में दिखने वाले हैं। अब इस फिल्म की कास्ट को लेकर एक नया अपडेट आया है। बताया जा रहा है कि सनी देओल फिल्म में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल को रामायण के निर्माताओं ने भगवान हनुमान की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। एक सूत्र ने न्यूज पोर्टल को बताया कि नितेश तिवारी और उनकी टीम के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सनी देओल से बातचीत कर रहे हैं। अभिनेता ने कथित तौर पर नितेश तिवारी की रामायण प्रस्तुति का हिस्सा बनने में रुचि दिखाई है और वह भगवान हनुमान की भूमिका निभाने के लिए भी उत्साहित हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस पर निर्माताओं ने अब तक चुप्पी साध रखी है और कलाकारों का विवरण भी गुप्त रखा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर और सई की यह फिल्म फरवरी 2024 के आसपास फ्लोर पर जाएगी। यश के जुलाई 2024 से शूटिंग में शामिल होने की उम्मीद है। फिल्म को 2025 में इसे बड़े पर्दे पर रिलीज करने की योजना है।



## फुकरे-3 की सफलता के बाद कृति खरबंदा के साथ स्वर्ण मंदिर पहुँचे पुलकित सम्राट

**फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट तले बनी निर्देशक मृगदीप लांबा की कॉमेडी फिल्म सीरीज फुकरे के 3रे भाग ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत से दोगुनी कमाई करने में सफलता प्राप्त कर ली है।**

इस फिल्म ने 9 अक्टूबर तक भारत में अपने प्रदर्शन के 12 दिनों में 78 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर इस फिल्म ने 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। फिल्म की इस कामयाबी के बाद पुलकित सम्राट ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और वाहे गुरु का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी गर्लफ्रेंड कृति खरबंदा भी उनके साथ थी। पुलकित व्हाइट कलर का कुर्ता पायजामा तथा कृति लाइट ब्लू कलर के सलवार सूट में दिखीं। पुलकित ने एक मैसेज के साथ अमृतसर की फोटो शेयर की हैं। बता दें कि मृगदीप सिंह लांबा की कॉमेडी फिल्म में पुलकित के अलावा पंकज त्रिपाठी, ऋचा चड्ढा, वरुण शर्मा और मनजोत सिंह भी हैं। यह ऋचा और पुलकित की कहानी पर केंद्रित है, जिनका दिल्ली के सबअर्बन इलाके में चुनाव में आमना–सामना होता है। 28 सितंबर को रिलीज हुई 'फुकरे 3' ने सोमवार (9 अक्टूबर) को भारत में लगभग 1.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसका 12 दिनों का कुल कलेक्शन 77.96 करोड़ रुपए हो गया है।

## सेलेब्स के रिलेशनशिप को नरगिस फाखरी ने बताया दिखावा, को-एक्टर्स की फ्लर्टिंग पर तोड़ी चुप्पी



मैं तेरा हीरो और रॉकस्टार जैसी फिल्मों में जलवा बिखेर चुकीं अभिनेत्री नरगिस फाखरी भले ही बॉलीवुड से अब कुछ दूर रहती हैं लेकिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। नरगिस फाखरी के फोटोज–वीडियोज को फैन्स पसंद करते हैं। इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान नरगिस फाखरी से इंडियन सेलेब्स के रिलेशनशिप पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने हैरान करने वाला जवाब दिया। नरगिस फाखरी का कहना है कि इंडस्ट्री में कोई भी सच नहीं बताता है।

### रिलेशनशिप एडवाइस पर बोलीं नरगिस

नरगिस से एक भारतीय सेलिब्रिटी से रिलेशनशिप पर सलाह लेने के बारे में पूछा गया। सवाल सुनकर नरगिस कहती हैं, मुझे कोई ऐसा नाम बताओ जिसका रिलेशनशिप अच्छा हो। मुझे बताओ जिसका बेस्ट लविंग रिलेशनशिप हो.. शादी हो? मैं किसी की भी सलाह नहीं लूंगी, सच कह रही हूं। यहां सब कुछ बहुत अलग है, कोई आपको सच नहीं बताता है, जब तक आपका कोई ऐसा दोस्त न हो जो सच्चा हो। हर कोई यहां सच छिपाता है, क्योंकि वो परफेक्ट दिखना चाहते हैं। मैं खुद का दिमाग इस्तेमाल करना बेहतर समझूंगी, या फिर शायद थेरेपिस्ट लेकिन किसी इंडियन सेलेब से रिलेशनश सलाह नहीं लूंगी।

### को–एक्टर्स के फ्लर्टिंग पर भी किया रिएक्ट...

फिल्म सेट पर को–एक्टर्स के फ्लर्टिंग पर भी नरगिस ने अपनी बात रखी और कहा, हर कोई हर किसी से फ्लर्ट कर रहा है... अगर कोई ऐसा नहीं भी कर रहा है तो भी वो ऐसा कर रहा है, क्योंकि मुझे लगता है कि लोग होते ही हैं फ्लर्टी..। तो हो सकता है कि कोई आपसे फ्लर्ट नहीं कर रहा है, लेकिन फिर भी कर रहा है। कोई मतलब है इस बात का? हो सकता है कि वो आप पर हिट नहीं कर रहे हैं, लेकिन आपको लग रहा है कि कर रह हैं। कुछ लोगों को गलतफहमी हो जाती है, जैसे लोगों को लगता था कि मैं उनके साथ फ्लर्ट कर रही हूं, लेकिन मैं तो सिर्फ बतौर दोस्त मस्ती–मजाक कर रही थी। तो आपको पता ही नहीं है कि कौन आपके साथ फ्लर्ट कर रहा है।

### नरगिस फाखरी का सिनेमाई करियर

बात नरगिस फाखरी के सिनेमाई करियर की करें तो उन्होंने साल 2011 में फिल्म रॉकस्टार से डेब्यू किया था। फिल्म में रणबीर कपूर संग उनकी जोड़ी बनी थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसके बाद वो मद्रास कैफे, फटा पोस्टर निकला हीरो, मैं तेरा हीरो, किक और हाउसफुल 3 आदि में नजर आईं। नरगिस आखिरी बार फिल्म शिव शास्त्री बलबोआ में नजर आई थीं, जिस में अनुपम खेर और नीना गुप्ता प्रमुख किरदारों में थे।

## शहनाज को याद आए पुराने दिन, बोलीं- इनको मेरी वाल्यू ही नहीं पता



पंजाब की क्यूट और चुलबुली कुड़ी शहनाज गिल आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बिग बॉस 13 के दौरान उनके चुलबुलेपन और नेचर को लोगों ने खूब पसंद किया। उस समय किसी ने सोचा नहीं था कि पंजाब की ये एक्ट्रेस आने वाले दिनों सोशल मीडिया पर राज करेगी। आए दिन शहनाज के नाम पर कोई ना कोई ट्रेंड होता रहता है। इस साल की शुरुआत में, शहनाज़ ने सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब बैक–टू बैक उनकी कई फिल्में आ रही हैं। इन फिल्मों में से एक भूमि पेडनेकर स्टारर थैंक्यू फार कमिंग जो 6 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। धीरे–धीरे वह सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही हैं और बॉलीवुड में अपने लिए जगह बना रही हैं। थैंक यू फॉर कमिंग की रिलीज से पहले शहनाज ने अपने को–स्टार भूमि पेडनेकर, डॉली सिंह और शिबानी बेदी के साथ फिल्म का प्रमोशन किया। इसके साथ ही उन्होंने कई इंटरव्यूज भी दिए जो खूब वायरल हुए। उन्हीं में से एक इंटरव्यू में शहनाज ने उन दिनों को याद किया जब वह पार्टीज में खुद को अलग फील करती थी। एक्ट्रेस ने कहा–मैं कई बार पार्टियों में भी जाती हूं ना, मुझे बड़ा कॉर्नर सा फील होता है। मुझे ऐसा लगता है शायद मुझे इनके लेवल पर आना पड़ेगा जल्दी इनके बीच में बैठने के लिए। यह ठीक है भाई। तू देख ये खुद बुलाएंगे तुझे इधर आओ, यहां बैठो। मुझे बड़ा कभी–कभी लेफ्ट आउट फील करती हूं। अपनी बात जारी रखते हुए एक्ट्रेस ने कहा–पार्टी में बुलाने वाले व्यक्ति का अच्छा होस्ट होना बहुत जरूरी है, नहीं तो फायदा ही क्या। मैं तैयार हूं, अस जगह पर आई और इसका कोई मूल्य नहीं है? इसलिए, मुझे लगता था कि मुझे उनके लेवल पर आना होगा।' इस दौरान उन्होंने अपने बारे में कहा–तेरा लेवल कम नहीं है। बता दें कि शहनाज की फिल्म थैक्यू फॉर कमिंग रिलीज हो चुकी है। इसमें शहनाज के अलावा भूमि पेडनेकर, कुशा कपिला,करण कुंद्रा, शिबानी बेदी, डॉली सिंह, अनिल कपूर जैसे स्टार्स देखने को मिल रहे हैं।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।